YouTube kanwhizztimes
@kanwhizztimes lucknow
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

❒ वर्ष-15 ❒ अंक-86 ❒ रविवार, 26 अप्रैल 2026 ❒ नगर संस्करण ❒ लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित ❒ मूल्य- ₹ 3.00 ❒ पृष्ठ-12



पिछले 15 वर्षों में राज्य में महिलाओं के खिलाफ सबसे अधिक अत्याचार हुए हैं। आरजी कर और संदेशखाली जैसी घटनाओं पर भाजपा सरकार बनने पर महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित की जाएगी।

अमित शाह

केजरीवाल इतिहास के सबसे शौकीन व्यक्ति : प्रवेश सिंह 11

दिल्ली-एनसीआर में सोमवार से गर्मी से राहत की उम्मीद 12

## 10 जिलों में 1270 करोड़ की रियल एस्टेट परियोजनाएं रेरा से मंजूर

**विकास**

❒ 3102 आवासीय एवं व्यावसायिक इकाइयां विकसित होंगी

❒ निवेश में गौतमबुद्ध नगर, परियोजनाओं की संख्या में लखनऊ सबसे आगे



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश विनियामक प्राधिकरण (यूपी रेरा) ने राज्य के 10 जिलों में 1,270.48 करोड़ के निवेश वाली 15 नई रियल एस्टेट परियोजनाओं को मंजूरी दे दी है। रेरा की 201वीं बैठक में लिए गए इस फैसले से प्रदेश में 3,102 आवासीय और व्यावसायिक इकाइयों के निर्माण का रास्ता साफ हो गया है। स्वीकृत परियोजनाओं में आवासीय, व्यावसायिक तथा मिश्रित उपयोग की परियोजनाएं शामिल हैं। निवेश के मामले में गौतमबुद्ध नगर सबसे आगे रहा, जहां 507.77 करोड़ की 02 आवासीय व एक कॉमर्शियल परियोजना को स्वीकृति मिली है। इसके तहत कुल 380 आवासीय व 169 कमर्शियल इकाइयों का निर्माण होगा। इससे गौतम बुद्ध नगर राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में प्रमुख रियल एस्टेट गंतव्य के रूप में और मजबूत होगा।

लखनऊ में सबसे अधिक परियोजनाओं को स्वीकृति मिली। राज्य की राजधानी में 90.77 करोड लागत की कुल चार परियोजनाएं मंजूर की गईं। इन परियोजनाओं के तहत 330 आवासीय व 348 कमर्शियल इकाइयों का विकास होगा। मुरादाबाद में 335.77 करोड़ लागत की एक व्यावसायिक परियोजना को मंजूरी दी गई है, जिसके अंतर्गत 627 आवासीय इकाइयों का निर्माण होगा। बदायूं में 72 करोड़ लागत की एक आवासीय परियोजना को स्वीकृति दी गई, जिसके तहत 226 आवासीय इकाइयां विकसित की जाएंगी। इसी प्रकार वाराणसी में 36.68 करोड़ लागत की एक आवासीय परियोजना मंजूर की गई है, जिसमें 98 आवासीय इकाइयों का विकास होगा। मेरठ में 20.25 करोड़ लागत की एक आवासीय परियोजना को स्वीकृति मिली है, जिसके अंतर्गत 76 आवासीय इकाइयां विकसित की जाएंगी। प्रयागराज में 31.19 करोड़ लागत की एक आवासीय परियोजना को मंजूरी दी गई है, जिसके तहत 99 आवासीय आवासीय इकाइयों का निर्माण होगा। मुज़फ्फरनगर में 12.37 करोड़ लागत की एक आवासीय परियोजना को मंजूरी दी गई है, जिसके तहत 127 आवासीय इकाइयों का निर्माण होगा। गाजियाबाद में 122.18 करोड़ लागत की एक व्यावसायिक परियोजना को मंजूरी दी गई है, जिसके तहत 330 व्यावसायिक इकाइयों का निर्माण होगा। इसके अतिरिक्त गोरखपुर में 41.50 करोड़ लागत की एक व्यावसायिक परियोजना को मंजूरी दी गई है, जिसमें 292 व्यावसायिक इकाइयां विकसित की जाएंगी। यूपी रेरा के अध्यक्ष संजय भूसरेड्डी ने कहा कि प्राधिकरण रियल एस्टेट क्षेत्र में पारदर्शी और सुव्यवस्थित विकास को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है।

# टीएमसी के गुंडों को अब जान बचाने की फिक्र: योगी

### पश्चिम बंगाल में फिर गरजे सीएम योगी आदित्यनाथ,नदिया/पूर्व बर्धमान/उत्तर 24 परगना में की जनसभा

एजेंसी



नदिया/पूर्व बर्धमान/उत्तर 24 परगना। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पश्चिम बंगाल के दौरे में तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) पर जोरदार हमला बोला। उन्होंने दो-टूक कहा कि ममता दीदी ने इसीलिए सीएए का विरोध किया था, क्योंकि उन्हें चिंता है कि हिंदू ज्यादा हो गए तो सड़कों पर इफ्तारी कैसे होगी? बंगाल में अराजकता के लिए टीएमसी को जिम्मेदार ठहराते हुए सीएम ने कहा कि यह पार्टी लोकतंत्र में विश्वास नहीं करती। पहले चरण के मतदान में इन लोगों ने भाजपा नेताओं व प्रत्याशियों पर हमला किया, सबने इनकी गुंडागर्दी देखी। लेकिन, 4 मई को जब परिणाम आएगा तो टीएमसी के गुंडों को छिपने की जगह नहीं मिलेगी। बंगाल अब अराजकता स्वीकार नहीं करेगा। कांग्रेस, कम्युनिस्टों व टीएमसी ने बंगाल के माथे पर लूटपाट का जो कलंक लगाया है, अब उससे मुक्त होने का समय है। बंगाल के लोगों ने डबल इंजन सरकार लाने का फैसला किया है, जो डबल स्पीड से काम करेगी।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार को पश्चिम बंगाल के नदिया/पूर्व बर्धमान/उत्तर 24 परगना में जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने नबद्वीप की आध्यात्मिक धरा और चैतन्य महाप्रभु को प्रणाम किया। यहां भीषण गर्मी में भी सीएम योगी के प्रति बंगालवासियों का लगाव स्पष्ट दिखाई दिया। जनसभा में हजारों की भीड़ लगातार 'योगी-योगी' का नारा लगाती रही। सीएम ने इस स्नेह के लिए मतदाताओं का आभार भी जताया।

पूर्व बर्धमान में भाजपा प्रत्याशी कृष्ण घोष के समर्थन में जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि कटवा की पावन धरा, जहां चैतन्य महाप्रभु के प्रमुख शिष्य एवं वैष्णव परंपरा के महत्वपूर्ण ग्रंथकार सनातन गोस्वामी ने संन्यास ग्रहण किया था, को मैं कोटि-कोटि नमन करता हूं। कटवा को खेपा काली मंदिर, इच्छाई घोष मंदिर, गोपेश्वर शिव मंदिर, नया कैलाश मंदिर जैसे 108 से अधिक देव मंदिरों के लिए जाना जाता है। यह भारत की आध्यात्मिक विरासत, गौरव, त्याग, बलिदान, साहस और स्वाभिमान की माटी है। यह भारत के अध्यात्म, देशभक्ति, कला व साहित्य की धरा है। भारत की आध्यात्मिक, सांस्कृतिक और साहित्यिक विरासत को दिशा देने में इस भूमि ने महत्वपूर्ण नेतृत्व किया। यह वही बंगाल है, जिसने भारत को पहचान दी, जिसे कभी देश की 'सांस्कृतिक राजधानी' के रूप में जाना जाता था। आज वही बंगाल पहचान के लिए मोहताज है। यहां उद्योग-धंधे बंद हो रहे हैं, किसानों को उपज का उचित दाम, नौजवानों को रोजगार और सरकारी कर्मचारियों को पूरा वेतन नहीं मिल पा रहा। कानून-व्यवस्था की स्थिति चिंताजनक और गुंडागर्दी चरम पर है।

केंद्रीय मंत्री शांतनु ठाकुर की मौजूदगी में बागदा विधानसभा क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार सोमा ठाकुर के समर्थन में जनसभा को संबोधित को संबोधित किया। सीएम ने आरोप लगाया कि बांग्लादेश में हिंदुओं के कत्लेआम पर टीएमसी के होंठ सिल जाते हैं। हिंदुओं के पक्ष में सहानुभूति का एक शब्द नहीं निकलता है। पहले चरण में रिकॉर्ड मतदान कर नौजवानों, माताओं ने साबित किया है कि बंगाल के अंधकार को समाप्त करना है और टीएमसी मुक्त बंगाल का निर्माण करना है। 23 अप्रैल को पहले चरण के मतदान के रुझान बताते हैं कि जब 4 मई को ईवीएम खुलेगी तो बंगाल की सभी विधानसभा सीटों पर भगवा लहराएगा और यहां भाजपा की डबल इंजन सरकार आएगी। भाजपा सरकार आने की आहट से बौखलाए टीएमसी के गुंडे ठिकाना ढूंढ़ रहे हैं कि उन्हें कहां जाकर पंचर बनाना है, लेकिन चिंता न कीजिए, 4 मई के बाद इन गुंडों को छिपने का ठिकाना नहीं मिलने वाला है। हमलावर जहां जाएंगे, हम उन्हें वहां से खोज निकालेंगे। सीएम योगी ने पहले चरण में 152 सीटों पर रिकॉर्ड मतदान के लिए मतदाताओं का अभिनंदन किया। उन्होंने कहा कि हर मतदाता के मन में भाव था कि बंगाल को टेरर, माफियाराज व करप्शन से मुक्ति दिलाकर फिर से भारत की पहचान का प्रतीक बनाना है और भाजपा की डबल इंजन सरकार लाना है। उस समय (23 अप्रैल, मतदान दिवस) के नजारे बता रहे थे कि जब 4 मई को परिणाम आएंगे तो नबद्वीप का केसरिया झंडा बंगाल में हर ओर लहराता दिखाई देगा। सीएम योगी ने कहा कि 500 वर्ष पहले चैतन्य महाप्रभु ने हरे कृष्णा, हरे रामा... की मधुर धुन के माध्यम से दुनिया को आकर्षित कर भारत के सनातन ध्वज को वैश्विक पटल पर स्थापित करने का जो कार्य किया था, आज वही कार्य इस्कॉन के संन्यासी कर रहे हैं। वे भगवान श्रीकृष्ण की लीलास्थली वृंदावन पर यह गान करते हुए भक्ति प्रवाह को प्रचारित करते हैं। उनका भक्ति का संदेश हिंदू समाज को जाति-पाति से उठकर ईश्वर के प्रति सर्वस्व समर्पण करने की प्रेरणा देने के साथ ही राष्ट्रवाद को नई ऊंचाई प्रदान करने वाला भी है। सीएम योगी ने कहा कि बंगाल ने भारत को सब कुछ दिया, फिर भी उसके साथ खूब छल हुआ। उन्होंने बंगाल की धरा पर जन्मे संतों, स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों, समाज सुधारकों, वैज्ञानिकों व अन्य विभूतियों का नाम लेकर उनके प्रति श्रद्धा निवेदित की। कहा कि एक समय नबद्वीप और बंगाल ने भारत को पहचान दी, लेकिन आज उस बंगाल के सामने स्वयं पहचान का ● शेष पेज 11 पर

**योगी बोले**

❒ ममता दीदी की चिंता, हिंदू अधिक हुए तो सड़कों पर कैसे होगी इफ्तारी

❒ 4 मई को टीएमसी के गुंडों को नहीं मिलेगी छिपने की जगह

❒ मुख्यमंत्री ने तृणमूल नेताओं को दी चुनौती, बंगाल में मां काली व मां दुर्गा की पूजा करने से कोई रोक नहीं सकता

❒ बंगाल को पहले कांग्रेस, फिर कम्युनिस्टों और पिछले 15 वर्षों से तृणमूल कांग्रेस ने लूटा

❒ यूपी में जितने माफिया कांग्रेस, सपा ने पाले थे, उनकी हड्डी पसली कुचलने का काम बुलडोजर ने किया

❒ अब बंगाल को टीएमसी, कांग्रेस व कम्युनिस्टों के सिंडिकेट से भी मिलेगी मुक्ति

**संक्षेप**

### चुनाव आयोग ने बंगाल के छह पुलिस अधिकारियों को निलंबित करने के दिये निर्देश

**नयी दिल्ली।** चुनाव आयोग ने पश्चिम बंगाल के मुख्य चुनाव अधिकारी की रिपोर्ट पर राज्य पुलिस के छह अधिकारियों को निलंबित कर उनके खिलाफ अनुशासनात्मक करवाई करने के निर्देश दिए हैं। आयोग ने इन अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई रिपोर्ट भी तालाब की है। आयोग के सचिव ने इस संबंध में बंगाल के मुख्य सचिव को दो पत्र भेजे हैं। 23 अप्रैल को लिखे गए एक पत्र में हिंगलगंज थाने के थाना प्रभारी संदीप सरकार को निलंबित कर उनके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्यवाही के निर्देश दिए गए। उन पर भेदभाव और स्थानीय तत्वों से साठगांठ करने तथा सबको बराबरी का अवसर देने में विफल रहने का आरोप है। आयोग ने श्री सरकार की जगह थाने में दूसरा प्रभारी नियुक्त किए जाने को भी कहा है। आयोग ने इसी तरह डायमंड हार्बर जिला क्षेत्र के पांच अधिकारियों के खिलाफ भी चुनाव के दौर में ड्यूटी के नियमों का उल्लंघन करने के आरोप में निलंबन और अनुशासनात्मक कार्यवाही के निर्देश जारी किए हैं। इन अधिकारियों में डायमंड हार्बर के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संदीप गराई, उप पुलिस अधीक्षक सजल मंडल, डायमंड हार्बर थाने के प्रभारी मौसम चक्रवर्ती, फाल्टा थाने के प्रभारी अजय बाग और उस्ती पुलिस थाने की प्रभारी शुभेच्छा बाग शामिल हैं।

### नीति आयोग का पुनर्गठन, मोदी ने नई टीम को दी शुभकामनाएं

**नयी दिल्ली।** सरकार ने नीति आयोग का पुनर्गठन किया है और पूर्व आर्थिक सलाहकार डॉ अशोक कुमार लाहिड़ी को सरकार के इस शीर्ष परामर्श संस्थान का उपाध्यक्ष बनाया है। भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) अधिकारी राजीव गौबा तथा प्रो. के.वी. राजू, प्रो. गोबर्धन दास, प्रो. अभय करंदीकर और डॉ. एम. श्रीनिवास को आयोग पूर्णकालिक सदस्य बनाया गया है। डॉ. लाहिड़ी नीति आयोग के उपाध्यक्ष पद पर प्रसिद्ध अर्थशास्त्री डॉक्टर सुमन बेरी का स्थान ले रहे हैं जो दो मई 2021 से इस पद पर थे। वह पश्चिम बंगाल विधानसभा में बालूरघाट निर्वाचन क्षेत्र के प्रतिनिधि हैं। उन्होंने इस बार का विधानसभा चुनाव नहीं लड़ा है। वह 15वें वित्त आयोग के सदस्य रहे हैं। प्रधानमंत्री पदेन इस निकाय के अध्यक्ष होते हैं।

## छोटे मकान व दुकानों पर देना होगा आधा विकास शुल्क

### गाजियाबाद में अधिक और अयोध्या में सबसे कम विकास शुल्क

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। राज्य सरकार ने शहरों में छोटे मकान और छोटी दुकान बनाने वालों को बड़ी राहत दी है। नक्शा पास कराते समय इन्हें अब आधा विकास शुल्क देना होगा। शहरों के लिए तय विकास शुल्क का मात्र 50 फीसदी ही इनसे लिया जाएगा। इसके साथ ही अलग-अलग शहरों के लिए नए सिरे से विकास शुल्क तय किए गए हैं। गाजियाबाद का सबसे अधिक और अयोध्या का सबसे कम विकास शुल्क रखा गया है। प्रमुख सचिव आवास पी गुरुप्रसाद ने कैबिनेट फैसले के आधार पर उत्तर प्रदेश नगर योजना और विकास (विकास शुल्क का निर्धारण, उद्ग्रहण एवं संग्रहण) (तृतीय संशोधन) नियमावली-2026 जारी कर दी है।

विकास प्राधिकरण और आवास विकास परिषद द्वारा नक्शा पास करते समय नई दरों के हिसाब से विकास शुल्क की वसूली की जाएगी। यह भी स्पष्ट कर दिया गया है कि राज्य सरकार द्वारा जहां भी विकास शुल्क में पूर्ण या आंशिक छूट दी गई है, वहां इसकी वसूली नहीं की जाएगी।

विकास शुल्क शहरों और स्थानों के हिसाब से तय किए गए हैं। मकान, प्रतिष्ठान व अपार्टमेंट के आधार पर इसकी वसूली की जाएगी। बड़े शहरों में अधिक और छोटे शहरों में विकास शुल्क कम देना होगा। उदाहरण के लिए गाजियाबाद में सबसे अधिक और अयोध्या में सबसे कम विकास शुल्क रखा गया है। गाजियाबाद में 4165 रुपये प्रति वर्ग मीटर दर से इसकी वसूली की जाएगी।

कानपुर लखनऊ व आगरा को एक श्रेणी में रखते हुए 2462 रुपये प्रति वर्ग मीटर दर तय की गई है। वाराणसी, प्रयागराज, मेरठ, मुरादाबाद, गजरौला, बरेली, लोनी, मोदीनगर व मुरादनगर 1450 रुपये प्रति वर्ग मीटर रखा गया है। अलीगढ़, गोरखपुर, बुलंदशहर, सिकंदराबाद, न्यू सिकंदराबाद, खुर्जा, सहारनपुर, मथुरा-वृंदावन, झांसी, मुजफ्फरनगर, शामली, खतौली, हापुड-पिलखुवा, बागपत-बड़ौत-खेकड़ा, फिरोजाबाद-शिकोहाबाद, उन्नाव-शुक्लागंज, पं. दीनदयाल उपाध्याय नगर 1020 रुपये प्रति वर्ग मीटर की दर तय की गई है। अयोध्या, रायबरेली, बांदा, रामपुर, उरई, आजमगढ़, बस्ती, मिर्ज़ापुर, बिठूर, अकबरपुर, फतेहपुर सीकरी, कोसीकला-छाता-चौमुहा-नंदगांव में 603 रुपये वर्ग मीटर की दर तय की गई है। इसके साथ ही इसके निर्धारण की प्रक्रिया भी तय कर दी गई है, जिससे इसे तय करते समय किसी तरह की कोई बाधा न हो।

# यूपी में पारा 47 के पार

### आसमान से बरस रहे अंगार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। उत्तर प्रदेश में प्रचंड गर्मी और लू का प्रकोप जारी है। आसमान से बरस रही आग ने लगभग पूरे प्रदेश में जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित किया है। बांदा में आज दिन का अधिकतम रिकार्ड 47.4 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया।

मौसम विभाग के अनुसार अगले दो दिनों तक प्रदेश में गर्मी और लू के प्रकोप से राहत की कोई उम्मीद नहीं है। मौसम के तल्ख मिजाज ने आम जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित किया है। सुबह 11 बजे तक गर्मी और लू के चलते सड़कें सुनसान हो रही हैं। गर्मी से पशु पक्षी भी बुरी तरह प्रभावित हो रहे हैं। चिकित्सकों ने हीट स्ट्रोक से बचने के लिये पर्याप्त मात्रा में शुद्ध पानी और खीरा ककड़ आदि के सेवन की सलाह दी है जबकि जरुरी दशा में बाहर निकलने से पहले खुद को सूती कपड़ों से ढकने की भी सलाह दी जा रही है। उधर मौसम विभाग के प्रवक्ता ने शनिवार शाम बताया कि निचले क्षोभ मंडल में आ रही गर्म पछुआ हवाओं के साथ आतंरिक महाराष्ट्र के आसपास बने प्रतिचक्रवात के प्रभाव से प्रदेश अधिकतम तापमान में हो रही बढ़ोत्तरी के परिणामस्वरूप आज प्रदेश में चल रही लू की तीव्रता एवं दायरा बढ़ने के साथ ही बांदा में अप्रैल महीने के पूर्ववर्ती सर्वाधिक 47.4 डिग्री सेल्सियस तापमान की बराबरी के साथ भीषण लू का प्रकोप रहा। मेरठ, आगरा, शाहजहांपुर, जालौन, बरेली मुजफ्फरनगर, अलीगढ़, हरदोई, बाराबंकी, अमेठी, बलिया, वाराणसी, गाज़ीपुर व प्रयागराज में उष्ण लहर (लू) की स्थितियाँ परिलक्षित हुईं।उक्त परिस्थितियों में आगामी 2 दिनों के दौरान कोई विशेष परिवर्तन नहीं होने के दृष्टिगत प्रदेश में 27 अप्रैल तक उष्ण लहर (लू) की स्थितियाँ ऐसे ही जारी रहने के साथ प्रदेश में कहीं-कहीं उष्ण रात्रि होने की भी संभावना है।

इसके बाद एक पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से 27 अप्रैल से पश्चिमी उत्तर प्रदेश से वर्षा का दौर आरम्भ होकर पूर्वी उत्तर प्रदेश की ओर बढ़ने तथा इसके उत्तरोत्तर वृद्धि के साथ मई की शुरुआत तक जारी रहने की संभावना के दृष्टिगत तापमान में 3-5 डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट के संकेत है। इसी क्रम में राजधानी लखनऊ में भी 26-27 अप्रैल के दौरान कहीं-कहीं लू की स्थितियाँ बनने की संभावना है। मौसम विभाग द्वारा शनिवार को जारी हीट वेव बुलेटिन में कानपुर नगर, कानपुर देहात, लखनऊ, प्रयागराज, वाराणसी, गाजीपुर, ● शेष पेज 11 पर

### ईरान के विदेश मंत्री ने मुनीर से की मुलाकात

# संघर्ष खत्म करने पर विचार और सुझाव किये साझा

एजेंसी



इस्लामाबाद। ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने शनिवार को यहां पाकिस्तान के सेना प्रमुख असीम मुनीर से मुलाकात करने के बाद कहा कि बातचीत के दौरान संघर्ष को समाप्त करने पर ईरान के विचार और सुझाव साझा किये गये।

माना जा रहा है कि इस बैठक में अमेरिका से संभावित समझौते से जुड़ा व्यापक प्रस्ताव शामिल था। उम्मीद है कि फील्ड मार्शल मुनीर इस संदेश को अमेरिका तक पहुंचायेंगे। पाकिस्तान ने ईरान-अमेरिका के बीच मध्यस्थता जारी रखने को लेकर अपनी तत्परता का संकेत दिया है।

बैठक के बाद श्री अराघची ने बयान जारी कर पुष्टि की कि चर्चा ईरान-अमेरिका के बीच 'युद्धविराम से संबंधित नवीनतम घटनाक्रमों' पर केंद्रित थी। बयान के अनुसार, जनरल मुनीर ने मध्यस्थता के प्रयासों को जारी रखने की पाकिस्तान की इच्छा को दोहराया, जो ईरान-अमेरिका के बीच तनाव कम करने में पाकिस्तान की कूटनीतिक पुल के रूप में संभावित भूमिका का संकेत देता है। ह्वाइट हाउस ने पहले संकेत दिया था कि अमेरिकी दूत स्टीव विटकॉफ और जेरेड कुशनर चर्चा के लिए पाकिस्तान जायेंगे, हालांकि अभी तक उनके रवाना होने की कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने भी हाल के क्षेत्रीय घटनाक्रमों पर चर्चा के लिए ईरानी विदेश मंत्री के साथ बैठक की। बैठक के दौरान विदेश मंत्री इशाक डार ने दोहराया कि पाकिस्तान इस क्षेत्र और उससे बाहर शांति और स्थिरता को बढ़ावा देने के लिए ईरान-अमेरिका वार्ता की सुविधा प्रदान कर रहा है। उन्होंने जोर देकर कहा कि पाकिस्तान इस संबंध में अपने प्रयास जारी रखेगा। श्री डार ने आगे इस बात पर जोर दिया कि ईरान-अमेरिका के बीच संपर्क को सुगम बनाने पर पाकिस्तान का आधिकारिक रुख केवल अधिकृत स्रोतों से जारी बयानों के माध्यम से ही झलकता है। उन्होंने कहा कि अनाम अधिकारियों के हवाले से की गयी टिप्पणियां देश की आधिकारिक स्थिति का प्रतिनिधित्व नहीं करती हैं। अलग से ईरान के 'खातम अल-अम्बिया सेंट्रल हेडक्वार्टर' ने अमेरिका को चेतावनी दी है कि क्षेत्र में जिसे वह 'नाकाबंदी, डकैती और समुद्री डकैती' कह रहा है, उसके खिलाफ जवाबी कार्रवाई की जा सकती है। कमांड ने कहा कि अमेरिका की निरंतर कार्रवाई ईरान के सशस्त्र बलों की प्रतिक्रिया को भड़का सकती है। बयान में हॉर्मुज जलडमरूमध्य सहित रणनीतिक जलमार्गों की निगरानी और नियंत्रण के लिए ईरान की तैयारी का भी जिक्र किया और चेतावनी दी कि यदि तनाव और बढ़ता है तो 'भारी नुकसान' होगा। श्री अराघची ने अपने इस्लामाबाद दौरे के दौरान पाकिस्तानी अधिकारियों के माध्यम से अमेरिकी रुख के संबंध में ईरान की चिंताओं और मांगों से अवगत कराया। ये घटनाक्रम नाजुक क्षेत्रीय परिस्थितियों और ईरान-अमेरिका के बीच रुकी हुई सीधी बातचीत के बीच संभावित मध्यस्थ ● शेष पेज 11 पर

## पहले दिन 25 प्रतिशत अभ्यर्थियों ने छोड़ी होमगार्ड भर्ती परीक्षा, चार गिरफ्तार

❒ मुकदमा दर्ज कर तीन सहायक अध्यापक को किया गिरफ्तार

❒ एटा में कूटरचित प्रवेशपत्र के साथ पकड़ा गया एक आरोपी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। पुलिस भर्ती व प्रोन्नति बोर्ड ने शनिवार को होमगार्ड एनरोलमेंट-2025 की लिखित परीक्षा कड़े सुरक्षा घेरे में संपन्न कराई। श्रावस्ती को छोड़कर अन्य 74 जिलों में 1053 परीक्षा केंद्रों पर हुई परीक्षा के दौरान पहले दिन दोनों पालियों में लगभग 25 प्रतिशत अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। भर्ती बोर्ड के अनुसार दोनों पालियों की लिखित परीक्षा में कुल 8,44,066 अभ्यर्थियों के स्थान पर 6,35,856 (75.33%) अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी। परीक्षा के दौरान गड़बड़ी के प्रयास में एटा में एक अभ्यर्थी और कानपुर नगर में तीन सहायक अध्यापकों को गिरफ्तार किया गया।

एटा में डीएवी इंटर कालेज स्थित परीक्षा केंद्र में एक अभ्यर्थी के प्रवेश पत्र पर अनुक्रमांक, परीक्षा का समय, उपस्थिति का समय व अन्य विवरण में गड़बड़ी थी। जांच में पता चला कि प्रवेश पत्र जाली है। मामले में एटा के थाना सकीट में उप्र सर्वाजनिक परीक्षा (अनुचित साधनों का निवारण) अधिनियम-2024 तथा अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कराकर आरोपी अभ्यर्थी हाथरस निवासी तेजवीर सिंह को गिरफ्तार किया गया। कूटरचित प्रवेश पत्र तैयार करने वाले लोकवाणी जनसेवा केंद्र के संचालक के विरुद्ध भी विधिक कार्रवाई की जा रही है। मामले में दूसरे अभ्यर्थी के प्रवेशपत्र के बारकोड को स्कैन कर गड़बड़ी की गई थी। बायोमैट्रिक के दौरान डाटा मैच न होने पर आरोपी तेजवीर पकड़ा गया। बोर्ड के अनुसार इसके अलावा कानपुर नगर में बीएनएसडी इंटर कालेज स्थित परीक्षा केंद्र में एनसीसी कक्ष में प्रतिबंधित इलेक्ट्रानिक डिवाइस को अनुचित प्रयोग के लिए छिपाकर रखा गया था। मामले में ● शेष पेज 11 पर

# राजनीति के महत्वपूर्ण स्तंभ थे हेमवती नंदन बहुगुणा : योगी

❒ योगी आदित्यनाथ ने पूर्व मुख्यमंत्री हेमवती नंदन बहुगुणा की जयंती पर किया नमन, प्रतिमा पर अर्पित की पुष्पांजलि

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पूर्व मुख्यमंत्री स्व. हेमवती नंदन बहुगुणा की जयंती पर उन्हें नमन किया। शनिवार को योजना भवन स्थित उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बहुगुणा जी भारत की राजनीति के महत्वपूर्ण स्तंभ थे। उनका जन्म तत्कालीन उत्तर प्रदेश (वर्तमान उत्तराखंड) के पौढ़ी गढ़वाल जनपद में 25 अप्रैल 1919 को हुआ था। प्रारंभिक शिक्षा गांव में अर्जित करने के उपरांत उच्च शिक्षा के लिए वह प्रयागराज आ गए थे। 1942 से 1946 तक राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के आह्वान पर 'भारत छोड़ो आंदोलन' में बहुगुणा जी की सक्रिय सहभागिता रही, जिस कारण ब्रिटिश सरकार ने उन्हें जेल में भी डाला था। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि बहुगुणा ने इलाहाबाद विश्वविद्यालय के प्रखर छात्रनेता के रूप में अपनी छाप छोड़ी। वह देश के स्वाधीनता आंदोलन में लगातार सक्रिय रहे। आजादी के बाद 1952 के पहले आम चुनाव में वह पहली बार उत्तर प्रदेश विधानसभा के सदस्य बने। उन्हें प्रदेश सरकार के मंत्री के रूप में भी कार्य करने का अवसर प्राप्त हुआ था। उत्तर प्रदेश में विभिन्न विभागों के मंत्री तथा मुख्यमंत्री के रूप में उनकी सेवाएं सराहनीय रहीं। योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश के विकास को लेकर बहुगुणा का अपना दृष्टिकोण था। उसे आज भी प्रभावी रूप से धरातल पर उतरते हम सभी महसूस कर सकते हैं। बहुगुणा जी ने केंद्र सरकार में भी अनेक मंत्रालयों में सेवाएं दीं। लंबे राजनीतिक व सार्वजनिक जीवन में देश के प्रति उनकी सेवा उल्लेखनीय रही हैं, जो वर्तमान पीढ़ी के लिए प्रेरणा है। कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, महापौर सुषमा खर्कवाल, विधायक नीरज बोरा, अमरेश कुमार, विधान परिषद सदस्य लालजी प्रसाद निर्मल, रामचंद्र प्रधान आदि मौजूद रहे।

# ऊर्जा मंत्री ने विद्युत वैन का किया उद्घाटन

कैनविज टाइम्स संवाददाता




वाराणसी। वाराणसी जिले के उपभोक्ताओं को निर्बाध, सुरक्षित और उच्च गुणवत्ता की विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा ने शनिवार को शहर में दो अत्याधुनिक का उद्घाटन किया। इस पहल का मुख्य उद्देश्य विद्युत फॉल्ट सुधार में लगने वाले समय को न्यूनतम करना है।

इन दोनों विशेष वाहनों को हर प्रकार की तकनीकी चुनौती से निपटने के लिए आधुनिक सुरक्षा उपकरणों और आवश्यक 'टी एंड पी' किट से सुसज्जित किया गया है। शहर में सही मायनों में 247 सेवाएं देने के लिए, इन वाहनों पर तैनात कर्मचारियों की टीम प्रतिदिन 8-8 घंटे की तीन शिफ्टों में कार्य करेगी। प्रत्येक शिफ्ट में सुपरवाइजर, लाइनमैन और हेल्पर सहित कुशल कर्मचारियों की टीम तत्पर रहेगी।

वैन का काम हाई टेंशन लाइनों का रखरखाव, ब्रेकडाउन सुधार तथा आवश्यकता पड़ने पर ट्रांसफॉर्मर व क्रॉस-आर्म को तुरंत बदलना। अत्याधुनिक उपकरणों की सहायता से भूमिगत केबलों में आए फॉल्ट का त्वरित पता लगाना। साथ ही, जर्जर व खराब एबी केबल और क्षतिग्रस्त कंडक्टर को समय पर बदलना है। इसके अलावा प्राकृतिक आपदा या दुर्घटना के कारण टूटे या झुके हुए खम्भों को सीधा करना अथवा उन्हें तत्काल बदलना। ओवरहेड लाइनों को सुरक्षित और बाधा मुक्त रखने के लिए पेड़ों की डालियों की छंटाई करना, ताकि शॉर्ट-सर्किट का खतरा न रहे।

उद्घाटन के अवसर पर ऊर्जा मंत्री ने कहा कि हमारी सरकार उपभोक्ताओं को बेहतर सुविधाएं देने के लिए प्रतिबद्ध है। वाराणसी में इन बहुउद्देशीय आपातकालीन वाहनों के संचालन और नियमित लाइन सर्वे जैसी प्रो-एक्टिव कार्यप्रणाली से न केवल विद्युत लाइनों की उम्र बढ़ेगी, बल्कि आम जनता को बिजली कटौती की समस्याओं से बड़ी राहत मिलेगी।

## संगमरमर मस्जिद विवाद हाईकोर्ट पहुंचा, नोटिस पर रोक की मांग

प्रयागराज। प्रयागराज जंक्शन के सिटी साइड स्थित संगमरमर मस्जिद के ध्वस्तीकरण का मामला अब इलाहाबाद हाईकोर्ट पहुंच गया है। मस्जिद कमेटी ने रेलवे द्वारा जारी नोटिस को चुनौती देते हुए अदालत से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है। याचिका में कहा गया है कि संबंधित मस्जिद एक पंजीकृत वक्फ संपत्ति है, ऐसे में उसे ध्वस्त करने का नोटिस देना कानूनी रूप से उचित नहीं है। वहीं रेलवे का दावा है कि मस्जिद उसकी जमीन पर बनी है और उसे हटाने के लिए 27 अप्रैल तक का समय दिया गया है।

## मृतकों के परिजनों को उपलब्ध कराई गई चार-चार लाख रुपये की राहत धनराशि : एडीएम

रायबरेली। जनपद रायबरेली के सरेनी थाना क्षेत्र में दिनांक 23 अप्रैल 2026 को गंगा नदी में डूबने की एक अत्यंत दुखद घटना घटित हुई, जिसमें ग्राम रानीखेड़ा निवासी हरिओम (22 वर्ष), हरिशंकर (16 वर्ष) एवं सत्येन्द्र (26 वर्ष) की मृत्यु हो गई।

# विकास कार्यों को दें रफ्तार, गुणवत्ता से न हो कोई समझौता: एके शर्मा

## ऊर्जा मंत्री बोले – कम लोड वाले उपभोक्ताओं के एक माह तक नहीं कटेंगे कनेक्शन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



वाराणसी। उत्तर प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा ने शनिवार को अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि वाराणसी में चल रहे विकास कार्यों में तेजी लाई जाए और गुणवत्ता के साथ किसी प्रकार का समझौता न किया जाए। उन्होंने कहा कि आमजन को राहत देने के लिए विद्युत व्यवस्था में कई महत्वपूर्ण फैसले लागू किए गए हैं।

मंत्री ने बताया कि 1 किलोवाट तक के विद्युत कनेक्शन वाले उपभोक्ताओं का कनेक्शन नेगेटिव बैलेंस होने पर भी एक माह तक नहीं काटा जाएगा। वहीं, 2 किलोवाट तक के उपभोक्ताओं को अधिकतम 200 रुपये तक की रियायत दी जाएगी। इसके अलावा, किसी भी उपभोक्ता का कनेक्शन काटने से पहले पांच चरणों में एसएमएस अलर्ट भेजना अनिवार्य होगा। रविवार और अन्य सार्वजनिक अवकाशों पर भी नेगेटिव बैलेंस की स्थिति में बिजली आपूर्ति बाधित नहीं की जाएगी।

सर्किट हाउस में आयोजित समीक्षा बैठक के दौरान मंत्री ने शहर की स्वच्छता, जल निकासी और विद्युत आपूर्ति व्यवस्था पर विशेष जोर दिया। आगामी वर्षा ॠतु को देखते हुए नालों की सफाई कार्य को समयबद्ध तरीके से पूरा करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि किसी भी स्थिति में जलभराव की समस्या उत्पन्न नहीं होनी चाहिए और इसके लिए नगर निगम व जलकल विभाग समन्वय के साथ कार्य करें। सड़क और शहरी सौंदर्यीकरण कार्यों की समीक्षा करते हुए मंत्री ने सड़कों के किनारे इंटरलॉकिंग कार्य को प्राथमिकता देने और अतिक्रमण हटाने के लिए सख्त अभियान चलाने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि इससे शहर की व्यवस्था और आवागमन दोनों में सुधार होगा। मंत्री शर्मा ने विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए निर्देश दिया कि इनका प्रभाव जमीनी स्तर पर स्पष्ट दिखाई देना चाहिए, ताकि वाराणसी को एक आधुनिक और व्यवस्थित शहर के रूप में विकसित किया जा सके। विद्युत ट्रिपिंग की समस्या पर नाराजगी जताते हुए उन्होंने अधिकारियों को तत्काल समाधान के निर्देश दिए और निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने पर जोर दिया। बैठक में महापौर अशोक तिवारी,एमडी पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम शंभू कुमार, नगर विकास हिमांशु नागपाल, अपर नगर आयुक्त आदि भी मौजूद रहे।

## नगर निगम प्रयागराज का 2026-27 का बजट पारित

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** नगर निगम प्रयागराज एवं जलकल विभाग की कार्यकारिणी समिति की बैठक 24 अप्रैल 2026 को महापौर/नगर आयुक्त की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में वर्ष 2026-27 का मूल आय-व्यय (बजट) विस्तृत चर्चा के बाद सर्वसम्मति से पारित कर दिया गया। बैठक के दौरान अतिक्रमण हटाने, नाला-नाली की मरम्मत एवं सफाई, सड़कों और गलियों के सुधार, सीवर व्यवस्था तथा पेयजल आपूर्ति जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर विचार-विमर्श किया गया। महापौर/नगर आयुक्त ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सभी नालों और नालियों की सफाई 15 जून तक हर हाल में पूरी की जाए। साथ ही चेतावनी दी गई कि समय पर कार्य न होने पर जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। अरेल रोड स्थित नगर निगम की जमीन पर बने गैस प्लांट द्वारा पाइपलाइन के माध्यम से घरों तक गैस आपूर्ति की व्यवस्था की कार्यकारिणी समिति ने सराहना की। वहीं, डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन करने वाली एजेंसी के कार्य में मानकों की अनदेखी पाए जाने पर समिति ने निंदा प्रस्ताव पारित करते हुए उसका कार्यकाल आगे न बढ़ाने के निर्देश दिए। बैठक में विभिन्न वार्डों के पार्षदों के साथ-साथ नगर निगम और जलकल विभाग के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे।

## संपूर्ण समाधान दिवस पर सुनी गईं फरियादियों की समस्याएं

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर शंकरगढ़ थाने में फरियादियों की समस्याएं सुनने के लिए नायब तहसीलदार शंकरगढ़ राकेश यादव पहुंचे। इस दौरान थाना प्रभारी सुशील दुबे भी मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान क्षेत्र से आए लोगों ने अपनी विभिन्न समस्याएं अधिकारियों के सामने रखीं। नायब तहसीलदार ने सभी शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए और समस्याओं के शीघ्र निस्तारण का आश्वासन दिया। इस अवसर पर पुलिस एवं राजस्व विभाग के अन्य कर्मचारी भी उपस्थित रहे और शिकायतों के समाधान की प्रक्रिया में सहयोग किया।

## पीएम सूर्यघर योजना की समीक्षा, तेजी लाने के निर्देश

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** नगर मजिस्ट्रेट विनोद कुमार सिंह की अध्यक्षता में संगम सभागार में पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना की प्रगति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में वेंडर चयन के बाद लंबित आवेदनों, बिजली बिल व लोड संशोधन, निरीक्षण संबंधी मामलों तथा बैंक ऋण और आंशिक भुगतान से जुड़े प्रकरणों पर विस्तार से चर्चा की गई। नगर मजिस्ट्रेट ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी लंबित मामलों का शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित किया जाए और निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष शत-प्रतिशत प्रगति हासिल की जाए। उन्होंने पीओ नेडा को विद्युत विभाग और बैंकों के साथ समन्वय स्थापित कर अभियान चलाने के निर्देश दिए, ताकि पेंडेंसी समाप्त कर अधिक से अधिक उपभोक्ताओं को योजना का लाभ मिल सके। उन्होंने यह भी कहा कि प्रत्येक वेंडर को दिए गए लक्ष्य के अनुसार कार्य करना होगा और हर घर में सोलर सिस्टम लगाने की दिशा में तेजी लाई जाए। बेहतर कार्य करने वाले वेंडरों को प्रोत्साहित करने की बात भी कही गई।

## बसअड्डे पर युवक की मौत

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** संगम नगरी के विद्या वाहिनी बसअड्डे पर एक दर्दनाक घटना में मुंबई से जौनपुर लौट रहे 32 वर्षीय युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतक जौनपुर जिले के सिकरारा क्षेत्र का निवासी बताया जा रहा है और मुंबई में रोजगार करता था। प्राप्त जानकारी के अनुसार, युवक जैसे ही बसअड्डे पर पहुंचा, अचानक उसकी तबीयत बिगड़ गई और देखते ही देखते उसकी सांसें थम गईं। मौके पर मौजूद लोगों ने मदद करने की कोशिश की, लेकिन उसे बचाया नहीं जा सका। प्रारंभिक तौर पर दिल का दौरा पड़ने की आशंका जताई जा रही है। सूचना मिलने पर जार्जटाउन थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना की सूचना मिलते ही परिजन भी मौके पर पहुंच गए, जहां उनका रो-रोकर बुरा हाल हो गया। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो सकेगा।

## अवैध खनन पर प्रशासन की बड़ी कार्रवाई, दर्जनों वाहन सीज

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** शंकरगढ़ और लालापुर क्षेत्र में अवैध खनन व परिवहन के खिलाफ प्रशासन ने सख्त अभियान चलाते हुए बड़ी कार्रवाई की है। एसडीएम बारा और नायब तहसीलदार शंकरगढ़ के नेतृत्व में पुलिस टीम ने संयुक्त रूप से छापेमारी कर गिट्टी, बालू और सिलिका सैंड का अवैध परिवहन कर रहे वाहनों को पकड़ा। अभियान के दौरान कई ट्रैक्टर और डंपरों को रोका गया, जिनमें से कई के पास वैध दस्तावेज नहीं पाए गए। ऐसे सभी वाहनों को जब्त कर सीज कर दिया गया। प्रशासन की इस कार्रवाई से अवैध खनन और परिवहन से जुड़े लोगों में हड़कंप मच गया है।

## होमगार्ड भर्ती परीक्षा को लेकर प्रशासन सतर्क, केंद्रों का निरीक्षण

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** उत्तर प्रदेश होमगार्ड एनरोलमेंट-2025 परीक्षा को निष्पक्ष, पारदर्शी और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद नजर आया। पुलिस आयुक्त जोगेंद्र कुमार, जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा, अपर पुलिस आयुक्त एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने कंट्रोल रूम और विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने सुरक्षा व्यवस्था, बैठने की व्यवस्था, निगरानी प्रणाली और अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

# डीएम व एसपी ने परीक्षा को सकुशल सम्पन्न कराए जाने हेतु विभिन्न परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



रायबरेली। जिलाधिकारी सरनीत कौर ब्रोका व पुलिस अधीक्षक रवि कुमार ने 25, 26 एवं 27 अप्रैल 2026 को जनपद में आयोजित की जा रही होमगार्ड्स इनरोलमेंट-2025 की लिखित परीक्षा को पारदर्शी एवं सकुशल संपन्न कराने हेतु श्री के0बी0 सिन्हा राजकीय बालिका इंटर कॉलेज देवनन्दापुर, चंद्रपाल इंटर कॉलेज सोरा गंगागंज सहित विभिन्न परीक्षा केंद्रों का स्थलीय निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था एवं ड्यूटी में तैनात पुलिस बल की जांच की गई तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

होमगार्ड्स इनरोलमेंट-2025 की लिखित परीक्षा जनपद के 10 परीक्षा केन्द्रों पर दिनांक 25, 26 तथा 27 अप्रैल, 2026 (पूर्वान्ह 10.00 बजे से मध्यान्ह 12.00 बजे तक एवं अपराह्न 03.00 बजे से सायं 05.00 बजे तक) को प्रत्येक दिवस को दो पालियों में सम्पन्न होनी है। परीक्षा में प्रत्येक पाली में 3504 अभ्यर्थियों द्वारा प्रतिभाग किया जाना है। जनपद के प्रत्येक परीक्षा केंद्र में सीसीटीवी की निगरानी में परीक्षा सम्पन्न हो रही है। जिलाधिकारी ने बताया कि जनपद के समस्त परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा सकुशल सम्पन्न हो रही है। परीक्षार्थियों के आवागमन के दृष्टिगत सभी व्यापक प्रबंध किए गए है, जिससे परीक्षार्थियों को किसी भी प्रकार की कोई असुविधा न हो, परीक्षा को सकुशल, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने हेतु सभी केन्द्रों पर पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था की गई है तथा अधिकारी भ्रमणशील रहकर लगातार निगरानी कर रहे हैं। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी अहमद फरीद खान, उप जिलाधिकारी महराजगंज गौतम सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक संजीव कुमार सिंह सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहें।

# फायर कर्मियों ने स्टाफ को आग बुझाने का प्रशिक्षण दिया

कैनविज टाइम्स संवाददाता



प्रयागराज। मोतीलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज, प्रयागराज के अंतर्गत संचालित एसएन चिल्ड्रेन हॉस्पिटल (बाल रोग विभाग) में अग्नि सुरक्षा को लेकर एक व्यापक मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य अस्पताल परिसर में आग जैसी आपात स्थिति से निपटने के लिए डॉक्टरों, नर्सिंग स्टाफ और अन्य कर्मचारियों को प्रशिक्षित करना था।

यह मॉक ड्रिल विद्युत विभाग के जूनियर इंजीनियर श्री बृजेश कुमार और फायर सेफ्टी ऑफिसर व नोडल अधिकारी डॉ. आर. के. यादव के निर्देशन में संपन्न हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता बाल रोग विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. मनीषा मौर्य ने की। ड्रिल के दौरान अस्पताल स्टाफ को आग लगने की स्थिति में अपनाई जाने वाली सुरक्षा प्रक्रियाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। इसमें फायर एक्सटिंग्विशर के सही उपयोग, मरीजों को सुरक्षित स्थान पर स्थानांतरित करने और इमरजेंसी अलार्म सिस्टम के प्रयोग के बारे में बताया गया। कर्मचारियों को घबराहट के बिना संयम बनाए रखते हुए त्वरित निर्णय लेने के महत्व पर भी जोर दिया गया।इस अभ्यास में विभिन्न वार्डों से मरीजों की सुरक्षित निकासी (इवैक्यूएशन) का प्रदर्शन किया गया। इसमें नर्सिंग स्टाफ और पैरामेडिकल टीम ने सक्रिय रूप से भाग लिया, जिससे यह सुनिश्चित हुआ कि आपातकालीन स्थिति में प्रत्येक कर्मचारी अपनी भूमिका और जिम्मेदारी को भली-भांति समझ सके। विभागाध्यक्ष डॉ. मनीषा मौर्य ने बताया कि मरीजों की सुरक्षा अस्पताल की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के नियमित अभ्यास से किसी भी अप्रिय घटना से प्रभावी ढंग से निपटा जा सकता है।

# डीएम-एसपी ने थाना दिवस पर सुनी लोगों की शिकायतें



कैनविज टाइम्स संवाददाता

रायबरेली। थाना समाधान दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी सरनीत कौर ब्रोका व पुलिस अधीक्षक रवि कुमार ने थाना बछरावां पहुँचकर नागरिकों की समस्याएं सुनीं। थाना दिवस के दौरान विभिन्न प्रकरणों में भूमि विवाद, पारिवारिक, राजस्व संबंधी शिकायते व सड़क एवं सार्वजनिक सुविधाओं से जुड़ी शिकायतें प्राप्त हुईं। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने संबंधित राजस्व एवं पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी शिकायतों का गंभीरता से संज्ञान लेते हुए गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। जिलाधिकारी ने अधिकारियों से कहा कि जनता की समस्याओं के समाधान में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि थाना समाधान दिवस का उद्देश्य जनता को त्वरित न्याय उपलब्ध कराना है, इसलिए अधिकारी मौके पर उपस्थित होकर शिकायतों का निस्तारण प्राथमिकता से करें। थाना दिवस में उप जिलाधिकारी महराजगंज गौतम सिंह सहित पुलिस/राजस्व विभाग के कार्मिक मौजूद रहे।

# स्व. छेदी लाल सिंह की स्मृति में नि:शुल्क चिकित्सा महाशिविर आज

कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज। क्षेत्र के प्रसिद्ध समाजसेवी स्वर्गीय छेदी लाल सिंह की पुण्य स्मृति में 26 अप्रैल 2026 (रविवार) को एक वृहद नि:शुल्क चिकित्सा महाशिविर का आयोजन किया जाएगा। यह शिविर शंकरगढ़ के रानीगंज स्थित नारीबारी रोड पर रेलवे फाटक के निकट सी.एल.एस. केयर एण्ड क्योर हॉस्पिटल परिसर में दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे तक आयोजित होगा।

आयोजकों के अनुसार, इस महाशिविर में सैकड़ों मरीजों के नि:शुल्क उपचार का लक्ष्य रखा गया है। शिविर में हड्डी एवं जोड़ रोग, स्पोर्ट्स इंजरी तथा स्त्री एवं प्रसूति रोग से संबंधित छह वरिष्ठ विशेषज्ञ चिकित्सक अपनी सेवाएं देंगे। इनमें डॉ. विमल सिंह, डॉ. विनोद सिंह, डॉ. अनिल सिंह, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. नीतिका सिंह, फिजिशियन डॉ. के.के. मिश्रा एवं डॉ. ए.के. शुक्ला शामिल हैं।



### नि:शुल्क मिलेंगी ये सुविधाएं

महाशिविर में मरीजों को बीपी और शुगर जांच, महिला मरीजों की गोपनीय जांच, अत्याधुनिक मशीनों से हड्डियों की जांच, डिजिटल एक्स-रे, पैथालॉजी जांच, ईसीजी तथा आवश्यक दवाइयों का वितरण पूरी तरह नि:शुल्क किया जाएगा।

शिविर की विशेष बात यह है कि सर्वाइकल, सियाटिका, स्पॉन्डिलाइटिस, स्लिप डिस्क और पुराने कमर दर्द जैसी गंभीर समस्याओं का महंगे इंजेक्शन द्वारा उपचार भी नि:शुल्क उपलब्ध रहेगा। साथ ही, ऑपरेशन से पहले विशेषज्ञों की सलाह भी मरीजों को दी जाएगी।

आयोजन समिति ने शंकरगढ़, जसरा, कोरांव, मेजा सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर इस शिविर का लाभ उठाने की अपील की है। विशेष रूप से आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए यह शिविर बेहद उपयोगी साबित होगा।

**कार्यालय नगर पंचायत हैदरगढ़ जनपद-बाराबंकी**

पत्रांक : 37 / न0पं0 है0/ ई-टेण्डर/2026-27 दिनांक 21 अप्रैल 2025

**अल्पकालीन ई-निविदा सूचना**

शासनादेश संख्या-3890/नौ-5-19-149सा/2019 नगर विकास अनुभाग -5 लखनऊ दिनांक-20 सितम्बर 2019 के क्रम में समस्त सक्षम श्रेणी के ठेकेदारों / फर्मों को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत हैदरगढ के विभिन्न वार्डो में सडकों, नाले, नालियों आदि की मरम्मत / रिपेयरिंग की प्रस्तावित कार्ययोजना पर के क्रियान्वयन हेतु ई-निविदा प्रणाली के अन्तर्गत निविदाएं प्रतिशत दर के आधार पर अधोलिखित नियम एवं शर्तों के अधीन दिनांक 24.04.2026 से दिनांक 15.05.2026 तक आमन्त्रित की जाती है। जो दिनांक 16.05.2026 को ई-निविदा पोर्टल पर आनलाइन खोली जायेंगी।

(इन्द्रभान) अधिशाषी अधिकारी नगर पंचायत हैदरगढ़ बाराबंकी नगर

(आलोक तिवारी) अध्यक्ष पंचायत हैदरगढ़ बाराबंकी

# मील का पत्थर बनेगा पीजीआई में यूपी का पहला सफल हृदय प्रत्यारोपण: ब्रजेश पाठक

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

लखनऊ। संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान लखनऊ में उत्तर प्रदेश का पहला सफल हृदय प्रत्यारोपण भविष्य में मील का पत्थर साबित होगा। यह उपलब्धि न केवल प्रदेश बल्कि पूरे देश के लिए प्रेरणादायक है और आने वाले समय में पीजीआई देश-दुनिया में चिकित्सा के क्षेत्र में मार्गदर्शक बनेगा। यह बातें प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने गुरुवार को संस्थान परिसर में आयोजित ऑपरेशन में शामिल टीम के सम्मान समारोह में कही द्य

उन्होंने कहा कि पीजीआई की प्रगतिशील कार्यशैली और चिकित्सकों की मेहनत से यह संभव हुआ है। उन्होंने विश्वास जताया कि संस्थान जल्द ही चिकित्सा विज्ञान के क्षेत्र में राष्ट्रीय ही नहीं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान और मजबूत करेगा। उन्होंने कहा कि यहां की सेवाओं पर प्रदेश के साथ-साथ बिहार, नेपाल और आसपास के राज्यों के मरीज भी भरोसा करते हैं, जो पीजीआई की गुणवत्ता का प्रमाण है। सरकार द्वारा व्यवस्था में लगातार सुधार किया जा रहा है। प्रदेश के प्रत्येक नागरिक को उच्चस्तरीय एवं गुणवत्तापरक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना हमारी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।




उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने बताया कि सरकार द्वारा अस्पताल में बेड की संख्या लगातार बढ़ाई जा रही है। विशेष रूप से क्रिटिकल केयर और आईसीयू बेड्स की उपलब्धता पर ध्यान दिया जा रहा है। इमरजेंसी सेवाओं और ट्रॉमा सेंटर की कार्यप्रणाली की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि इन क्षेत्रों में भी पीजीआई ने बेहतर प्रदर्शन किया है। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार की प्राथमिकता है कि किसी भी मरीज को संसाधनों के अभाव में परेशानी न हो। इसके लिए जो भी परियोजनाएं संस्थान द्वारा भेजी जाएंगी, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर स्वीकृत किया जाएगा। उन्होंने बताया कि संस्थान द्वारा प्रस्तुत क्वालिटी केयर और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से जुड़े प्रोजेक्ट्स को भी स्वीकृति प्रदान कर दी गई है और इन्हें धरातल पर लागू करने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। उन्होंने आश्वस्त किया कि सरकार हर स्तर पर पीजीआई के साथ खड़ी है और संस्थान को देश में नंबर एक बनाने के लिए हर संभव संसाधन उपलब्ध कराए जाएंगे। उन्होंने कहा कि यदि सभी मिलकर संकल्प लें तो पीजीआई न केवल प्रदेश बल्कि पूरे देश के लिए स्वास्थ्य सेवाओं का सर्वोच्च केंद्र बन सकता है।

इस अवसर पर निदेशक प्रो0 राधा कृष्ण धीमान, अपर प्रमुख सचिव, चिकित्सा शिक्षा विभाग अमित घोष, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक प्रो0 देवेंद्र गुप्ता, विभागाध्यक्ष, सी0वी0टी0एस0 डॉ0 एस0के0 अग्रवाल, विभागाध्यक्ष, कार्डियोलॉजी, एस0जी0पी0जी0आई0 प्रो0 आदित्य कपूर, एनेस्थीसिया विभाग, एस0जी0पी0जी0आई0 से प्रो0 पुनीत गोयल एवं अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे।

# स्मृति द्वार न लगने पर कौशल किशोर का अनिश्चितकालीन प्रवास शुरू, आज महाआंदोलन की चेतावनी

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



मलिहाबाद, लखनऊ। मलिहाबाद क्षेत्र में पासी समाज के महाराजा मल्लीह पासी के स्मृति द्वार चोरी होने के मामले ने अब तूल पकड़ लिया है। पुलिस द्वारा दो दिन में स्मृति द्वार पुनः स्थापित कराने के आश्वासन के बावजूद कार्यवाही न होने पर पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री कौशल किशोर और क्षेत्रीय विधायक जयदेवी कौशल ने शनिवार शाम 6 बजे से अपने समर्थकों के साथ अनिश्चितकालीन प्रवास शुरू कर दिया है। बताया जा रहा है कि मलिहाबाद थाने से करीब 50 मीटर की दूरी पर विधायक निधि से स्थापित स्मृति द्वार को बीती 22 अप्रैल की तड़के अज्ञात चोर काटकर ले गए थे। घटना की जानकारी होने पर पासी समाज के हजारों लोगों ने धरना-प्रदर्शन करते हुए स्मृति द्वार की बरामदगी और पुनः स्थापना की मांग की थी। पुलिस ने स्मृति द्वार बरामद कर दो दिन में लगाने का आश्वासन देकर धरना समाप्त कराया था, लेकिन तय समय बीत जाने के बाद भी द्वार नहीं लगाया गया। इस पर नाराजगी जताते हुए कौशल किशोर ने कहा कि जब तक महाराजा मल्लीह पासी का स्मृति द्वार पुनः स्थापित नहीं किया जाता, तब तक उनका प्रवास जारी रहेगा।

मलिहाबाद में मुकदमा दर्ज, कार्रवाई पर उठे सवाल : मलिहाबाद पुलिस ने इस मामले में सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने और चोरी के आरोप में अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। हालांकि स्मृति द्वार बरामद होने के बावजूद आरोपियों पर अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं होने से लोगों में आक्रोश व्याप्त है।

पासी समाज के विभिन्न संगठनों ने रविवार को बड़े आंदोलन की घोषणा की है। इस महाआंदोलन में मलिहाबाद के साथ-साथ हरदोई, सीतापुर, बाराबंकी और उन्नाव समेत कई जिलों से हजारों लोगों के शामिल होने की संभावना है।

# गंभीर चोटों के बाद भी आरोपी फरार, लीपापोती का आरोप

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बख्शी का तालाब,लखनऊ। बख्शी का तालाब क्षेत्र में पुलिस की कार्यशैली एक बार फिर सवालों के घेरे में है। सैरपुर थाना क्षेत्र के फरुखाबाद गांव निवासी विमलेश ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई न होने पर सीधे एसीपी कार्यालय पहुंचकर न्याय की गुहार लगाई है।

विमलेश का आरोप है कि 21 अप्रैल को सैरपुर थाने में मुकदमा दर्ज कराने के बावजूद पुलिस ने अब तक मुख्य आरोपी अंकित की गिरफ्तारी नहीं की। जबकि घटना में उसे सिर समेत शरीर के कई हिस्सों में गंभीर चोटें आई थीं। इसके बाद भी पुलिस की ढिलाई ने पीड़ित को असुरक्षा के माहौल में धकेल दिया है। पीड़ित का कहना है कि मुकदमा दर्ज होने के बाद आरोपी खुलेआम घूम रहा है और लगातार जान से मारने की धमकी दे रहा है, लेकिन स्थानीय पुलिस तमाशबीन बनी हुई है। इससे न सिर्फ पीड़ित बल्कि उसका पूरा परिवार भय के साये में जीने को मजबूर है।

❒ मुकदमा दर्ज होने के बावजूद नहीं हुई गिरफ्तारी, धमकियों से दहशत में पीड़ित परिवार



पीड़ित ने एसीपी ज्ञानेंद्र सिंह को लिखित शिकायत देकर आरोप लगाया कि सैरपुर पुलिस आरोपी को बचाने में लगी है और जानबूझकर प्रभावी कार्रवाई से बच रही है।मामले की गंभीरता को देखते हुए एसीपी ने जांच कर कड़ी कार्रवाई का भरोसा दिया है। अब देखना होगा कि पुलिस पीड़ित को न्याय दिलाने में कितनी तत्परता दिखाती है या फिर यह मामला भी फाइलों में दबकर रह जाएगा।

# मेधावियों का भव्य सम्मान

❒ विद्यालय के डायरेक्टर ने पुरस्कार देकर एवं मेडल पहनाकर सम्मानित किया

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

नगराम, लखनऊ। नगराम क्षेत्र के हरदोईया बाजार स्थित पंचशील शांति शिक्षा निकेतन इंटर कॉलेज में शनिवार को मेधावी छात्र-छात्राओं के सम्मान में भव्य समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं की उपस्थिति रही, जहां हाई स्कूल एवं इंटरमीडिएट के टॉप करने वाले छात्रों को सम्मानित किया गया।

हाई स्कूल वर्ग में तान्या गुप्ता ने 92.16% अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल कर विद्यालय व क्षेत्र का नाम रोशन किया। इसके अलावा रबल वर्मा (90.66%), अंजली यादव (85%), मिस्बाह (84.83%), आंचल सिंह (84.6%), अंशिका वर्मा , शिवकेश द्विवेदी , आयुषी शुक्ला और जीतू सहित कई छात्र-छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। वहीं इंटरमीडिएट वर्ग में अनुराधा ने 85% अंक प्राप्त कर शीर्ष स्थान हासिल किया। अन्य मेधावी छात्रों में वैष्णवी (84.02%), गौरव (83.8%), आजाद कुमार (83.4%), कर्तव्य वर्मा (82.6%), आदित्य चौरसिया , करण , राजलक्ष्मी , अंकित , आदर्श चौरसिया , कौशल कुमार , दीपक कुमार और खुशी यादव शामिल रहे।



विद्यालय का परीक्षा परिणाम अत्यंत सराहनीय रहा, जिसमें बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं ससम्मान उत्तीर्ण हुए।

इस अवसर पर इंटर कॉलेज के डायरेक्टर सुधांशु मिश्रा ने मेधावी छात्र-छात्राओं को मेडल पहनाकर एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया। प्रधानाचार्य प्रेम शंकर अवस्थी ने छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें निरंतर मेहनत करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में अभिभावकों, शिक्षकगण एवं छात्र-छात्राओं की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही, जिससे पूरे विद्यालय परिसर में उत्साह, गर्व और खुशी का माहौल बना रहा।

## बेटियों ने रोशन किया नाम



**काकोरी, लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** काकोरी क्षेत्र के स्थित इण्टल प्राइड पब्लिक इंटर कॉलेज ने इस वर्ष यू.पी. बोर्ड परीक्षा परिणामों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बनाई है। विद्यालय की मेधावी छात्रा गरिमा ने हाईस्कूल परीक्षा में 91.67 प्रतिशत अंक प्राप्त कर शानदार सफलता हासिल की, वहीं पलक साहू ने इंटरमीडिएट परीक्षा में 82 प्रतिशत अंक अर्जित कर विद्यालय का नाम रोशन किया। छात्राओं की इस उल्लेखनीय उपलब्धि से विद्यालय परिसर में हर्ष और उत्साह का माहौल है। इस अवसर पर विद्यालय में एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। कार्यक्रम में प्रबंधक श्री जितेंद्र सिंह यादव, प्रशासनिका श्रीमती सुधा रानी तथा प्रधानाचार्या तैय्यबा अमीन ने संयुक्त रूप से छात्राओं को प्रशस्ति पत्र एवं पुरस्कार प्रदान किए।प्रधानाचार्या ने अपने संबोधन में कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, अनुशासन और शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है। उन्होंने अन्य विद्यार्थियों को भी इससे प्रेरणा लेकर आगे बढ़ने का संदेश दिया विद्यालय के समस्त शिक्षकों ने भी छात्राओं की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर अभिभावकों ने भी विद्यालय परिवार के प्रति आभार व्यक्त किया।

## शादी से पहले घर के बाहर फायरिंग, दहशत में परिवार

**बख्शी का तालाब,लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** बख्शी का तालाब क्षेत्र के गाजीपुर गांव में बेटी की शादी से ठीक एक दिन पहले हवाई फायरिंग की घटना ने परिवार को दहशत में डाल दिया। पीड़ित नीलकंठ ने शनिवार को बीकेटी थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया कि उनकी पुत्री का विवाह 26 अप्रैल को होना है और शुक्रवार रात घर में हल्दी का कार्यक्रम चल रहा था। आरोप है कि इसी दौरान गांव के ही सुखदेव, अंकित व अनुज एक डिजायर कार से शराब के नशे में धुत होकर पहुंचे और घर के बाहर नाजायज असलहे से हवाई फायर कर दिया। अचानक हुई फायरिंग से समारोह में अफरा-तफरी मच गई। आवाज सुनकर जब परिजन बाहर निकले तो आरोपी मौके पर कार छोड़कर फरार हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच के दौरान एक खोखा कारतूस बरामद किया गया। पीड़ित ने आशंका जताई है कि शादी समारोह में व्यवधान डालने की कोशिश की जा सकती है। उन्होंने पुलिस से विवाह कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित कराने की मांग की है।पुलिस का कहना है कि तहरीर के आधार पर मामले की जांच की जा रही है और आरोपियों की तलाश की जा रही है।

## लाला श्रीराम जयंती पर सेवा व समर्पण का संदेश

**बख्शी का तालाब,लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** श्री राम बायोसीड जेनेटिक्स ''डीसीएम श्रीराम लिमिटेड'' की ओर से लाला श्रीराम जयंती श्रद्धा और गरिमामय वातावरण में मनाई गई। कार्यक्रम में प्रदेश व ग्रामीण क्षेत्रों के किसान, बीज व्यवसाय से जुड़े सहयोगी और कंपनी के प्रतिनिधि शामिल हुए। इस दौरान लाला श्रीराम के प्रेरणादायी जीवन, दूरदर्शी सोच और राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। साथ ही किसानों की समस्याओं और उनके व्यावहारिक समाधान पर भी चर्चा की गई। जयंती के उपलक्ष्य में 25 अप्रैल को सीएसआर गतिविधि के तहत लखनऊ स्थित आस्था ओल्ड एज होम में सेवा कार्यक्रम आयोजित किया गया। यहां कंपनी प्रतिनिधियों ने बुजुर्गों के साथ समय बिताया, उनका हालचाल जाना और जलपान कराया। बुजुर्गों के आशीर्वाद ने कार्यक्रम को भावुक बना दिया।कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थितजनों ने लाला श्रीराम के आदर्शों को अपने जीवन और कार्यों में अपनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर जोनल मैनेजर मार्तंड मिश्रा, जोनल मार्केटिंग मैनेजर राजन प्रसाद सिंह, रीजनल मैनेजर दिलीप गुप्ता व टेरिटरी मैनेजर अभिनव सिंह सहित अन्य मौजूद रहे।

## तेज रफ्तार बोलेरो की टक्कर से किशोर की मौत

**बख्शी का तालाब,लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** महिंगवा थाना क्षेत्र के कुम्हरावा चौराहे पर शनिवार को हुए सड़क हादसे में 15 वर्षीय किशोर की मौत हो गई। तेज रफ्तार बोलेरो की टक्कर से गंभीर रूप से घायल हुए बालक ने अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। हादसे के बाद चालक मौके से फरार हो गया। गुलालपुर निवासी फुरकान (15) पैदल मुसपिपरी की ओर जा रहा था। इसी दौरान कुर्सी की तरफ से इटौंजा की ओर आ रही महिंद्रा बोलेरो ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि किशोर सड़क पर गिर पड़ा और उसके सिर में गंभीर चोट आ गई।घायल अवस्था में स्थानीय लोगों की मदद से उसे उसी वाहन से इलाज के लिए भेजा गया। सूचना पर पहुंची पुलिस भी साथ गई, लेकिन चालक मौका पाकर फरार हो गया। अस्पताल में चिकित्सकों ने उपचार के दौरान उसे मृत घोषित कर दिया।किशोर की मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। महिंगवा थाना प्रभारी निरीक्षक रामकुमार गुप्ता ने बताया कि वाहन चालक की तलाश की जा रही है और आरोपी चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## चोरी के सामान और एक लाख से ऊपर की नगदी के साथ तीन शातिर चोर गिरफ्तार



**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** 15 अप्रैल को वादी द्वारा गुडम्बा थाने मे चोरी का मुकदमा पंजीकृत कराया गया था जिसपर संजीदगी के साथ काम करते हुए गुडम्बा पुलिस ने तीन शातिर चोरो को अपनी गिरफ्त मे ले कर घटना का अनावरण करने का दावा किया है। बताया जा रहा है कि गुडम्बा पुलिस ने सर्विलांस टीम उत्तरी के साथ मिलकर सकार्पियों क्लब के पास के जंगल से तीनो अभियुक्तों आदिबुररहमान उर्फ़ आदिब उर्फ़ अद्बू, जीशान गाज़ी उर्फ़ छोटू और राम जी राजारम सोनी को गिरफ्तार किया है चोरो के पास से उरोक्त मुकदमे से संबंधित तक़रीबन 30 लाख का सामान भी पुलिस ने बरामद करने का दावा किया है बताया जा रहा है कि अभियुक्तों के पास अवैध पिस्टल भी थी उसे भी बरामद कर लिया है अभियुक्त के पास से एक लाख से अधिक की नगदी भी बरामद की गई है पुलिस के मुताबिक अभियुक्तों पर एक दर्जन से भी अधिक मुकदमे विभिन्न थाना क्षेत्रों मे पंजीकृत हैं।

## दो दिन तक सुलगता रहा कूड़ा, घंटों की मशक्कत के बाद काबू

**चिनहट (लखनऊ)।** चिनहट क्षेत्र के धावां स्थित इमलीबांधन मंदिर के पास बने नगर निगम के डंपिंग पॉइंट पर लगी आग दो दिनों तक लोगों के लिए आफत बनी रही। शुक्रवार शाम करीब 5 बजे कूड़े के ढेर में लगी आग ने देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर लिया, जिससे पूरे इलाके में धुएं का गुबार फैल गया और अफरा-तफरी का माहौल बन गया। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीमें मौके पर पहुंचीं और आग बुझाने का अभियान शुरू किया।

# भावा खेड़ा में आग से घर राख, जनप्रतिनिधियों ने पहुंचकर दिया सहारा, मदद का भरोसा

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

निगोहां , लखनऊ। क्षेत्र के ग्राम सभा भावा खेड़ा में शनिवार दोपहर अचानक लगी आग ने एक परिवार को गहरे संकट में डाल दिया। आगजनी की इस घटना में गृहस्थी का पूरा सामान, बच्चों की कॉपी-किताबें और जरूरी वस्तुएं जलकर राख हो गईं, जिससे परिवार के सामने बड़ी समस्या खड़ी हो गई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम भावा खेड़ा निवासी अमित कुमार गौतम पुत्र राम प्रकाश के घर में दोपहर करीब 1:30 बजे अचानक आग लग गई। आग ने देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर लिया और घर में रखा सारा सामान जलकर नष्ट हो गया। घटना की सूचना मिलते ही क्षेत्र के जनप्रतिनिधि मौके पर पहुंचे। सपा सांसद आर.के. चौधरी, पूर्व विधायक अम्ब्रीश सिंह पुष्कर तथा विधानसभा अध्यक्ष/सांसद प्रतिनिधि उमाशंकर वर्मा ने पीड़ित परिवार से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना और उन्हें ढांढस बंधाया।



जनप्रतिनिधियों ने मौके पर ही उपजिलाधिकारी मोहनलालगंज को फोन कर घटना की जानकारी दी और पीड़ित परिवार को तत्काल राहत दिलाने के निर्देश दिए। उन्होंने भरोसा दिलाया कि संकट की इस घड़ी में परिवार को हर संभव सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। जनप्रतिनिधियों ने प्रशासन से आग से हुए नुकसान का आकलन कर जल्द से जल्द आर्थिक सहायता प्रदान करने की मांग की। उन्होंने कहा कि ऐसी आपदा में पीड़ित परिवार को तुरंत राहत मिलना बेहद जरूरी है।

# कमता में यू-टर्न व्यवस्था से बढ़ा ट्रैफिक दबाव

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



लखनऊ। कमता चौराहे पर ट्रैफिक पुलिस द्वारा किए गए डायवर्जन के कारण शहर के कई इलाकों में यातायात व्यवस्था प्रभावित हो गई है। खासकर चिनहट और पॉलीटेक्निक क्षेत्र में ट्रैफिक का दबाव अचानक बढ़ गया, जिससे लोगों को भारी जाम का सामना करना पड़ा। प्राप्त जानकारी के अनुसार, पॉलीटेक्निक से शहीद पथ जाने वाले वाहनों को सीधे मार्ग के बजाय लंबा यू-टर्न लेकर चिनहट होते हुए गोमतीनगर या कमता के रास्ते जाने के लिए निर्देशित किया जा रहा है। इस बदलाव के चलते सामान्य मार्ग पर वाहनों की संख्या बढ़ गई है और ट्रैफिक धीमा हो गया है। डायवर्जन के कारण दोपहर के समय भी जाम की स्थिति काफी गंभीर देखी गई। वहीं, जैसे-जैसे ड्यूटी आवर समाप्त होगा, स्थिति और अधिक चिंताजनक हो सकती है, जिससे चिनहट क्षेत्र में ट्रैफिक का दबाव और बढ़ेगा। कमता चौराहे पर ट्रैफिक पुलिस लगातार अनाउंसमेंट कर वाहनों को शहीद पथ जाने के लिए यू-टर्न लेने के निर्देश देती नजर आई। बावजूद इसके, बढ़ते वाहनों के दबाव के चलते जाम की समस्या से राहत नहीं मिल पा रही है। प्रशासन द्वारा किए गए इस डायवर्जन से आम लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

# महिला से छेड़छाड़ व मारपीट के आरोपी की तमंचे संग फोटो वायरल

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



नगराम, लखनऊ। नगराम थाना क्षेत्र में महिला सुरक्षा को लेकर एक गंभीर मामला सामने आया है। एक विवाह समारोह के दौरान महिला के साथ छेड़छाड़ और मारपीट की घटना के बाद भी पुलिस की कार्रवाई सवालों के घेरे में है, जिससे क्षेत्र में आक्रोश व्याप्त है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, छत्तौनी निवासी राजकुमार अपने परिवार के साथ 5 अप्रैल को असलमनगर में एक रिश्तेदार के यहां शादी समारोह में शामिल होने गए थे। आरोप है कि 6 अप्रैल को ललईखेड़ा मजरा समेसी निवासी राजेश कुमार ने उनकी पत्नी राजकुमारी के साथ अश्लील हरकतें शुरू कर दीं। विरोध करने पर आरोपी ने गाली-गलौज करते हुए महिला के साथ मारपीट की, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गईं। परिजनों ने उन्हें तत्काल निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उनका इलाज जारी है। पीड़ित पक्ष का आरोप है कि घटना के बाद आरोपी ने शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी भी दी। मामले ने तूल तब पकड़ा जब आरोपी की अवैध तमंचे के साथ फोटो सोशल मीडिया पर वायरल हो गई, जिससे इलाके में भय और आक्रोश का माहौल बन गया। स्थानीय लोगों का कहना है कि आरोपी का क्षेत्र में प्रभाव है, जिसके चलते पुलिस कार्रवाई करने से बच रही है।

पीड़ित राजकुमार ने नगराम थाने में लिखित तहरीर देकर न्याय की मांग की है, लेकिन समाचार लिखे जाने तक न तो आरोपी की गिरफ्तारी हुई है और न ही किसी ठोस कार्रवाई की पुष्टि हो सकी है। घटना के बाद क्षेत्रीय लोगों में भारी रोष है और पुलिस से जल्द व सख्त कार्रवाई की मांग की जा रही है। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते कदम नहीं उठाए गए तो ऐसी घटनाएं बढ़ सकती हैं। अब देखना होगा कि नगराम पुलिस इस मामले में कब तक प्रभावी कार्रवाई करती है और पीड़ित परिवार को न्याय मिल पाता है या नहीं।

# इलेक्ट्रॉनिक शोरूम में लगी आग 50 लाख से अधिक का नुकसान

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

निगोहां, लखनऊ। निगोहां के मदापुर मंदिर चौराहे पर शनिवार दोपहर उस समय हड़कंप मच गया, जब विंध्यवासिनी इलेक्ट्रॉनिक शोरूम में अचानक भीषण आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और लपटें आसमान छूती नजर आने लगीं, जिससे आसपास के लोगों में दहशत फैल गई। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों ने पुलिस और फायर ब्रिगेड को सूचना दी। मौके पर पहुंची दमकल विभाग की दो गाड़ियों ने करीब दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग इतनी भयावह थी कि बुझाने के दौरान भी बार-बार लपटें भड़क उठ रही थीं।



सूचना पर एसीपी विकास पांडे मौके पर पहुंचे और राहत एवं बचाव कार्य की कमान संभाली। सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस ने आसपास के लोगों को दूर रखा और हाईवे पर यातायात को डायवर्ट कर दिया, जिससे लगभग एक घंटे तक आवागमन प्रभावित रहा। बताया जा रहा है कि शोरूम मालिक उमाशंकर शुक्ला घटना के समय ऊपर पूजा कर नीचे विंध्यवासिनी ट्रेडर्स पर बैठे थे। इसी दौरान राहगीरों ने पीछे की खिड़की से धुआं उठता देखा और सूचना दी। जब तक लोग ऊपर पहुंचे, तब तक आग पूरे शोरूम में फैल चुकी थी। इसके बाद शीशे तोड़कर आग बुझाने का प्रयास शुरू किया गया। आग की चपेट में आकर शोरूम में रखा इलेक्ट्रॉनिक सामान और फर्नीचर पूरी तरह जलकर राख हो गया। शोरूम मालिक के अनुसार इस हादसे में करीब 50 से 55 लाख रुपये का नुकसान हुआ है। स्थानीय लोगों ने भी बाल्टियों और पाइप के जरिए आग बुझाने की कोशिश की, लेकिन लपटों की तीव्रता के चलते प्रयास सफल नहीं हो सके। हालांकि लोगों की तत्परता से आग को आसपास की दुकानों तक फैलने से रोक लिया गया, जिससे बड़ा हादसा टल गया। फिलहाल आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है।

# जनता इंटर कॉलेज के विद्यार्थियों का शानदार प्रदर्शन, बोर्ड परीक्षा में लहराया परचम

## 90 प्रतिशत से अधिक अंक लाकर कई विद्यार्थियों ने बढ़ाया मान, विद्यालय में जश्न का माहौल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



तालगांव सीतापुर। परसेंडी क्षेत्र के जनता इंटर कॉलेज तालगांव के विद्यार्थियों ने हाईस्कूल बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए न सिर्फ विद्यालय बल्कि पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। परिणाम घोषित होते ही विद्यालय परिसर में खुशी का माहौल देखने को मिला। विज्ञान वर्ग के विद्यार्थियों ने खासतौर पर शानदार प्रदर्शन किया। असमी बानो ने 91.5 प्रतिशत अंक प्राप्त कर शीर्ष स्थान हासिल किया। वहीं मशीरह जुनेद अंसारी ने 91 प्रतिशत, अजमी ने 89 प्रतिशत, पलक जायसवाल ने 87.5 प्रतिशत तथा तैय्यबा नूर ने 86.5 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। इन विद्यार्थियों की सफलता उनके कठिन परिश्रम, अनुशासन और शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम मानी जा रही है। इसके अतिरिक्त विद्यालय के 23 अन्य विद्यार्थियों ने भी अच्छे अंक प्राप्त कर सामूहिक रूप से सफलता की नई इबारत लिखी। विद्यार्थियों ने अपनी इस उपलब्धि का श्रेय अपने अभिभावकों और शिक्षकों को देते हुए कहा कि निरंतर मेहनत और लक्ष्य के प्रति समर्पण से हर सफलता संभव है। साथ ही उन्होंने आगामी परीक्षाओं में शामिल होने वाले विद्यार्थियों को भी पूरी लगन और मेहनत से तैयारी करने का संदेश दिया। विद्यालय में इस उपलब्धि पर उत्सव जैसा माहौल रहा। विद्यालय प्रबंधक मानू अंसारी ने सभी सफल विद्यार्थियों को फूल-माला पहनाकर सम्मानित किया तथा मिठाई खिलाकर उनका उत्साहवर्धन किया। इस दौरान उपस्थित शिक्षकों ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि यह सफलता आने वाले समय में और बड़े लक्ष्य हासिल करने की प्रेरणा देगी। विद्यालय परिवार ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की और विश्वास जताया कि आने वाले वर्षों में भी इसी तरह बेहतर परिणाम सामने आएंगे।

# थाना समाधान दिवस पर डीएम-एसपी ने सुनीं फरियादें, त्वरित निस्तारण के निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सीतापुर । सम्पूर्ण थाना समाधान दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी डॉ0 राजागणपति आर0 एवं पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल ने थाना खैराबाद में जनसुनवाई कर आमजन की शिकायतों एवं समस्याओं को गंभीरता से सुना।

जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्राप्त शिकायतों का त्वरित, न्यायोचित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। राजस्व से संबंधित विवादों के शांतिपूर्ण समाधान हेतु राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम गठित कर मौके पर जाकर निस्तारण करने के निर्देश दिए गए।

जिलाधिकारी ने कहा कि आपसी विवादों के प्रकरणों में त्वरित एवं प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित की जाए तथा संवेदनशील मामलों में नियमानुसार निरोधात्मक कार्यवाही भी की जाए। उन्होंने विशेष रूप से महिला संबंधी अपराधों, भूमि विवादों एवं अवैध कब्जों से जुड़े मामलों के प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त, थाना समाधान दिवस से संबंधित रजिस्टर में शिकायतों के निस्तारण का पूर्ण विवरण दर्ज करने तथा समस्त अभिलेखों को अद्यतन बनाए रखने के निर्देश भी दिए गए।

## होमगार्ड भर्ती परीक्षा: डीएम-एसपी का औचक निरीक्षण, व्यवस्थाओं का लिया जायजा



कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर । जनपद सीतापुर में उ0प्र0 पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड, लखनऊ द्वारा उ0प्र0 होमगार्डस के पदों पर चयन हेतु आयोजित होने वाली लिखित परीक्षा के आज प्रथम दिन सकुशल, निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से सम्पन्न कराने के दृष्टिगत जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0 एवं पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल ने पं0 दीनदयाल उपाध्याय राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय खैराबाद का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखीं। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सी0सी0टी0वी0 कैमरे, पेयजल व्यवस्था एवं सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।

## नगर निगम ने चलाया अतिक्रमण हटाओ अभियान, ठेले वालों पर लगाया जुर्माना, बसूले 35 सौ रूपए

शाहजहांपुर। नगर आयुक्त सौम्या गुरुरानी के निर्देश पर नगर नगम की प्रवर्तन दल टीम ने नगर क्षेत्र के केरुगंज, घण्टाघर और बहादुरगंज क्षेत्र में भ्रमण कर अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। इस दौरान टीम ने दुकान के बाहर रोड पर किए अवैध अतिक्रमण और अस्थाई रूप से रोड पर यातायात में बाधा उत्पन्न करने वाले ठेले वालों के खिलाफ कार्रवाई कर जुर्माना लगाया। चेतावनी दी कि रोड पर अवैध रुप से अतिक्रमण न करें। अन्यथा की स्थिति में ऐसे लोगों के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई करते हुए जुर्माना बसूला जाएगा।

# एल. आर. पी. सरस्वती विद्या मंदिर का शानदार प्रदर्शन, बोर्ड परीक्षा में लहराया परचम

### हाईस्कूल में निर्भय राज अव्वल, इंटर में धीरज व अलीशा ने बढ़ाया मान — प्रधानाचार्य अभिषेक दीक्षित के नेतृत्व की दिखी चमक

कैनविज टाइम्स संवाददाता




महरेहटा, सीतापुर। ब्लॉक महरेहटा के ग्राम पंचायत सडिला स्थित एल. आर. पी. सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज ने इस वर्ष की हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षा में सफलता के नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं। विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत (100%) रहा, जिसने पूरे क्षेत्र को गौरवान्वित किया है। इस बड़ी उपलब्धि से छात्रों, अभिभावकों और शिक्षण स्टाफ में भारी उत्साह देखा जा रहा है।

प्रधानाचार्य अभिषेक दीक्षित के कुशल नेतृत्व का परिणाम- विद्यालय की इस ऐतिहासिक सफलता के पीछे प्रधानाचार्य अभिषेक दीक्षित का विशेष योगदान माना जा रहा है। उनकी अनुशासनप्रिय कार्यशैली और छात्रों के प्रति निरंतर समर्पण ने विद्यालय को शैक्षिक ऊंचाइयों पर पहुँचाया है। अपनी प्रतिक्रिया देते हुए प्रधानाचार्य ने कहा: ''यह सफलता छात्रों के कठिन परिश्रम, शिक्षकों के अटूट समर्पण और अभिभावकों के अटूट विश्वास का साझा परिणाम है। हमारे छात्र ही देश का भविष्य हैं और उनकी उन्नति ही हमारा असली लक्ष्य है। विद्यालय परिवार ने सभी सफल विद्यार्थियों को मिठाई खिलाकर बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामना की। इस उपलब्धि से क्षेत्र के शिक्षाविदों ने भी विद्यालय की सराहना की है।

### हाईस्कूल: निर्भय राज ने किया टॉप

हाईस्कूल परीक्षा में विद्यालय के मेधावी छात्रों ने कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच उत्कृष्ट अंक प्राप्त किए:

निर्भय राज: 85% (506 अंक) S प्रथम स्थान
रोमिल कुमार राज: 84% (504 अंक) S द्वितीय स्थान
पंकज कुमार: 82% (492 अंक)
अंशिका अवस्थी: 82% (491 अंक)
पारुल मिश्रा: 81% (486 अंक)

इंटरमीडिएट: धीरज और अलीशा ने बढ़ाया मान

इंटरमीडिएट के छात्रों ने भी अपने बेहतरीन प्रदर्शन से विद्यालय का गौरव बढ़ाया:

आयुषी: 83% (411 अंक)
अनमय दीक्षित: 81% (406 अंक)
आरती सिंह: 80% (405 अंक)
अलीशा हयात व निधि कुमारी राठौर: 81% (402-402 अंक)

# रोस्टिंग, रोस्टिंग, रोस्टिंग रात में आधे आधे घंटे बाद होती है रोस्टिंग

कैनविज टाइम्स संवाददाता

### दिन में कई बार रोस्टिंग, नहीं चार्ज होते इन्वर्टर और मोबाइल

### उपभोक्ताओं को रुला रही रोस्टिंग। ना ही कोई शेड्यूल, देर रात में भी की जाती है रोस्टिंग।

बिसवां (सीतापुर)। विद्युत उपकेंद्र सांडा से मिलने वाली बिजली सप्लाई ने अब जहांगीराबाद क्षेत्र के उपभोक्ताओं को रुलाना शुरू कर दिया है। रोस्टिंग, रोस्टिंग, रोस्टिंग, जब देखो तब रोस्टिंग। ना ही कोई रोस्टिंग की समय सीमा है और ना ही कोई शेड्यूल। बिजली विभाग जब भी चाहता है तो रोस्टिंग का मैसेज ग्रुप पर डालकर रोस्टिंग हो जाती है। पहले यह रोस्टिंग सुबह से शाम के बीच पूरे दिन में मात्र दो या तीन बार हुआ करती थी मगर इधर कई दिनों से काफी रोस्टिंग हो रही है। इन दिनों भयंकर गर्मी भी शुरू हो गई है जिससे आम जनजीवन अस्त-व्यस्त है। पहले दिन में दो बार तीन-तीन घंटे करके कुल 6 घंटे की कटौती हुआ करती थी। जिससे लोगों को लगभग 18 घंटे बिजली सप्लाई मिल जाया करती थी। लेकिन इधर कई दिनों से देखा जा रहा है कि बिजली की सप्लाई सही तरीके से आम उपभोक्ताओं को नहीं मिल पा रही है। जिससे क्षेत्र के लगभग दो दर्जन से अधिक गांवों की बिजली सप्लाई प्रभावित है।दिन की कौन कहे इस भयंकर गर्मी में रात्रि में भी रोस्टिंग की जाती है। जिससे विद्युत उपभोक्ता काफी परेशान हैं। गर्मी के साथ साथ रात्रि में मच्छरों से भी परेशान होना पड़ता है। शुक्रवार सुबह लगभग 5:30बजे बिजली चली गई। जिसके बाद ग्रुप पर मेसेज आया कि सुबह 5:30 बजे से 7:30 बजे तक सांडा पावर सब स्टेशन पर रोस्टिंग रहेगी। दिन में थोड़ी देर के लिए बिजली सप्लाई आई और तुरंत 19:25 बजे फिर मेसेज आया कि 19:25 से 20:25 तक साण्डा पावर हाउस में रोस्टिंग रहेगी। इसके बाद पुनः मैसेज लिखकर आ गया कि सांडा पावर हाउस पर 21:10 बजे से 22:10 तक रोस्टिंग। फिर पुनः रोस्टिंग मेसेज 22:30 से 23:30 तक। आधे घंटे बाद ही रात्रि 12:05 से 01:05 तक। पुनः इमरजेंसी रोस्टिंग 30 मिनट। पुनः रात्रि 2:20 से 3:35 बजे तक रोस्टिंग। इसके बाद सुबह 4:55 से 5:55 तक साण्डा पावर हाउस में रोस्टिंग का मेसेज आया और उपभोक्ताओं को बिजली सप्लाई नहीं मिली।बस ग्रुप पर केवल मेसेज पड़ते रहते। देर शाम को पहले ब्रेक डाउन, फिर शट-डाउन और इसके बाद रोस्टिंग हो जाया करती है।यह क्रम इधर लगभग रोज ही चल रहा है। गत वृहस्पतिवार को भी यही हाल रहा था।देर रात तक रोस्टिंग होकर बार बार ट्रिपिंग होती रही। ज्यादातर विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों के फोन नहीं मिलते हैं और अगर कहीं गलती से फोन स्विच ऑन भी हो गया तो बताया जाता है कि लाइन में फाल्ट है,काम हो रहा है या बताया जाता है कि रोस्टिंग हो गई। रोस्टिंग का कोई शेड्यूल नहीं है। देर रात तक तथा रात्रि में अनेकों बार रोस्टिंग की जाती है।इस लाइन पर दर्जनों गांवों की लगभग तीस हजार से अधिक की आबादी बिजली की इस दुर्व्यवस्था से त्रस्त है। क्षेत्र के विद्युत उपभोक्ता हरिनाम वर्मा, अरुण कुमार तिवारी, हरगोविंद वर्मा, रामसिंह वर्मा,अमर सिंह,मो0 रिजवान, हिसामुद्दीन, राम नरेश सैनी, राकेश नंद, उमेश गौड़,मुनीष कुमार, दिनेश प्रकाश, अवधेश कुमार व नरेन्द्र कुमार सहित दर्जनों उपभोक्ताओं ने इस बिजली की सप्लाई में रात्रि की बार बार की रोस्टिंग से मुक्ति दिलाये जाने व 24 घंटों में लगभग 18 घंटे पूर्व की भांति बिजली सप्लाई दिलाये जाने की मांग की है।

इस सम्बन्ध में अवर अभियंता सुरेश चन्द्र ने बताया कि इस समय गेहूं की फसल की कटाई व खेतों में थ्रेशिंग चल रही है जिस कारण से सावधानी वश तेज हवा चलने पर दिन में बिजली सप्लाई बंद कर दी जाती है।रही बात रोस्टिंग की तो लगभग दिन में 6 घंटे की रोस्टिंग रहती है। रात में कभी कभी इमरजेंसी रोस्टिंग होती है। रोस्टिंग भी साण्डा पावर हाउस से नहीं ऊपर से होती है। ब्रेक डाउन और सिड्डाउन के बारे में बताया कि कभी कभी तेज हवा के कारण पेड़ों की डालियां तार पर गिर जाती हैं जिन्हें पेट्रोलिंग कराकर फाल्ट को सही कराया जाता है। वैसे ग्रामीण क्षेत्र में 18 घंटे बिजली सप्लाई दी जा रही है।

## भाजपा ने निकाली महिला जन आक्रोश रैली, विपक्ष का किया पुतला दहन

अमेठी । उत्तर प्रदेश के अमेठी जनपद मुख्यालय गौरीगंज स्थित निजी महाविद्यालय परिसर में शनिवार को ूमहिला जन आक्रोश प्रदर्शन अभियानङ्क के अंतर्गत एक जिला महिला सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों से आई महिलाओं की सशक्त उपस्थिति प्रदान की। सम्मेलन के उपरांत महिलाओं ने गौरीगंज की सड़कों पर उतरकर अपना आक्रोश दिखाया एवं विपक्षी दलों का पुतला दहन किया। मुख्य वक्ता उत्तर प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री एवं अमेठी के प्रभारी मंत्री सतीश चंद्र शर्मा उपस्थित रहे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष सुधांशु शुक्ला ने की। आयोजन के संयोजक जिला महामंत्री विषुव मिश्रा रहे तथा कार्यक्रम का संचालन महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष एवं जिला मंत्री आशा बाजपेई ने किया। अपने संबोधन में सतीश चंद्र शर्मा ने कहा कि महिलाओं के सशक्तिकरण, आत्मनिर्भरता और राष्ट्र निर्माण में उनकी भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि वर्तमान सरकार महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

## यू0पी0पावर कार्पोरेशन निविदा संविदा कर्मचारी संघ सीतापुर ने मांगों के समर्थन में दी घरना प्रदर्शन की चेतावनी

बिसवां (सीतापुर) कैनविज टाइम्स संवाददाता। उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन निविदा संविदा कर्मचारी संघ सीतापुर की बैठक जिलाध्यक्ष सुखविंदर सिंह की अध्यक्षता में रेउसा में सम्पन्न हुई।जिसमें संघ की मांगों के सम्बन्ध में चर्चा व विचार विमर्श किया गया। बैठक में एक मांगपत्र भी तैयार किया गया जिसमें गत 8 अप्रैल 2026 को पन्द्रह दिनों के अन्दर पावर कार्पोरेशन के आदेश का पालन कराते हुए मई 2025 में हटाये गये कर्मचारियों को कार्य पर वापस लेने व जून 2025 के बकाये वेतन का भुगतान कराने, विद्युत उपकेंद्रों पर ड्यूटी चार्ट लगाने, 8 घंटे 26 दिन कार्य कराने,बात बात में कार्य से हटाने की धमकी न देने, खण्ड के सक्षम अधिकारी द्वारा प्रमाणित परिचय पत्र देने व ईएसआईसी कार्ड देने एवं दुर्घटना में मृत हुए कर्मचारियों के परिजनों को दुर्घटना हित लाभ दिलाने की मांग सहित अन्य बिंदुओं पर सहमति जताते हुए मांगपत्र तैयार किया गया। जिलाध्यक्ष ने आरोप लगाया कि सांसद सीतापुर की उपस्थिति में अधीक्षण अभियन्ता विद्युत वितरण मण्डल सीतापुर व संगठन पदाधिकारियों के बीच हुई बैठक में जो वार्ता सहमति बनी थी उसका पालन नहीं किया गया बल्कि अधिशासी अभियन्ता,विद्युत वितरण खण्ड महमूदाबाद द्वारा प्रतिशोध स्वरुप 04 सितम्बर 2018 के उच्च न्यायालय के आदेश का उलंघन/ अवमानना कर 26 कर्मचारियों का स्थानांतरण किया जा रहा है जिससे कर्मचारियों में भारी आक्रोश व्याप्त है। इस बात को ध्यान में रखकर संगठन द्वारा आगामी 27 अप्रैल को अधीक्षण अभियन्ता विद्युत वितरण मण्डल सीतापुर के कार्यालय पर धरना प्रदर्शन करने एवं इसके बावजूद भी समस्याओं का समाधान न होने पर 28 अप्रैल 2026 से अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन करने का निर्णय लिया गया है।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में विभिन्न कार्यों एवं योजनाओं की समीक्षा बैठक हुयी सम्पन्न

सीतापुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0 की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में गुरूवार को विकास खण्ड के माध्यम से संचालित विभिन्न कार्यों एवं योजनाओं की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुयी। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने समस्त खण्ड विकास अधिकारियों एवं अन्य संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये कि संचालित निर्माण कार्यों को पूरी गुणवत्ता के साथ समय से पूर्ण करायें एवं लाभार्थीपरक योजनाओं से पात्रों को लाभान्वित किया जाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि खण्ड विकास अधिकारी इसका नियमित रूप से अनुश्रवण करें। यदि कोई अधिकारी/कर्मचारी दायित्वों के निर्वहन में लापरवाही करता पाया जाये तो नियमानुसार अनुशासनिक कार्यवाही की जाये। जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन से संबंधित समस्त रिकार्ड अद्यतन रखे जायें। उन्होंने कहा कि खण्ड विकास अधिकारी, ए0डी0ओ0 पंचायत एवं बी0एम0एम0 संयुक्त रूप से प्रयास करते हुये राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करायें। 10 दिन के भीतर आजीविका रजिस्टर पूर्ण कराये जाने के निर्देश जिलाधिकारी ने दिये। उन्होंने कहा कि सभी विकास खण्डों मं समूह सखी की मीटिंग करायी जाये तथा स्वयं सहायता समूहों के बैंक खाते खुलवाते हुये उन्हें योजनाओं से लाभान्वित किया जाये। सभी विकास खण्डों में स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से बड़े उद्योग स्थापित कराये जाने की कार्ययोजना पर भी चर्चा की गयी। जिलाधिकारी ने कहा कि राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन महिलाओं के सशक्तीकरण हेतु शासन द्वारा संचालित अत्यन्त महत्वपूर्ण योजना है, इसलिये इसका प्रभावी क्रियान्वयन सुनिंश्चित किया जाये।

## नगर निगम की कार्यकारिणी बैठक में विकास कार्यों को जल्द पूर्ण करने के निर्देश

शाहजहांपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। महापौर अर्चना वर्मा की अध्यक्षता में कार्यकारिणी की बैठक नगर निगम सभागार में आयोजित की गई। बैठक में महानगर के चैमुखी विकास कार्यों को जल्द पूर्ण कराये जाने के निर्देश दिए गए। बैठक में हीटवेव से आम जनमानस को बचाने के लिए सदस्यों ने महानगर में विभिन्न स्थानों पर टीनशेड, पशओं के पीने के लिए पानी के टब रखवाने, वार्डो में समुचित वाटर कूलर की व्यवस्था किये जाने से संबंधित सुझाव दिए। महापौर अर्चना वर्मा और नगर आयुक्त सौम्या गुरुरानी ने जल्द ही सुझावों पर विचार कर आवश्यक कार्रवाई किए जाने का आश्वासन दिया। इस दौरान नगर आयुक्त ने महानगर क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों को समय से पूर्ण करने के निर्देश संबंधित विभागों के अधिकारियों को दिए। साथ ही निर्माण कार्यों को समय से पूर्ण न कराये जाने की स्थिति में फर्मों को नोटिस जारी कर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। बैठक में नगर निगम के उप-सभापति वेदप्रकाश मौर्या, अपर नगर आयुक्त एसके सिंह, मुख्य अभियंता सिविल आशीष त्रिवेदी, महाप्रबंधक जल विजय नारायण मौर्य, लेखाधिकारी नरेन्द्र प्रताप सिंह, कर निर्धारण अधिकारी, कार्यकारिणी के सदस्य आदि मौजूद रहे।

# सपा के प्रदेश अध्यक्ष का शाहजहांपुर में हुआ जोरदार स्वागत



कैनविज टाइम्स संवाददाता

शाहजहांपुर। लखनऊ से जनपद अमरोहा एक कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल का शाहजहांपुर में जगह-जगह जोरदार स्वागत हुआ। सपा जिलाध्यक्ष तनवीर खां के नेतृत्व में पार्टी के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने बरेली रोड स्थित स्वागत ढाबा पर प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल का फूलमाला पहनाकर व बुके देकर स्वागत किया। इसके बाद नगर पंचायत कटरा में पूर्व विधायक राजेश यादव, पूर्व एमएलसी अमित यादव, पूर्व चेयरमैन सुकेश गुप्ता, सपा नगर पंचायत अध्यक्ष पद के प्रत्याशी डॉ भरत पटेल आदि ने उनका फूलमाला पहनाकर स्वागत किया। इसके बाद प्रदेश अध्यक्ष नगर पंचायत अध्यक्ष पद के प्रत्याशी डॉ. भरत पटेल के चुनाव कार्यालय पहुंचे। जहां उन्होने प्रेसवार्ता सपा प्रत्याशी डॉ. भरत पटेल को भारी बहुमत से जिताने की अपील की। कहा कि भारत के संविधान व लोकतंत्र को बचाने के लिए साइकिल वाले खाने में मोहर लगाकर सपा प्रत्याशी डॉ. भरत पटेल को भारीमतों से विजय बनाएं। इस दौरान पूर्व मंत्री अवधेश कुमार वर्मा, सपा जिला महासचिव रंणजय सिंह यादव, सपा नगर विधानसभा अध्यक्ष अतिउल्ला सिद्दीकी, महिला सभा की राष्ट्रीय सचिव गायत्री वर्मा, सपा महानगर अध्यक्ष रामकुमार भोजवाल, लखन प्रताप सिंह, अरविंद पाल, प्रदीप तिवारी उर्फ पिंटू, प्रसून कुमार कनौजिया, मुकेश यादव एडवोकेट, हफीज अंसारी, नाजिम फारूकी, राधेश्याम यादव, मोहसिन खान, संतोष कुमार, अमन खान, उजैर खान, आरिफ खान, रानू खान, धर्मेंद्र यादव, दिनेश यादव, अरविंद कश्यप आदि कई लोग मौजूद रहे।

# नैनो उर्वरकों से बढ़ेगा उत्पादन, केवीके कटिया में किसानों को दिया गया प्रशिक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सीतापुर । इफको द्वारा कृषि विज्ञान केंद्र कटिया सीतापुर क्षेत्र दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया, यहाँ गेहूं की फसल पर नैनो उर्वरकों का प्रदर्शन किया गया था, जिसका अवलोकन किसानों ने किया और रासायनिक उर्वरकों को 50 प्रतिशत कम करके नैनो उर्वरकों का उपयोग किया और फसल को देखकर संतुष्ट हुए। कार्यक्रम की शुरुआत डा0 सचिन तोमर द्वारा अतिथियों का स्वागत करते हुए किया और लगाए गए प्रदर्शन के बारे में किसानों को जानकारी दी। साथ ही किसानों को रासायनिक उर्वरकों के विकल्प के रूप में नैनो उर्वरक, जैव उर्वरक, बायो डिकॉम्पोज़र, हरी खाद आदि का उपयोग करने की सलाह दी। कृषि विज्ञान केंद्र के प्रमुख बैज्ञानिक डा0 दया शंकर श्रीवास्तव जी ने किसानों को जैव उर्वरक, हरी खाद, नैनो डी0ए0पी0 से बीज/जड़ उपचार करके खेती करें, निश्चित लाभ मिलता है, हम लोगों ने प्रदर्शन करके देखा है और अच्छा रिजल्ट मिला है। क्षेत्र अधिकारी इफको सीतापुर सचिन प्रताप सिंह ने किसानों को संतुलित मात्रा में उर्वरकों का प्रयोग करने की सलाह दी, इफको सीतापुर में मिट्टी जांच का अभियान चला रहे हैं, मिट्टी जांच के नमूने लेने की विधि बताई और इफको निःशुल्क किसानों की मिट्टी की जांच करवाती है। साथ ही किसानों रासायनिक उर्वरकों को 50 प्रतिशत कम करके नैनो उर्वरकों का प्रयोग करने का आव्हान किया। इफको के उप महा प्रबंधक श्री एस0सी0 मिश्रा ने किसानों को नैनो उर्वरक का प्रयोग करने की सलाह दी आपकी खेती में उत्पादन बढेगा नैनो यूरिया प्लस 4 एम0एल0 प्रति लीटर मात्रा पानी मे घोलकर 30 से 35 दिन बाद फसल की पत्तियों पर छिड़काव करें, नैनो डी0ए0पी0 से 5 एमएल0 प्रति किग्रा0 बीज का उपचार करके बोआई करें, फसल का जमाव अच्छा रहेगा। डा0 आनंद सिंह ने किसानों पशुओं के रख रखाव, खान पान आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी। इस कार्यक्रम में अन्य वैज्ञानिक डा0 आनंद सिंह, डा0 शैलेन्द्र सिंह, डा0 रीमा, नितेश सिंह, विमल वर्मा, रंजीत कुमार एवं 80 प्रगति शील किसान उपस्थित रहे।

# प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना से बदली गरीब परिवारों की रसोई, स्वास्थ्य और सम्मान को मिला नया आयाम

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूं। महिलाओं के स्वास्थ्य एवं सुगमता के दृष्टिगत तथा धुंआ मुक्त ईधन उपलब्ध कराने के उददेश्य से मा0 प्रधानमंत्री द्वारा उज्जवला योजना का शुभारम्भ 01 मई 2016 को किया गया था। केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना ने जनपद बदायूं में गरीब एवं वंचित परिवारों के जीवन में व्यापक बदलाव लाया है। इस योजना के माध्यम से महिलाओं को धुएं से मुक्ति दिलाकर उन्हें स्वच्छ, सुरक्षित एवं सम्मानजनक जीवन प्रदान करने की दिशा में महत्वपूर्ण कार्य किया गया है। उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार जनपद बदायूँ में कुल 427386 लाभार्थियों को उज्ज्वला योजना के अंतर्गत निशुल्क गैस कनेक्शन उपलब्ध कराए गए हैं।




उज्जवला योजना के अन्तर्गत एक कनेक्शन का मूल्य 3962 रू0 होता है जिसमें 2200 रु0 भारत सरकार द्वारा वहन किया जाता है तथा शेप 1762 रू0 (गैस चूल्हा एवं रिफिल का मूल्य) उपभोक्ताओं की सब्सिडी में से लोन के माध्यम से समायोजित किया जाता है। इस प्रकार लाभार्थी को निःशुल्क कनेक्शन उपलब्ध हो जाता है। रिफिल वितरण का निर्धारित समयः राज्य सरकार द्वारा प्रदेश के प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के लाभार्थियो को 02 निःशुल्क एल0पी0जी0 सिलेण्डर रिफिल प्रदान किए जाने का निर्णय लिया गया है।

पीएमयूवाई कनेक्शन के तहत कनेक्शन प्राप्त करने के लिए आवेदक की आयु 18 वर्ष या उससे अधिक होनी चाहिए। उसी परिवार में किसी अन्य तेल विपणन कंपनी (ओएमसी) का कोई अन्य एलपीजी कनेक्शन नहीं होना चाहिए। योजना अन्तर्गत बी0पी0एल0, अन्त्योदय अन्न योजना, एसईसी 2011 डाटा, प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना, एस0सी0, एस0टी0 अति पिछडा वर्ग के परिवारों, चाय बागान, जंगलों में रहने वाले परिवारों तथा आईलेण्ड में रहने वाले परिवारों को निःशुल्क गैस कनेक्शन उपलब्ध कराया जाता है। उज्जवला योजना के कनेक्शनधारक द्वारा उज्जवला योजना के अन्तर्गत सिलेण्डर रिफिल बुक करने पर डिलीवरी के समय सिलेण्डर रिफिल के मूल्य का भुगतान किया जाता है। गैस कम्पनी द्वारा लाभार्थी के आधार बेस्ड खाते में सिलेण्डर डिलीवरी के 02 से 03 दिवस के भीतर निर्धारित अनुमन्य सब्सिडी अंतरित कर दी जाती हैं। यह पहल विशेष रूप से उन परिवारों के लिए वरदान साबित हुई है, जो पहले लकड़ी, उपले या कोयले जैसे पारंपरिक ईंधनों पर निर्भर थे। इन पारंपरिक साधनों से निकलने वाला धुआं महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य के लिए अत्यंत हानिकारक होता था, जिससे आंखों एवं फ़ेफड़ों से संबंधित गंभीर बीमारियां उत्पन्न होती थीं। योजना के क्रियान्वयन के पश्चात अब बड़ी संख्या में महिलाओं को स्वच्छ ईंधन उपलब्ध हुआ है, जिससे उनके स्वास्थ्य में सुधार के साथ-साथ समय की भी बचत हो रही है। पहले जहां महिलाओं को घंटों लकड़ी इकट्ठा करने में समय व्यतीत करना पड़ता था, वहीं अब वे इस समय का उपयोग अन्य घरेलू कार्यों, बच्चों की देखभाल अथवा स्वरोजगार गतिविधियों में कर पा रही हैं।

प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना ने महिलाओं के सशक्तिकरण को भी बढ़ावा दिया है। रसोई में स्वच्छता आने से उनका जीवन स्तर बेहतर हुआ है और उन्हें सामाजिक सम्मान भी प्राप्त हुआ है। इसके अतिरिक्त, पर्यावरण संरक्षण की दिशा में भी यह योजना अत्यंत लाभकारी सिद्ध हुई है, क्योंकि इससे वनों पर निर्भरता कम हुई है और प्रदूषण में कमी आई है।

जिला प्रशासन द्वारा योजना के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। पात्र लाभार्थियों की पहचान कर उन्हें शीघ्रता से लाभान्वित किया जा रहा है तथा जागरूकता अभियानों के माध्यम से लोगों को स्वच्छ ईंधन के उपयोग के प्रति प्रेरित किया जा रहा है। जनपद के लाभार्थियों ने भी इस योजना के प्रति संतोष व्यक्त किया है और इसे अपने जीवन में सकारात्मक परिवर्तन का माध्यम बताया है। उज्ज्वला योजना ने न केवल रसोई को धुएं से मुक्त किया है, बल्कि महिलाओं के जीवन में स्वास्थ्य, सुरक्षा और सम्मान का नया अध्याय भी जोड़ा है।

## युवती की हत्या कर सड़क किनारे फेंका शव गले पर चोट के निशान, पुलिस जांच में जुटी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूं। कादरचौक थाना क्षेत्र में एक युवती का शव सड़क किनारे पड़ा मिला। उसके गले पर चोट के निशान हैं। पुलिस के मुताबिक प्रथमदृष्टया हत्या कर शव फेंके जाने की आशंका है। मृतका की शिनाख्त कराने के प्रयास किए जा रहे हैं। आपको बता दें कि कादरचौक थाना क्षेत्र में सनसनीखेज वारदात सामने आई है, जहां एक युवती की हत्या कर उसका शव सड़क किनारे फेंक दिया गया। ग्रामीणों ने शनिवार सुबह सड़क किनारे शव पड़ा देखा तो इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। युवती की पहचान अभी नहीं हो सकी है। उसकी उम्र करीब 21 साल बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार कादरचौक थाना क्षेत्र के गांव सिसैया नगला के पास बदायूं-कादरचौक मार्ग पर पश्चिम दिशा की ओर सड़क किनारे करीब 21 वर्षीय अज्ञात युवती का शव पड़ा मिला। राहगीरों की सूचना पर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और छानबीन की। इसके बाद फॉरेंसिक टीम को बुलाकर घटनास्थल की बारीकी से जांच कराई गई। मौके से कोई ऐसी चीज नहीं मिली है, जिससे युवती की पहचान हो सके। वहीं पुलिस के मुताबिक युवती शादीशुदा प्रतीत हो रही है। शव की स्थिति देखकर आशंका जताई जा रही है कि युवती की कहीं और हत्या करने के बाद उसे यहां लाकर फेंका गया है। गले पर स्पष्ट चोट और दबाव के निशान मिलने से गला दबाकर हत्या किए जाने की आशंका है। घटनास्थल से पुलिस को एक और अहम सुराग मिला है। शव के पास से दूसरी महिला की चप्पल भी बरामद हुई है, जिससे कयास लगाए जा रहे हैं कि वारदात में किसी अन्य महिला की भी मौजूदगी रही होगी, जो जल्दबाजी में अपनी चप्पल वहीं छोड़ गई। मृतक युवती प्लाजो और सूट पहने हुए थी। उसके दाहिने पैर में काला धागा बंधा हुआ था। उसके घुटनों पर रेत लगी होने से यह भी अनुमान लगाया जा रहा है कि शव को कहीं और से लाकर यहां डंप किया गया है। थाना प्रभारी विक्रम सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है और युवती की शिनाख्त कराने के प्रयास किए जा रहे हैं। पुलिस आसपास के क्षेत्रों में गुमशुदगी की रिपोर्ट का भी मिलान कर रही है।

## थाना समाधान दिवस : थाना खीरी में डीएम-एसपी ने सुनी समस्याएं, दिए निस्तारण के निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखीमपुर खीरी। जिले के सभी थानों में शनिवार को समाधान दिवस का आयोजन हुआ। इसमें पुलिस और भूमि विवाद से जुड़े मामलों की सुनवाई हुई। पुलिस, प्रशासनिक अफसरों ने शिकायत सुनकर निस्तारण कराया। डीएम अंजनी कुमार सिंह और एसपी डॉ ख्याति गर्ग ने थाना खीरी में आयोजित थाना समाधान दिवस में पहुंचे, जहां उन्होंने फरियादियों से रूबरू होकर समस्याएं सुनी।



समाधान दिवस में डीएम अंजनी कुमार सिंह ने कहा कि राजस्व-पुलिस से सम्बन्धित शिकायतें का निस्तारण आपसी सामंजस्य से सुनिश्चित कराए। इसमें किसी भी स्तर पर हीलाहवाली क्षम्य नही होगी। पीड़ितों की समस्याओं को खुद समझ कर दूर करें। फोर्स के साथ राजस्वकर्मी मौके पर जाकर विवादित मामलों का निस्तारण करें। अगर मामला गंभीर है तो तत्काल एसडीएम, तहसीलदार को अवगत कराएं, ताकि अधिकारी मौके पर जाकर समाधान करें। डीएम-एसपी ने फरियादियों की समस्याओं को सुनकर संबंधित अधिकारियों को मौके पर जाकर जनशिकायतों की निष्पक्ष जाँच करके विधिक निस्तारण करने के निर्देश दिए। थाना समाधान दिवस में प्राप्त प्रार्थना पत्रों का समयबद्ध रूप से निस्तारण करने के लिए निर्देशित किया। इस दौरान तहसीलदार सदर मुकेश कुमार, राजस्व एवं पुलिस के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

## डीएम का स्कूल दौरा : बच्चों के बीच बैठकर जानी पढ़ाई की असली तस्वीर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखीमपुर खीरी । परिषदीय विद्यालयों में शिक्षा की गुणवत्ता और व्यवस्थाओं की जमीनी हकीकत जानने के लिए जिलाधिकारी अंजनी कुमार सिंह शनिवार को विकास क्षेत्र लखीमपुर के प्राथमिक विद्यालय राजापुर पहुंच गए। डीएम के अचानक पहुंचने से विद्यालय में हलचल जरूर दिखी, लेकिन उन्होंने पूरे निरीक्षण को गंभीरता और गहराई से अंजाम दिया।




निरीक्षण के दौरान डीएम ने सर्वप्रथम कक्षा-5 में चल रही स्मार्ट क्लास का अवलोकन किया। स्मार्ट टीवी पर पढ़ाई जा रही विषय वस्तु पर उन्होंने बच्चों से प्रश्न पूछे, जिनका विद्यार्थियों ने आत्मविश्वास के साथ सही उत्तर दिया। इसके बाद डीएम ने बच्चों से सीधे संवाद कर उनके शैक्षिक स्तर की जांच की। इस दौरान वे स्वयं शिक्षक की भूमिका में नजर आए और बच्चों को समझाते हुए भी देखे गए।

होनहार छात्र अनमोल की सराहना होनहार छात्र अनमोल ने गणित विषय में महत्तम समापवर्तक और लघुत्तम समापवर्त्य से जुड़े प्रश्नों के सटीक उत्तर देकर सभी का ध्यान आकर्षित किया। डीएम अंजनी कुमार सिंह ने उसकी सराहना करते हुए शिक्षक-अभिभावक बैठक में सम्मानित करने के निर्देश दिए। अन्य विद्यार्थियों का अधिगम स्तर भी संतोषजनक पाया गया। डीएम ने अन्य कक्षाओं में पहुंचकर भी पठन-पाठन की गुणवत्ता, शिक्षण व्यवस्था और बच्चों की सहभागिता का बारीकी से निरीक्षण किया और छात्रों से घुल-मिलकर संवाद किया। इसके बाद जिलाधिकारी ने मिड डे मील की भी जांच की और स्वयं भोजन की गुणवत्ता परखी, जो मानकों के अनुरूप पाई गई। डीएम अंजनी कुमार सिंह ने कहा कि परिषदीय विद्यालयों में शिक्षा की गुणवत्ता, अनुशासन और पारदर्शी व्यवस्था सुनिश्चित करना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## राज इण्डेन गैस सर्विस फिर एक बार सुर्खियों में कनेक्शन होने के बावजूद नहीं दिया सिलेंडर डीएम से शिकायत

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर। पूरनपुर तहसील क्षेत्र से एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है, जहां गैस कनेक्शन होने के बावजूद उपभोक्ता को सिलेंडर नहीं मिल पा रहा है पीड़ित ने जिलाधिकारी से शिकायत कर न्याय की गुहार लगाई है जानकारी के अनुसार, ग्राम तकिया दीनारपुर निवासी अनुज कुमार ने जिलाधिकारी को दिए शिकायती पत्र में बताया कि उनके पिता राजेन्द्र प्रसाद के नाम से रूरिया सलेमपुर स्थित राज इण्डेन गैस सर्विस पर गैस कनेक्शन लिया गया है इसके बावजूद एजेंसी द्वारा उन्हें नियमित रूप से गैस सिलेंडर उपलब्ध नहीं कराया जा रहा है पीड़ित का आरोप है कि जब भी वह गैस लेने एजेंसी पर पहुंचता है, तो संचालक उसे किसी न किसी बहाने से वापस भेज देता है। इतना ही नहीं, उसके नाम पर आने वाले सिलेंडर को कथित तौर पर ब्लैक में बेच दिया जाता है। इस वजह से उसके परिवार को खाना बनाने जैसी दैनिक जरूरतों में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है अनुज कुमार ने अपने शिकायती पत्र में यह भी आरोप लगाया है कि संबंधित गैस एजेंसी पर अनियमितताओं और घोटाले की पहले भी कई शिकायतें हो चुकी हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है पीड़ित ने जिलाधिकारी से मांग की है कि मामले की जांच कर दोषी एजेंसी संचालक के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए और उसे नियमित रूप से गैस सिलेंडर उपलब्ध कराया जाए अब देखना यह होगा कि प्रशासन इस शिकायत को कितनी गंभीरता से लेते हुए क्या कार्रवाई करता है, ताकि उपभोक्ताओं को उनकी मूलभूत सुविधाएं समय पर मिल सकें।

## तहसील में मारपीट पर तीन अधिवक्ताओं के खिलाफ मुकदमा दर्ज

कैनविज टाइम्स संवाददाता

तिलोई अमेठी । तहसील तिलोई प्रांगण में शुक्रवार को दो अधिवक्ताओं के बीच हुई मारपीट के मामले में पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर पर तीन नामजद अधिवक्ताओं के खिलाफ मुकदमा दर्जकर लिया है। पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल शुरु कर दी है लेकिन विवाद की चिंगारी अभी भी सुलग रही है। तहसील तिलोई के अधिवक्ता अश्वनी कुमार श्रीवास्तव पुत्र शिव पुत्तन लाल श्रीवास्तव निवासी ग्राम पूरे कैथन मजरे टेढई थाना शिवरतनगंज ने पुलिस को सौंपी गई तहरीर में लिखा है कि मेरा भाई आदर्श ग्राम सातनपुरवा का बीएलओ तथा अनिल पाण्डेय सातन पुरवा के ग्राम प्रधान है जो जबरियन ग्राम पंचायत सूची में नाम बढबाना चाहते थे। जिसे प्रार्थी के भाई ने नही बढाया इसी रंजिश को लेकर अनिल कुमार के भाई विवेक कुमार पाण्डेय शुक्रवार को ग्यारह बजे तहसील परिसर में गाली दिया लोगो ने बीच बचाव कर दिया उसके बाद लगभग साढ़े बारह बजे पर तहसील के सामने होटल पर बैठा चाय पी रहा था तभी अनिल कुमार पाण्डेय व विवेक कुमार पाण्डेय होटल पर आकर गंदी गंदी गाली दिया तथा मारा पीटा। पुलिस ने अनिल पाण्डेय एवं उनके भाई विवेक पाण्डेय के खिलाफ मुकदमा दर्जकर लिया है। इसी क्रम में अनिल कुमार पाण्डेय ने पुलिस को सौंपी गई तहरीर में लिखा है कि मेरा छोटा भाई विवेक पाण्डेय जो तहसील में ही वकालत करता है जिससे पुराने पैसे के लेन देन में मेरे भाई को गाली गलौज करता है व मारपीट करता है। मेरे भाई द्वारा मुझे अवगत कराया गया तो मैंने इनसे मारपीट का कारण पूछा तो मुझे भी गाली गलौज देते हुये हाथापाई की व जान से मारने की धमकी दी व कहा कि तुम्हारे छोटे भाई विवेक को तो किसी दिन रास्ते में गोली मार देंगे। मेरे भाई को उक्त विपक्षी से जान का खतरा है और जान से मारने की नियत से गला दबा दिया। पुलिस ने अधिवक्ता अनिल पाण्डेय की तहरीर पर अश्वनी कुमार श्रीवास्तव के खिलाफ मुकदमा दर्जकर लिया है। इस सम्बंध में थाना मोहनगंज के प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर पर तीन नामजद अधिवक्ताओं के खिलाफ मुकदमा दर्जकर लिया है और मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

### भाजपा जिला अध्यक्ष ने डिप्टी सीएम से की मुलाकात

पीलीभीत।भारतीय जनता पार्टी जिलाध्यक्ष गोकुल प्रसाद मौर्य ने लखनऊ में उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य से मुलाकात कर पीलीभीत आगमन का दिया निमंत्रण दिया है।इस अवसर भी संगठन के आगामी अभियानों पर मार्गदर्शन प्राप्त किया एवं जनपद के विकास के लिए महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की हैं।इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष अतेंद्र पाल सिंह एवं गोविंद पासवान उपस्थित रहे हैं ।

### भाजपा नेता समेत तीन लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज, जांच शुरू

बदायूं। बकरों की चोरी के मामले में एक भाजपा नेता फंस गए। पशुपालक ने भाजपा नेता समेत तीन लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। थाना उघैती क्षेत्र के गांव छिवऊ कलां में 14 बकरों की चोरी का मामला सामने आया है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने भाजपा के मंडल उपाध्यक्ष समेत तीन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। गांव निवासी मोहम्मद अशफाक ने पुलिस को तहरीर दी थी। उन्होंने बताया कि 21 अप्रैल की रात उनके घेर में बंधे 14 बकरों को अज्ञात चोर चुरा ले गए। काफी तलाश के बावजूद बकरों का कोई सुराग नहीं मिल सका था। इसके बाद 23 अप्रैल को अशफाक ने शक के आधार पर कुछ लोगों को नामजद किया। नामजद किए गए लोगों में गांव निवासी रजनीश गुप्ता शामिल हैं। वह भाजपा के मंडल उपाध्यक्ष हैं। इनके अलावा, संभल जिले की कोतवाली हयातनगर निवासी मुन्ना और सोनू पुत्र इस्लाम को भी आरोपी बनाया गया है। पुलिस ने इस मामले में तत्काल कार्रवाई की है। उघैती इंस्पेक्टर ऋषिपाल सिंह ने जानकारी दी कि तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर लिया गया है। उन्होंने यह भी बताया कि पुलिस पूरे मामले की गहनता से जांच कर रही है। मोहम्मद अशफाक के अनुसार, चोरी की घटना 21 अप्रैल की रात को गांव छिवऊ कलां में हुई थी। उनके घेर से 14 बकरे चोरी हो गए थे। दो दिनों तक बकरों की तलाश करने के बाद भी कोई जानकारी नहीं मिली। इसके बाद 23 अप्रैल को उन्होंने उघैती पुलिस में शिकायत दर्ज कराई।

### भीषण गर्मी का कहर जारी, अधिकतम पारा 42 डिग्री

बदायूं। जिले में गर्मी का प्रकोप लगातार बढ़ता जा रहा है शनिवार को अधिकतम तापमान बढ़कर करीब 42 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि न्यूनतम तापमान भी बढ़कर 26 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया। मौसम विभाग के अनुसार, आने वाले दिनों में तापमान 44-45 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है। जिले में बीते कई दिनों से तापमान में लगातार बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है। सुबह होते ही तेज धूप अपने तेवर दिखाने लगती है और दिन चढ़ने के साथ ही गर्मी असहनीय हो जाती है। सुबह से ही आसमान साफ रहा और सूरज की तपिश ने लोगों को जल्द ही घरों में कैद होने पर मजबूर कर दिया। दोपहर के समय लू जैसे हालात बन गए, इससे सड़कों और बाजारों में आवाजाही कम रही। गर्मी का असर जनजीवन पर साफ दिखाई दे रहा है। जरूरी काम से बाहर निकलने वाले लोग सिर, चेहरा और हाथ ढककर निकल रहे हैं। स्कूल जाने वाले बच्चों और कामकाजी लोगों को सबसे ज्यादा परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वहीं, रिक्शा चालकों, मजदूरों और सड़क किनारे काम करने वाले लोगों की स्थिति और भी खराब हो गई है। घरों के अंदर भी लोगों को राहत नहीं मिल पा रही है। कूलर और पंखे भी गर्म हवा फेंक रहे हैं, इससे उमस और बढ़ रही है। बृहस्पतिवार को अधिकतम तापमान 41 डिग्री रिकॉर्ड किया गया था। जबकि शुक्रवार को यह बढ़कर 42 डिग्री पहुंच गया। वहीं, आर्द्रता 18 और हवा की गति 13 किलोमीटर प्रति घंटे रही।

### ब्लैकमेलिंग से तंग आकर नाबालिग ने दी जान, 4.20 लाख की ठगी का आरोप

सुल्तानपुर। कोतवाली देहात थाना क्षेत्र से एक बेहद दर्दनाक मामला सामने आया है, जहां ब्लैकमेलिंग और मानसिक प्रताड़ना से परेशान एक नाबालिग किशोरी ने आत्महत्या कर ली। घटना ने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया है। जानकारी के मुताबिक किशोरी ने 23 अप्रैल को जहरीला पदार्थ (सल्फास) खा लिया था। गंभीर हालत में उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतका के पिता ने पुलिस को दी तहरीर में गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि गांव के अतुल धुरिया नामक युवक ने वर्ष 2024 में उनकी बेटी के साथ दुष्कर्म किया था, जिसके बाद उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ और वह जेल भी गया। हालांकि करीब चार-पांच महीने पहले आरोपी जमानत पर रिहा हो गया। आरोप है कि जेल से छूटने के बाद आरोपी ने किशोरी को फिर से परेशान करना शुरू कर दिया। वह अश्लील फोटो और वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी देकर उसे लगातार ब्लैकमेल कर रहा था। बदनामी के डर से सहमी किशोरी से आरोपी ने धीरे-धीरे उसके बैंक खाते से करीब 4 लाख 20 हजार रुपये विभिन्न खातों में ट्रांसफर करवा लिए। इस पूरे मामले का खुलासा 21 अप्रैल को तब हुआ, जब किशोरी के पिता ई-रिक्शा खरीदने के लिए बैंक पहुंचे और खाते में पैसे न होने की जानकारी मिली। पूछताछ करने पर किशोरी ने रोते हुए अपने साथ हो रही ब्लैकमेलिंग की पूरी सच्चाई बताई। पिता का आरोप है कि जब उनकी बेटी ने आरोपी से पैसे वापस मांगे, तो उसने न केवल इनकार किया बल्कि उसे आत्महत्या के लिए उकसाया भी। लगातार हो रही इस प्रताड़ना से टूट चुकी किशोरी ने आखिरकार आत्मघाती कदम उठा लिया। मामले में पुलिस ने पिता की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है और कहा है कि आरोपी के खिलाफ सख्त वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। घटना के बाद क्षेत्र में आक्रोश का माहौल है।

## 1962 मोबाइल वेटरनरी यूनिट की सेवा से पशुपालक हो रहे हैं लाभान्वित

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुलतानपुर। सरकार द्वारा चलाए गए जा रहे हैं 1962 सेवा पशुपालकों के लिए काफी लाभप्रद साबित हो रही है। 1962 की टीम द्वारा गांव-गांव में जाकर लगाई जा रहे कैंप के माध्यम से दवाइयां का निशुल्क वितरण किया जा रहा है और बीमार पशुओं का इलाज किया जा रहा है, साथ में पशुओं के रखरखाव उनके खान-पान और गर्मी से बचाव के उपाय के बारे में बताया जा रहा है। 1962 पर कॉल करके पशुपालक 1962 की टीम को अपने घर पर बुलाकर बीमार पशुओं का इलाज करवा सकते हैं। अभी हाल ही मे सुल्तानपुर जिले के खंड नगर ब्लॉक के रामनगर गांव के दीपक ने बताया कि उनकी भैंस काफी दिनों से बीमार चल रही थी कई डॉक्टर के द्वारा इलाज करने के बाद भी भैंस के हालात में सुधार नहीं हो रहा था उन्होंने 1962 पर कॉल करके अपनी समस्या बताई 1962 की टीम के डॉक्टर मित्र सेन यादव एमटीएस अनिल यादव एवं पायलट अनुराग उनके घर पर पहुंच के भैंस का इलाज किया। अभी भैंस की हालत में काफी सुधार है दीपक ने बताया 1962 की टीम द्वारा इलाज करने के बाद भैंस ने चार खाना स्टार्ट कर दिया है उसकी हालत में काफी सुधार है। सरकार द्वारा चलाई जा रही हैं 1962 की सेवा से काफी पशुपालक लाभान्वित हो चुके हैं।




### कंपोजिट विद्यालय बिलगवाँ में मीना मंच के पदाधिकारियों का हुआ चुनाव

पीलीभीत। बालिका शिक्षा और सशक्तिकरण हेतु परिषदीय विद्यालयों में प्रत्येक शनिवार को मीना मंच का आयोजन किया जाता है। यूनिसेफ के पात्र मीना को सामाजिक कुप्रथाओं के विरुद्ध आवाज उठाते देखा जाता है। इसी क्रम में नए सत्र के लिए कंपोजिट स्कूल बिलगवाँ में मीना मंच के पदाधिकारियों का चुनाव कराया गया।पर्यावरण संरक्षण हेतु गठित इको क्लब के अध्यक्ष पद का भी आज चुनाव हुआ। गतिविधि प्रभारी डॉ0 अनीता तिवारी ने लोकतंत्र में मत की महत्ता को बताते हुए निर्वाचन कराया। पदों हेतु बारह प्रत्याशियों ने कल नामांकन कराया जिसमें जांच के उपरांत दो के पर्चे खारिज किए गए। आज मतदान हेतु सौरभ पीठासीन, राकेश प्रथम मतदान अधिकारी, द्वितीय मतदान अधिकारी प्रिया और अर्जुन तृतीय मतदान अधिकारी ने अपनी जिम्मेदारी पूरी निष्ठा से निर्वहन करते हुए 75 मतदाताओं को वोट डलवाये। शुभम ने बी एल ओ का कार्य किया और इस प्रकार चुनाव संपन्न हुआ। मतों की गणना के उपरांत अंकिता को मीना मंच के अध्यक्ष , वन्दना को,सचिव और शिवानी को कोषाध्यक्ष चुना गया। इको क्लब में शांतनु को 30 मतों से पराजित करके अनुज ने अध्यक्ष पद पर विजय हासिल की।

# गैस के लिए अग्निपरीक्षा, केजीएन भारत गैस पर, सिलिंडर न मिलने से उपभोक्ता बेहाल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा । शादियों के सीजन के बीच जिले के खरगूपुर में स्थित केजीएन भारत गैस एजेंसी पर रसोई गैस सिलिंडर के लिए हाहा कार मचा हुआ है, ऐसे ही जिले और कई गैस एजेंसिया है जहाँ पर उमड़ रही भारी भीड़ और चिलचिलाती धूप के बीच घंटों ला इन में लगे उपभोक्ताओं की तबीयत तक बिगड़ र ही है और गैस मागने पर उनकी लाठी डंडों से पि टाई हो रही है लेकिन सिलिंडर मयस्सर नहीं हो पा रहा। मजबूरी में लोग ऊंचे दामों पर गैस खरीदने को तैयार हैं।वहीं कॉमर्शियल सिलिंडर के लिए भी रोजाना सौ से अधिक आवेदन पहुंच रहे हैं,लेकिन कड़ी छानबीन और डीएसओ की संस्तुति के बाद बमुश्किल तीन-चार सिलिंडर ही मिल पा रहे हैं। जनपद के खरगूपुर कस्बे में स्थित केजीएन भारत गैस एजेंसी के संचालक व कर्मचारी आए दिन दबं गई दिखाते हैं और उपभोक्ताओं से मारपीट करते हैं,यही एजेंसी पर लाइन में खड़े उपभोक्ता नाम न छापने की शर्त पर बताया कि पिछले तीन दिन से एक सिलिंडर के लिए कागज लेकर आ रहे हैं। ला इन लगाने के बाद भी पर्ची नहीं दी जा रही है। वहीं एक महिला ने बताया कि इस तल्ख धूप में हम लो ग एजेंसी के बाहर लाइन में खड़े हो रहे हैं और क र्मचारी अंदर शटर बंद करके कूलर और पंखा च लाकर बैठे हुए हैं। कहीं कोई जिम्मेदार हम लोगों की पीड़ा सुनने वाला नहीं है,एक महिला ने बताया ने बताया कि हम लोगों ने भारत पेट्रोलियम के टी एम ( टेरिटरी मैनेजर ) से कई बार बात किया गया । लेकिन उनका रवैया बिल्कुल ठीक नहीं था न तो वह उपभोक्ता से सही से बात कर रहे हैं उपभोक्ता ओं से फोन पर बदसलूकी करते हैं जिससे कि उप भोक्ता और परेशान हो रहे है, उपभोक्ता कहते हैं इससे अच्छा होता महंगे दर पर खुलेआम ब्लैक सिलिंडर बेचा जाता।वहीं एक व्यक्ति ने बताया कि जिला पूर्ति अधिकारी से भी शिकायत करने के बा द भी गैस एजेंसियों पर कोई असर नहीं पड़ रहा है जानबूझकर आम उपभोक्ताओं को परेशान किया जा रहा है।ताकि लोग मजबूर होकर चोरी के रास्ते ब्लैक सिलिंडर खरीदने पर विवश हो।इसमें विभा ग की भी मिलीभगत है।वही उपभोक्ता कहते हैं कि गैस एजेंसियों की एक रणनीति के तहत टोक न और वितरण अलग-अलग जगह एक ही काउं टर से किया जा रहा है।वही जिला प्रशासन का दा वा है कि पर्याप्त गैस उपलब्ध है,लेकिन फिर भी उपभोक्ता लाइन में लगी हुई है।

# होमगार्ड भर्ती परीक्षा का आईजी ने किया निरीक्षण नकलविहीन और पारदर्शी व्यवस्था पर जोर

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा । पुलिस महानिरीक्षक अमित पाठक देवीपाट न परिक्षेत्र द्वारा जनपद में यूपी होमगार्ड भर्ती- 20 25 की लिखित परीक्षा को नकलविहीन,पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से प्रथ म पाली की परीक्षा के दौरान परीक्षा केंद्रों का निरी क्षण किया।निरीक्षण के दौरान परीक्षा केंद्रों की व्यवस्थाओं, सुरक्षा व्यवस्था,अभ्यर्थियों की बैठने की व्यवस्था,प्रश्नपत्र वितरण तथा परीक्षा की समु चित निगरानी का जायजा लिया गया।सभी केंद्रों पर परीक्षा निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुरूप शां तिपूर्ण एवं व्यवस्थित रूप से संचालित होती पाई गई।इस दौरान संबंधित अधिकारियों एवं केंद्र व्य वस्थापकों को परीक्षा की शुचिता एवं पारदर्शिता बनाए रखने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए। साथ ही यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए कि परीक्षा प्रक्रिया पूरी तरह नकलविहीन एवं निष्पक्ष ढंग से संपन्न हो।प्रशासन द्वारा परीक्षा को सकुशल एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं।

# दो थाना प्रभारी निरीक्षक का तबादला देवीपाटन रेंज से गोरखपुर जोन में

कैनविज टाइम्स संवाददाता




गोंडा । जिले के दो थाना प्रभारियों निरीक्षक का गोर खपुर रेंज में तबादला कर दिया गया है।अपर पुलि स महानिदेशक (एडीजी) गोरखपुर जोन मुथा अ शोक जैन ने मनकापुर कोतवाल अरविंद कुमार सिंह और कटरा बाजार थाना प्रभारी निरीक्षक विवेक कुमार त्रिवेदी को गोंडा देवीपाटन रेंज से हटाकर गोरखपुर रेंज में स्थानांतरित किया है।

एडीजी जोन गोरखपुर ने गैर-जोन तबादले के लि ए निरीक्षकों की सूची मांगी थी।सूची मिलने के बा द इन दोनों निरीक्षकों का तबादला किया गया है तबादले के आदेश के बाद,विवेक त्रिवेदी और अर विंद कुमार सिंह को तत्काल प्रभाव से गोंडा से रिलीव कर गोरखपुर जाने के निर्देश दिए गए हैं।

विवेक कुमार त्रिवेदी इससे पहले तरबगंज और इटियाथोक के प्रभारी निरीक्षक के पदों पर भी तै नात रह चुके हैं।उन्होंने गोंडा नगर कोतवाली में भी सेवाएं दी हैं,जहां उन्होंने कई अपराधियों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की थी।वर्तमान में वे कटरा बाजार के थाना प्रभारी निरीक्षक थे।वहीं अरविंद कुमार सिंह पूर्व में धानेपुर थाना प्रभारी निरीक्षक के पद पर तैनात थे।एक महिला के अधजले शव की पहचान न होने के मामले के बाद उन्हें धानेपुर से हटाकर मनकापुर कोतवाली में तैनात किया ग या था।अब उन्हें मनकापुर से गोरखपुर स्थानांतरि त किया गया है।बताया जा रहा है कि गोरखपुर जिले में निरीक्षकों की कमी के चलते इन दो निरी क्षकों की तैनाती की मांग की गई थी।गोंडा के पु लिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने पुष्टि की है कि दोनों निरीक्षकों को गोरखपुर के लिए रिलीव कर दिया गया है।

# होमगार्ड भर्ती परीक्षा केन्द्रों का डीएम व एसपी ने किया निरीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बहराइच । उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड लखनऊ द्वारा 25, 26 एवं 27 अप्रैल 2026 को प्रति दिन 02 पालियों में आयोजित होने वाली उ.प्र. होगार्डस के पदों पर एनरोलमेंट 2025 की लिखित परीक्षा को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं पारदर्शी, सुचितापूर्ण ढंग से सकुशल सम्पन्न कराये जाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव व अपर पलिस अधीक्षक नगर आयुष विक्रम सिंह के साथ परीक्षा केन्द्र राजकीय इण्टर कालेज व महाराज सिंह इण्टर कालेज का निरीक्षण कर केन्द्र व्यवस्थापकों एवं स्टैटिक मजिस्ट्रेटों से जानकारी प्राप्त करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिये। डीएम ने केन्द्र व्यवस्थापकों को निर्देश दिया कि उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड के



दिशा निर्देशों का पालन सुनिश्चित करें तथा महत्वपूर्ण चरणों की कार्यवाही करते समय पूरी सावधानी बरती जाये। उल्लेखनीय है कि जनपद के 10 परीक्षा केन्द्रों पर सम्पन्न हुई प्रथम पाली की परीक्षा में सरस्वती इण्टर कालेज रिसिया में 480 के सापेक्ष 355, राजकीय बालिका इण्टर कालेज में 384 के सापेक्ष 278, महाराज सिंह इण्टर कालेज में 384 के सापेक्ष 303, राजकीय इण्टर कालेज में 384 के

**सुचितापूर्ण ढंग से सकुशल परीक्षा सम्पन्न कराने के दिये गये निर्देश**

**प्रथम पाली में 3600 के सापेक्ष अनुपस्थित परीक्षार्थियों की संख्या 913**

सापेक्ष 278, तारा महिला इण्टर कालेज में 240 के सापेक्ष 166, आज़ाद इण्टर कालेज में 384 के सापेक्ष 299, चौधरी सियाराम इण्टर कालेज फखरपुर में 480 के सापेक्ष 355, जवाहर नवोदय विद्यालय कीर्तनपुर में 240 के सापेक्ष 173, आर्य कन्या इण्टर कालेज में 240 के सापेक्ष 179 तथा वैद्य भगवानदीन मिश्र गांधी इण्टर कालेज 384 के सापेक्ष 301 अभ्यर्थी उपस्थित रहे। इस प्रकार कुल 3600 के सापेक्ष 2687 परीक्षार्थी उपस्थित रहे जबकि 913 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

इसी प्रकार द्वितीय पाली की परीक्षा में सरस्वती इण्टर कालेज रिसिया में 480 के सापेक्ष 357, राजकीय बालिका इण्टर कालेज में 384 के सापेक्ष 303, महाराज सिंह इण्टर कालेज में 384 के सापेक्ष 289, राजकीय इण्टर कालेज में 384 के सापेक्ष 302, तारा महिला इण्टर कालेज में 240 के सापेक्ष 185, आज़ाद इण्टर कालेज में 384 के सापेक्ष 295, चौधरी सियाराम इण्टर कालेज फखरपुर में 480 के सापेक्ष 371, जवाहर नवोदय विद्यालय कीर्तनपुर में 240 के सापेक्ष 193, आर्य कन्या इण्टर कालेज में 240 के सापेक्ष 190 तथा वैद्य भगवानदीन मिश्र गांधी इण्टर कालेज 384 के सापेक्ष 290 अभ्यर्थी उपस्थित रहे। इस प्रकार कुल 3600 के सापेक्ष 2687 परीक्षार्थी उपस्थित रहे जबकि 913 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

# गाँव में भ्रष्टाचार रोकने पर ग्राम प्रधान ने सचिव को दी धमकी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा। विकासखंड रूपईडीह ग्राम पंचायत भुलईडी ह में ग्राम प्रधान के द्वारा गाँव में सामुदायिक शौचा लय व पंचायत भवन के मरम्मत के लिए जुलाई 2025 में कार्य शुरु करने के लिए ग्राम प्रधान ने

रंनिग भुगतान करवा लिया था और भुगतान होने के बाद भी ग्राम प्रधान ने कोई काम नहीं करवाया तो ग्राम विकास अधिकारी नंदनी मौर्य ने प्रधान भु लईडीह से कई बार कहाँ कि लेकिन प्रधान न तो

सामुदायिक शौचालय और पंचायत भवन का का र्य न पूर्ण होने से ग्रामवासियों को काफी कठिनाई का सामना करना पड़ता है,कार्य शुरू करवाने के लिए सचिव के द्वारा कई बार अनुरोध किया परन्तु प्रधान के द्वारा कार्य शुरू नहीं करवा गया। प्रधान ने सचिव को बार धमकी दी कि हम तुम्हारा ट्रांसफ र करवा देने कि धमकी देते रहे यही भुलईडीह के ग्राम प्रधान बृजेन्द्र नाथ शुक्ला के द्वारा अमार्यादि त भाषा का प्रयोग करते हुए गाँव से हटवाने व नि लम्बित करवाने की धमकी देते रहे।वही सचिव के

द्वारा उक्त दोनो भवनों को सरकार की प्राथमिकता का भवन होने और संचालन होने की लगातार स मीक्षा होने की बात कहने पर भी प्रधान ने यही क हाँ कि मैं कार्य पूर्ण नहीं करवाउगा देखता हूँ मेरा कौन क्या कर लेता है और सचिव को धमकी ही दे ते रहे।वही महिला होने के नाते सचिव नंदनी मौर्य बार-बार ग्राम प्रधान से सिफारिश ही करती रही लेकिन प्रधान ने सचिव कि एक भी बात नहीं सुनी

है,वही प्रधान ने पंचायत भवन का सारा सामान कु र्सी,मेज,कम्प्यूटर, इन्वर्टर व पंचम वित्त /पंद्रहवे वि त्त मनरेगा आदि की फाइल अपने घर उठा ले गए। और सचिव को गाँव में आने पर देख लेने की धम की भी देते रहे है।वही सचिव नंदनी मौर्य ने बताया कि हमारे पास दो क्लस्टर आवंटित है जिसमें कुल आठ ग्राम पंचाय तें है जिसमें सात ग्राम पंचायतों में सभी कार्य सस मय हो रहे है सिर्फ ग्राम पंचायत भुलईडीह के प्रधान बृजेन्द्रनाथ शुक्ला के द्वारा ही सभी कार्यों में बाधा उत्पन्न की जा रही है तथा बि ना कार्य करवाये ही निधि की सारी धनराशि निका ल देने के लिए दबाव बनाते रहते है। तथा पूर्व में रंनिग भुगतान को पूर्ण करवाये हेतु कहने पर निल म्बित करवाने की धमकी देते है और गाँव में न आ ने व कोई कार्य न करने आदि के सम्बन्ध में कहाँ कि शिकायत उच्चधिकारियों से करते रहते है। त था मुझे किसी भी साजिश में फसाने बार धमकी देते है,वही गांव के प्रधान को छोड़कर गांव की जनता सचिन नंदिनी मौर्य की तारीफ करती है और गाँव की जनता कहती है कि ऐसा सचिव हमारे गांव में कभी नहीं आएंगी।

## राहुल-अखिलेश का प्रतीकात्मक पुतला दहन करते समय भाजपा विधायक झुलसी

बहराइच। कंग्रेस सांसद राहुल गांधी और समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव का प्रतीकात्मक पुतला दहन करते समय सदर भाजपा विधायक अनुपमा जायसवाल झुलस गईं। आनन-फानन में उन्हें इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। भाजपा ने नारी वन्दन अधिनियम का संसद में विरोध करने वाले विपक्षी दलों के विरोध में प्रदर्शन आयोजित किया था। इस प्रदर्शन में सदर भाजपा विधायक अनुपमा जायसवाल भी शामिल होने पहुंची थी। पुतला दहन के दौरान तेज हवा के कारण आग की लपटें भाजपा विधायक अनुपमा जायसवाल के चेहरे तक पहुंच गई,जिसमें वह झुलस गईं। मौके पर मौजूद कार्यकर्ताओं ने किसी तरह उन्हें बचाते हुए आनन फानन में उन्हें मेडिकल कॉलेज में एडमिट कराया गया है। उनका इलाज चल रहा है। घटना की सूचना पर जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी एवं पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव ने मेडिकल कॉलेज पहुंचकर विधायक का कुशलक्षेम जाना। जिलाधिकारी ने सीएमएस को विधायक के बेहतर इलाज का निर्देश दिया है।

## ईसीसीई एजुकेटर्स के पदों हेतु आवेदन करने की अन्तिम तिथि है 09 मई

बहराइच कैनविज टाइम्स संवाददाता। जनपद बहराइच में परिषदीय विद्यालयों में अवस्थित को-लोकेटेड आंगनबाड़ी केन्द्रों में 140 ई.सी.सी.ई. एजुकेटर्स के पद पर मैन पावर की आपूर्ति हेतु सेवायोजन पोर्टल पर सेवा प्रदाता के माध्यम से विज्ञप्ति प्रकाशित की गयी है। जिसकी अन्तिम तिथि 09 मई 2026 है। यह जानकारी देते हुए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आशीष कुमार सिंह ने बताया कि इच्छुक अभ्यर्थी निर्धारित समय में सेवायोजन पोर्टल पर आवेदन कर सकते हैं।

## मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोज़गार योजना से स्वावलंबी बनेंगे बेरोज़गार

बहराइच कैनविज टाइम्स संवाददाता । जिला ग्रामोद्योग अधिकारी ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र के शिक्षित बेरोज़गारों को उद्योग लगाकर स्वावलम्बी बनने के इच्छुक बेरोज़गार जिनकी आयु 18 से 50 वर्ष तक हो ''मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोज़गार योजना'' के ई-पोर्टल सीएमईजीपी डाट डाटा-सेन्टर डाट को डाट इन पर आन लाइन आवेदन कर सकते हैं। मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोज़गार योजना के तहत रू. 10 लाख तक के प्रोजेक्ट अनुमन्य हैं जिनमें सामान्य जाति के पुरूष लाभार्थियों को प्रोजेक्ट कास्ट का 10 प्रतिशत अंशदान तथा टर्तलान (पूंजीगत ऋण) पर 04 प्रतिशत ब्याज उद्यमी को देना होगा। इसी प्रकार अन्य सभी वर्गों एवं सभी वर्ग की महिलाओं को 05 प्रतिशत का स्वयं का अंशदान करना होगा तथा टर्मलोन (पूंजीगत ऋण) पर समस्त ब्याज़ उपादान शासन द्वारा इकाई कार्यरत होने की दशा में बैंकों को आर.टी.जी.एस. के माध्यम से उपलब्ध कराया जायेगा। जिला ग्रामोद्योग अधिकारी ने बताया कि इच्छुक बेरोज़गारों को आनलाइन आवेदन करते समय अपना फोटो, शैक्षिक योग्यता, आधार कार्ड, जाति प्रमाण-पत्र, ग्राम प्रधान द्वारा सत्यापित कार्य स्थल का प्रमाण-पत्र एवं प्रोजेक्ट रिपोर्ट की प्रति वेबसाइट पर अपलोड कर पूर्ण आवेदन की छाया प्रति जिला ग्रामोद्योग अधिकारी, बहराइच के कार्यालय में करना होगा। योजना के बारे में अधिक जानकारी के लिए जिला ग्रामोद्योग कार्यालय से सम्पर्क किया जा सकता है।

## देवरिया में आठ मई तक नि:शुल्क राशन मिलेगा : जिला पूर्ति अधिकारी

देवरिया। जिला पूर्ति अधिकारी संजय कुमार पांडेय ने शनिवार को बताया कि जनपद के अन्त्योदय एवं पात्र राशन कार्डधारकों को राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम-2013 के तहत मई माह के लिए आवंटित अनाज वितरित किया जाएगा। इस संबंध में उत्तर प्रदेश खाद्य एवं रसद विभाग के आयुक्त ने निर्देश जारी कर दिए हैं।

अन्त्योदय कार्ड धारकों को प्रति कार्ड 35 किलोग्राम खाद्यान्न (गेहूं 10 किग्रा एवं चावल 25 किग्रा) नि:शुल्क वितरित किया जाएगा। वहीं, पात्र गृहस्थी कार्ड धारकों को प्रति यूनिट (प्रति व्यक्ति) 5 किलोग्राम खाद्यान्न (गेहूं 1 किग्रा एवं चावल 4 किग्रा) नि:शुल्क दिया जाएगा । समस्त कार्डधारक अपने निकटतम उचित दर दुकान से उपरोक्त निर्धारित मात्रा के अनुसार खाद्यान्न प्राप्त कर लें। यह वितरण 24 अप्रैल से 08 मई के मध्य किया जाएगा।

## परिवहन राज्यमंत्री दया शंकर सिंह ने विंध्याचल धाम में किए दर्शन-पूजन

मीरजापुर। उत्तर प्रदेश सरकार के परिवहन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दया शंकर सिंह शनिवार को विंध्याचल पहुंचे, जहां उन्होंने प्रसिद्ध मां विंध्यवासिनी धाम में विधि-विधान से दर्शन-पूजन किया। मंदिर पहुंचकर राज्यमंत्री ने मां विंध्यवासिनी के चरणों में माथा टेकते हुए प्रदेश की सुख-समृद्धि, शांति एवं जनकल्याण की कामना की। इस दौरान मंदिर परिसर में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे और श्रद्धालुओं की आवाजाही भी सुचारू रूप से जारी रही। राज्यमंत्री के आगमन पर स्थानीय प्रशासन एवं मंदिर प्रबंधन से जुड़े अधिकारी मौजूद रहे। दर्शन-पूजन के उपरांत उन्होंने धाम की व्यवस्थाओं का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए।

## महिला की हत्या का खुलासा, 48 घंटे में आरोपित गिरफ्तार

कानपुर। जिले के कल्याणपुर थाना क्षेत्र में बीते गुरुवार को एक बुजुर्ग महिला की गला दबाकर हत्या करने वाले आरोपित को पुलिस ने शनिवार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने 48 घंटे में हत्या का खुलासा किया है। आरोपित ने छत पर ड्रोन गिरने का बहाना बनाकर घर में प्रवेश किया और हत्या की वारदात को अंजाम दिया।

पुलिस उपायुक्त (पश्चिम) एसएम कासिम आबिदी ने शनिवार को बताया कि आवास विकास एक निवासी हरेंद्र सिंह अपनी पत्नी निर्मला देवी (53) के साथ रहते हैं। 23 अप्रैल को वह किसी काम से बाजार गए थे। घर पर अकेली निर्मला देवी थी। इसी दौरान रावतपुर क्षेत्र का रहने वाला ईशु उर्फ आर्यन घर पहुंचा और छत पर ड्रोन गिरने की बात कहकर अंदर आ गया। मौका पाकर उसने महिला की गला घोंटकर हत्या कर दी। घर से करीब 153 ग्राम ज्वेलरी (कीमत करीब 27 लाख रुपये) लेकर फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने फोरेंसिक टीम के साथ घटनास्थल का जायजा लिया। मामले की गंभीरता को देखते हुए छह टीमों का गठन किया। ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए और सर्विलांस व ह्यूमन इंटेलिजेंस के जरिए पुलिस आरोपित तक पहुंच गई। पुलिस ने आरोपित को गंगा इन्क्लेव के पीछे केसा मार्ग से दबोच लिया। पूछताछ में उसने बताया कि वह रावतपुर में किराये पर रह रहा था और पहले से घर की गतिविधियों पर नजर रखे था। उसे मालूम था कि दोपहर में महिला अकेली रहती हैं, तभी वारदात को अंजाम देने की योजना बनाई।

# राष्ट्रीय योग ओलंपियोड में विद्याकलश विद्यालय के बच्चों ने लहराया परचम

कैनविज टाइम्स संवाददाता



तिलोई अमेठी । विकास क्षेत्र सिंहपुर के गांव खानापुर चपरा स्थित विद्याकलश हाई स्कूल के विद्यार्थियों ने भारत सरकार द्वारा चौबीस अप्रैल को आयोजित राष्ट्रीय योग ओलंपियोड में प्रतिभाग करते हुये जनपद स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया।राजकीय बालिका इण्टर कालेज अयोध्या में संयुक्त शिक्षा निदेशक के निर्देशन में आयोजित मण्डल स्तरीय प्रतियोगिता में बालिका वर्ग में द्वितीय एवं बालक वर्ग में तृतीय स्थान प्राप्त किया।विद्यालय द्वारा नामित प्रतियोगिता संयोजिका रमा तिवारी ने बताया कि सर्व प्रथम यह प्रतियोगिता विद्यालय स्तर पर आयोजित हुई जिसमे चयनित बच्चों को जनपद स्तर पर आयोजित प्रतियोगिता में भेजा गया जहां दो बालक एवं दो बालिकाओं का चयन मण्डल स्तर के लिये हुआ जहां प्रतिभाग करते हुये बच्चों ने बालक वर्ग में तृतीय एवं बालिका वर्ग में द्वितीय स्थान प्राप्त किया।विद्यालय की इस उपलब्धि पर जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ राजेश द्विवेदी, संरक्षक डॉ राम कल्प तिवारी, प्रबंधक डॉ आलोक तिवारी, कोषाध्यक्ष डॉ जया त्रिपाठी सहित अन्य तमाम अभिभावकों एवं क्षेत्रीय नागरिकों ने प्रसन्नता व्यक्त की है।

## मीरजापुर: नरायनपुर पुलिस चौकी में दो मंजिला आरक्षी बैरक का शुभारंभ

मीरजापुर। उत्तर प्रदेश के मीरजापुर जनपद की पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक ने शनिवार को नरायनपुर पुलिस चौकी में जनसहयोग से निर्मित दो मंजिला आरक्षी बैरक का उद्घाटन किया। इस अवसर पर सीओ चुनार मंजरी राव से फीता कटवाया गया, जबकि शिलापट्ट का अनावरण आरक्षी प्रियंका के हाथों कराया गया। कार्यक्रम से पूर्व विद्वान ब्राह्मणों सावन तिवारी, शशांक ब्यास और मौसम पाठक की टीम ने चौकी परिसर स्थित शिव मंदिर में पुलिस अधीक्षक के हाथों भगवान शिव का विधिवत पूजन कराया। इसके बाद गौरी-गणेश व कलश पूजन संपन्न हुआ और बैरक का उद्घाटन किया गया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक ने क्षेत्रीय नागरिकों के सहयोग के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि बैरक बनने से पुलिसकर्मियों को बेहतर सुविधा मिलेगी और वे अधिक तत्परता के साथ क्षेत्र की सेवा कर सकेंगे। नरायनपुर में रिपोर्टिंग चौकी बनाने की मांग पर उन्होंने कहा कि भविष्य में आबादी बढ़ने पर इसे थाना बनाया जा सकता है।

# मीरजापुर: बदेवरानाथ धाम में राम मंदिर का न्यायमूर्ति मंजू रानी चौहान ने किया लोकार्पण

एजेंसी

मीरजापुर। उत्तर प्रदेश के मीरजापुर जिले में जिगना क्षेत्र के बदेवरा गांव स्थित बदेवरा नाथ धाम में बैशाख शुक्ल पक्ष नवमी तिथि पर शनिवार को मंत्रोच्चारण के बीच नवनिर्मित दिव्य राम मंदिर का भव्य लोकार्पण किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि मंजू रानी चौहान (न्यायमूर्ति, प्रयागराज उच्च न्यायालय) ने विधिवत पूजा-अर्चना के बाद मंदिर का उद्घाटन किया। अपने संबोधन में न्यायमूर्ति मंजू रानी चौहान ने संस्कार और संस्कृति की विरासत को सहेजकर रखने की अपील की। नेगुरा गांव की निवासी न्यायमूर्ति ने कहा कि बदेवरा नाथ धाम का कायाकल्प देखकर उन्हें आत्मिक आनंद की अनुभूति हुई है। उन्होंने यहां ग्राम न्यायालय की स्थापना की घोषणा भी की। साथ ही मंदिर परिसर में ग्रेनाइट व इंटरलॉकिंग कार्य की सराहना की। इस अवसर पर जयकृष्ण उपाध्याय (न्यायमूर्ति) ने मंदिर निर्माण के प्रणेता भदोही जनपद के जंगीगंज क्षेत्र स्थित जगापुर गांव निवासी धर्मप्राण निखिलेश मिश्रा की मुक्तकंठ से प्रशंसा की। खैरा गांव निवासी न्यायमूर्ति ने कहा कि बीते पांच वर्षों में बदेवरा नाथ धाम एक प्रमुख धार्मिक स्थल के रूप में विकसित हुआ है।

लोक सेवा आयोग के सदस्य कल्पराज सिंह ने कहा कि मंदिर निर्माण जैसा पुनीत कार्य करने वाले सम्मान के पात्र हैं। कार्यक्रम में प्रधान माहेश्वरी उपाध्याय तथा मंदिर निर्माणकर्ता पवन मिश्र व निखिलेश मिश्र ने अतिथियों को अंगवस्त्र और बदेवरा नाथ का चित्र भेंटकर सम्मानित किया।

कार्यक्रम का संचालन एसोसिएट प्रोफ़ेसर रंजना त्रिपाठी ने किया। इस दौरान प्रकाश पांड्या (न्यायमूर्ति), जिला पंचायत अध्यक्ष राजू कन्नौजिया, करमेश चंद्र तिवारी, अवधराज उर्फ पप्पू सिंह, प्रेम बहादुर सिंह सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। समापन पर आयोजित भंडारे में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया और धार्मिक वातावरण में आयोजन सम्पन्न हुआ।

# बिजली व्यवस्था फ़ेल: लाखों खर्च, तार बदले ट्रांसफार्मर बढ़े, फिर भी गर्मी में हाहाकार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पूरनपुर।गर्मी की शुरुआत के साथ ही क्षेत्र में बिजली व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है विभाग द्वारा लाखों रुपये खर्च कर तार बदलने और ट्रांसफार्मरों की संख्या बढ़ाने के दावे किए गए थे, लेकिन हकीकत यह है कि हालात जस के तस बने हुए हैं अप्रैल में ही भीषण गर्मी के बीच बिजली संकट ने आम जनता का जीना मुहाल कर दिया है तापमान बढ़ते ही बिजली की मांग में इजाफा हुआ, लेकिन विभाग इसकी तैयारी में नाकाम नजर आया पूरनपुर नगर सहित आसपास के गांवों में घंटों की अघोषित कटौती, बार-बार ट्रिपिंग और फॉल्ट आम बात हो गई है कई मोहल्लों में दिन में 6،8 घंटे तक बिजली गुल रहने की शिकायतें सामने आ रही हैं बिजली विभाग ने हाल ही में–पुराने तार बदलने,नए ट्रांसफार्मर लगाने,लाइन सुधार कार्य कराने जैसे कई काम कराए इसके बावजूद जमीनी स्तर पर सुधार नजर नहीं आ रहा इससे साफ है कि या तो काम अधूरा है या उसकी गुणवत्ता पर सवाल खड़े हो रहे हैं तार बदले जाने के बावजूद हल्की हवा या लोड बढ़ते ही लाइन फॉल्ट हो जा रही है इससे साफ है कि कार्य की गुणवत्ता मानकों के अनुरूप नहीं है ट्रांसफार्मरों की संख्या बढ़ाने के बाद भी कई जगहों पर ओवरलोड की समस्या खत्म नहीं हुई अक्सर ट्रांसफार्मर फुंकने से कई इलाकों में लंबे समय तक बिजली बाधित रहती है लाइन और उपकरणों की नियमित जांच नहीं हो रही फॉल्ट होने के बाद मरम्मत में घंटों की देरी आम बात है स्थानीय उपभोक्ताओं का कहना है कि शिकायत करने पर भी कोई सुनवाई नहीं होती हेल्पलाइन नंबर या तो व्यस्त रहते हैं या जवाब नहीं मिलता पूरनपुर क्षेत्र में तकनीकी कर्मचारियों की कमी भी बड़ी समस्या बनी हुई है कम स्टाफ के कारण समय पर फॉल्ट ठीक नहीं हो पाता हर साल गर्मी में मांग बढ़ने के बावजूद कोई ठोस योजना नजर नहीं आती बिना पूर्व सूचना के कटौती से जनता और ज्यादा परेशान हो रही है पूरनपुर के ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में लोगों का गुस्सा बढ़ता जा रहा है कई जगहों पर लोगों ने चेतावनी दी है कि अगर जल्द सुधार नहीं हुआ, तो वे सड़क पर उतरकर विरोध प्रदर्शन करेंगे तार बदल दिए, ट्रांसफार्मर लगा दिए,लेकिन बिजली पहले से भी बदतर हो गई है गर्मी में बच्चों और बुजुर्गों का हाल बेहाल है,रात-रात भर बिजली नहीं रहती बिजली विभाग के अधिकारियों का कहना है कि बढ़ती गर्मी और अत्यधिक लोड के कारण समस्या आ रही है जल्द ही स्थिति सुधारने का प्रयास किया जा रहा है जब लाखों रुपये खर्च हो चुके हैं, सुधार कार्य भी हो चुके हैं।तो फिर पूरनपुर में हर साल गर्मी आते ही बिजली व्यवस्था क्यों ध्वस्त हो जाती है?पूरनपुर में बिजली विभाग के दावों और जमीनी हकीकत के बीच बड़ा अंतर साफ दिखाई दे रहा है अगर समय रहते गुणवत्ता, निगरानी और सही योजना पर ध्यान नहीं दिया गया,तो आने वाले दिनों में यह संकट और गहरा सकता है।

# जंगरोलीपुल में जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता




पीलीभीत।जिलाधिकारी एवं विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशन में हब फार वूमेन एंपावरमेंट से जेंडर स्पेशलिस्ट अजीत सिंह व श्रीकांत द्वारा ग्राम पंचायत जंगरोलीपुल विकास खंड लालौरी खेड़ा जनपद पीलीभीत में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया हैं।जिसमें उपस्थित ग्रामीण जनता को महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित विभागीय योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना सामान्य ,कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, स्पॉन्सरशिप योजना व सखी वन स्टॉप सेंटर के बारे में जानकारी दी गई साथ ही चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098,181,112,1076 एवं 1090 के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई साथ ही उपस्थित सदस्यों को बाल विवाह के दुष्परिणामों की जानकारी दी गई एवं पात्र लाभार्थियों को योजना से जोड़ने हेतु कन्या सुमंगला योजना में ऑनलाइन आवेदन करने की प्रक्रिया बताई गई। कार्यक्रम में पंचायत सहायक ईश्वरी देवी व समूह की महिलाएँ उपस्थित रहीं है।

# प्राथमिक विद्यालय में अभिभावक एवं अध्यापक बैठक का हुआ आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता




पीलीभीत। जनपद के विकास खंड मरौरी के प्राथमिक विद्यालय टाह पौटा में अभिभावक अध्यापक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में विद्यालय के प्रधानाध्यापक डॉ0 विभव सक्सेना ने अभिभावकों एवं संरक्षकों से अपने-अपने पाल्यों को नियमित रूप से विद्यालय भेजने का अनुरोध किया। साथ ही 6 से 14 आयु वर्ग के बच्चों का निकटतम परिषदीय विद्यालयों में प्रवेश कराए जाने हेतु भी उन्हें प्रेरित किया गया। बैठक में निपुण भारत मिशन के संबंध में भी चर्चा की गई और विद्यार्थियों को निपुण बनाने हेतु अभिभावकों एवं संरक्षकों से सहयोग की अपील की गई। इसी प्रकार दीक्षा एवं रीड अलांग एप के माध्यम से बच्चों को घर पर भी अध्ययन कराए जाने हेतु उन्हें प्रेरित किया गया। बैठक में विद्यालय में उपलब्ध सुविधाओं के संबंध में भी व्यापक चर्चा की गई और विद्यालय के कुशल संचालन हेतु अभिभावकों के सुझाव भी आमंत्रित किए गए। साथ ही प्रगति धामी एवं ममता देवी द्वारा हीट वेव एवं लू से बचाव के संबंध में जानकारी दी गई और विद्यालय के प्रधानाध्यापक की ओर से इस संबंध में जागरूकता संबंधी पोस्टर भी वितरित किए गए। इस अवसर पर अटल आवासीय विद्यालय द्वारा आयोजित प्रवेश परीक्षा वर्ष- 2026 में उत्तीर्ण होने पर विद्यालय की पूर्व छात्रा झलक वर्मा, उनके पिता महेंद्र कुमार तथा माता हीरा कली को विद्यालय के प्रधानाध्यापक की ओर से सम्मानित किया गया। बैठक में रीना देवी, भगवान देई, चंपाकली, रेखा देवी, सुमित्रा, मीरा देवी, पुष्पा देवी, प्रमोद कुमार शर्मा, शोभाराम, संतराम, मनोज कुमार ,माखन लाल सहित विभिन्न अभिभावक एवं संरक्षक उपस्थित रहे है।

# कांग्रेस और सपा नही चाहती कि महिलाओं को मिले आरक्षण : सतीश चंद्र शर्मा

कैनविज टाइम्स संवाददाता




अमेठी । महिला जन आक्रोश प्रदर्शन अभियान के तहत भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय गौरीगंज में आयोजित प्रेस वार्ता में प्रदेश सरकार के खाद्य एवं रसद राज्यमंत्री व अमेठी जनपद के प्रभारी मंत्री सतीश चंद्र शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी एवं दृढ़ नेतृत्व में ‌ल्लनारी शक्ति वंदन अधिनियमङ्क संसद के दोनों सदनों में पारित होकर विधि का स्वरूप प्राप्त कर चुका है। इस ऐतिहासिक निर्णय का राष्ट्रव्यापी अभिनंदन हुआ तथा देश की समस्त मातृशक्ति ने इसे उत्सव रूप में अंगीकार कर सरकार के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त की।

उन्होंने आगे कहा कि यह अधिनियम लोकसभा एवं राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के समुचित प्रतिनिधित्व को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से लाया गया था किन्तु समाजवादी पार्टी, कांग्रेस सहित अन्य विपक्षी दलों द्वारा इसके प्रति अपनाया गया गैर-जिम्मेदाराना एवं नकारात्मक रवैया अत्यंत खेदजनक है। उन्होंने कहा कि विपक्ष का यह आचरण नारी अधिकारों के प्रति घोर अन्याय एवं उपेक्षापूर्ण दृष्टिकोण का द्योतक है। उन्होंने कहा कि विपक्ष के इस व्यवहार से देशभर की महिलाओं के मन में गहन आक्रोश व्याप्त है। भाजपा के जिलाध्यक्ष सुधांशु शुक्ला ने कहा कि यह अभियान नारी सम्मान सुरक्षा एवं सशक्तिकरण के प्रति समाज में व्यापक जन जागरण उत्पन करने का सशक्त माध्यम है। भाजपा सदैव मातृशक्ति के अधिकारों की रक्षा हेतु संकल्पित है।इस अवसर पर भाजपा के जिला प्रवक्ता चन्द्रमौलि सिंह,

## सपा नेताओं ने कन्या की शादी में मदद

पूरनपुर।समाजवादी पार्टी विधानसभा कमेटी ने पीडीए परिवार की गरीब कन्या की शादी में की मदद और आश्वासन दिया की पीडीए परिवार की किसी भी कन्या की शादी होगी उसके लिए कोई सहयोग मांगेगा तो यह तय है। कि उन्हें कुछ ना कुछ सहयोग अवश्य दिया जाएगा। समाजवादी पार्टी के विधानसभा अध्यक्ष संजय सिंह यादव ने यह वादा किया है।हम समाजवादी लोग हमेशा पीडीए परिवार की मदद करते रहेंगे।इस मौके पर मुख्य रूप से विधानसभा अध्यक्ष समाजवादी पार्टी पूरनपुर संजय सिंह यादव,विधानसभा महासचिव निशान अहमद खान, महिला सभा की विधानसभा अध्यक्ष ठाकुर मीता सिंह, विधानसभा उपाध्यक्ष सतीश वर्मा, विधानसभा उपाध्यक्ष फाजिल खान, विधानसभा उपाध्यक्ष सोयव कुरैशी, विधानसभा कोषाध्यक्ष परवेज हुसैन, विधानसभा सचिव निर्मान सिंह यादव,जिला सचिव आदर्श पांडे एडवोकेट सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित रहे हैं।

# कूड़ा डंपिंग को लेकर बवाल, पालिका कर्मियों पर लोहे की रॉड से हमला, एक गंभीर

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुल्तानपुर। कोतवाली देहात क्षेत्र के अहलादपुर स्थित एमआरएफ सेंटर (कूड़ा डंपिंग स्थल) पर शनिवार सुबह उस वक्त हंगामा मच गया जब कूड़ा गिराने को लेकर हुए विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। नगर पालिका के दो कर्मचारियों पर स्थानीय युवक ने लोहे की रॉड से हमला कर दिया, जिसमें एक कर्मचारी गंभीर रूप से घायल हो गया। मिली जानकारी के मुताबिक नगर पालिका कर्मचारी मो. अली जान और शिवा सुबह करीब 8 बजे टेंपो से कूड़ा लेकर लालभानी अस्पताल के पास स्थित एमआरएफ सेंटर पहुंचे थे। आरोप है कि वहां पहले से मौजूद अमहट निवासी नीरज दुबे ने कूड़ा गिराने को लेकर आपत्ति जताई और देखते ही देखते गाली-गलौज शुरू कर दी। विवाद बढ़ने पर आरोपी ने लोहे की रॉड से हमला कर दिया। हमले में एक कर्मचारी गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे तत्काल इलाज के लिए भेजा गया। घटना से आक्रोशित कर्मचारियों ने कोतवाली नगर पहुंचकर लिखित तहरीर दी और आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई के साथ मेडिकल परीक्षण कराने की मांग की। घटना की जानकारी मिलते ही नगर पालिका की सफाई एवं खाद्य निरीक्षक अधूलिका सिंह भी कोतवाली पहुंचीं। वहीं सफाई कर्मचारी संघ के अध्यक्ष संतोष चौधरी ने भी मामले में जल्द प्राथमिकी दर्ज करने की मांग की है। हालांकि नगर कोतवाल संदीप राय का कहना है कि घटनास्थल कोतवाली देहात थाना क्षेत्र में आता है, जिसके चलते मामला संबंधित थाने को भेजा जाएगा। उधर कोतवाली में संतोषजनक कार्रवाई न होने से नाराज कर्मचारी एसपी कार्यालय पहुंच गए और न्याय की गुहार लगाई। घटना के बाद से सफाई कर्मियों में रोष व्याप्त है और उन्होंने सुरक्षा की मांग उठाई है।

## पुलिस प्रशिक्षण विद्यालय में भव्य दीक्षांत परेड आज

सुल्तानपुर। दादूपुर स्थित पुलिस प्रशिक्षण विद्यालय में रविवार सुबह 7:30 बजे वार्षिक दीक्षांत परेड का भव्य आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर पुलिस महानिदेशक (सीआईडी/साइबर क्राइम) विनोद कुमार सिंह मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। कार्यक्रम में वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी बृजेश कुमार मिश्रा प्रशिक्षुओं का स्वागत करेंगे। लगभग एक वर्ष पूर्व प्रशिक्षण के लिए पहुंचे सैकड़ों पुलिस रंगरूटों ने अपना प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है, जिसके बाद अब वे औपचारिक रूप से पुलिस सेवा में शामिल होने के लिए तैयार हैं। दीक्षांत परेड को लेकर पुलिस प्रशिक्षण विद्यालय प्रशासन ने व्यापक तैयारियां की हैं। परेड ग्राउंड को रंग-रोगन कर सजाया गया है और पूरे परिसर को आकर्षक रूप दिया गया है। पीटीएस के पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में सभी व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया गया है। इस खास मौके पर प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे पुलिस कर्मियों के परिजन भी मौजूद रहेंगे, जिससे कार्यक्रम का उत्साह और बढ़ेगा।

## पुलिस ने तमंचा और कारतूस के साथ युवक को भेजा जेल

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना मुसाफिरखाना पुलिस ने एक तमंचा व एक जिन्दा कारतूस के साथ एक युवक को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. के निर्देश पर स्थानीय पुलिस द्वारा क्षेत्र में अपराध व अपराधियों की धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में शनिवार को थाना मुसाफिरखाना के प्रभारी निरीक्षक विवेक कुमार सिंह मय हमराह द्वारा तलाश वांछित, देखभाल क्षेत्र व चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मोहम्मद समीर पुत्र स्व. फैयाज निवासी ग्राम तकिया मजरे जमुवारी थाना मुसाफिरखाना जनपद अमेठी उम्र करीब बाइस वर्ष को गिरफ्तार किया गया। पुलिस टीम द्वारा की गई तलाशी में युवक के कब्जे से एक तमंचा एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ है। इस सम्बंध में कोतवाली प्रभारी विवेक कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा पकड़े गये युवक के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया गया है।

## सुलतानपुर से परीक्षा देने आया अभ्यर्थी हुआ बीमार

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना मुंशीगंज क्षेत्र के रणवीर इण्टर कालेज में सुल्तानपुर जनपद से होमगार्ड भर्ती परीक्षा देने आया अभ्यर्थी परीक्षा केन्द्र पर बीमार हो गया जिसे पुलिस अधीक्षक द्वारा अपने वाहन से अस्पताल पहुंचाया गया।जनपद अमेठी में आयोजित होमगार्ड भर्ती परीक्षा के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. होमगार्ड परीक्षा निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके के सकुशल सम्पन्न कराने के उद्देश्य से जनपद में बनाये गये परीक्षा केन्द्रों पर भ्रमणशील थे। थाना क्षेत्र मुंशीगंज में पुलिस अधीक्षक द्वारा रणवीर इण्टर कालेज में सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया जा रहा था कि इसी दौरान जनपद सुलतानपुर से परीक्षा देने आया एक अभ्यर्थी अचानक अस्वस्थ्य हो गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा मानवीय संवेदनशीलता का परिचय देते हुये अस्वस्थ अभ्यर्थी को तत्काल अपने वाहन से नजदीकी अस्पताल पहुंचाया गया जहां चिकित्सकों द्वारा युवक का उपचार किया गया।वर्तमान में युवक की स्थिति सामान्य है। पुलिस अधीक्षक सरवणन टी द्वारा संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि परीक्षा केंद्रों पर पेयजल व प्राथमिक उपचार की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाय जिससे किसी भी आपात स्थिति में तत्काल सहायता उपलब्ध कराई जा सके।

## मुख्यमंत्री वंदन योजना के तहत वार्ड 15 में विकास की सौगात, गौरी शंकर मंदिर मार्ग हुआ आधुनिक सुविधाओं से लैस

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष डॉ. आस्था अग्रवाल ने वार्ड 15 के मोहल्ला खकरा में मुख्यमंत्री वंदन योजना के अंतर्गत कराए गए विभिन्न विकास कार्यों का विधिवत लोकार्पण किया। इस अवसर पर क्षेत्र में उत्साह का माहौल रहा और बड़ी संख्या में स्थानीय लोग व श्रद्धालु कार्यक्रम में शामिल हुए।लोकार्पित कार्यों में ऐतिहासिक श्री गौरी शंकर मंदिर को जाने वाले प्रमुख मार्गों का सीसी रोड निर्माण, मार्गों पर आधुनिक लाइट पोल की स्थापना, श्रद्धालुओं के बैठने के लिए बेंच तथा शुद्ध पेयजल की व्यवस्था हेतु वाटर कूलर लगवाए जाने जैसे महत्वपूर्ण कार्य शामिल हैं। इन कार्यों के पूर्ण होने से अब मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी और क्षेत्र के लोगों को आवागमन में भी काफी सहूलियत होगी।कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत प्रचारक धर्मेंद्र एवं विभाग संचालक ओमप्रकाश जी की विशेष उपस्थिति रही। डॉ. आस्था अग्रवाल ने अतिथियों के साथ शिलापट्ट का अनावरण कर विकास कार्यों का शुभारंभ किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि नगर पालिका परिषद शहर के प्रत्येक वार्ड में समान रूप से विकास कार्य कराने के लिए प्रतिबद्ध है और नागरिकों की मूलभूत सुविधाओं को प्राथमिकता दी जा रही है।शिलापट्ट अनावरण के पश्चात संघ के पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों व नगर पालिका अध्यक्ष ने नव निर्मित सड़कों का निरीक्षण किया और कार्यों की गुणवत्ता का अवलोकन किया। इसके बाद सभी अतिथि श्री गौरी शंकर मंदिर पहुंचे, जहां विधि–विधान से भगवान का जलाभिषेक कर नगर एवं क्षेत्र की खुशहाली की कामना की गई।इस अवसर पर सभासद वतनदीप मिश्रा, साकेत सक्सेना, विपिन गंगवार, निर्मल सिंह, सुनीता सिंह, राशिद हुसैन, मोहन स्वरूप, मोनू मिश्रा, अनस अंसारी, प्रदीप मिश्रा, रामजी नाथ सक्सेना, डॉ. वरुण कपूर सहित अनेक गणमान्य नागरिक व क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

## अंबेडकर प्रतिमा क्षतिग्रस्त पर प्रशासन की त्वरित कार्रवाई, नई मूर्ति लगाने की प्रक्रिया शुरू

सुलतानपुर। कूरेभार थाना क्षेत्र के ग्राम इरुल में स्थित डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा की एक अंगुली क्षतिग्रस्त पाए जाने से इलाके में हलचल मच गई। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस और प्रशासन की टीम तुरंत मौके पर पहुंची और स्थिति को संभाल लिया। प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई करते हुए क्षतिग्रस्त हिस्से की मरम्मत कराई, जिससे लोगों में भरोसा बना रहे। वहीं ग्रामीणों की मांग को ध्यान में रखते हुए नई प्रतिमा स्थापित करने की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है। मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने घटना के लिए जिम्मेदार लोगों की पहचान शुरू कर दी है ।

## कलीनगर अधिवक्ता संघ चुनाव: अध्यक्ष व कोषाध्यक्ष पद पर कांटे की टक्कर, अन्य पदों पर निर्विरोध सहमति

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर।कलीनगर अधिवक्ता संघ के बहुप्रतीक्षित चुनाव को लेकर अधिवक्ताओं के बीच उत्साह चरम पर पहुंच गया है चुनावी सरगर्मियों के बीच अध्यक्ष और कोषाध्यक्ष पद पर मुकाबला बेहद रोचक और कड़ा माना जा रहा है, जिससे पूरे बार परिसर में राजनीतिक माहौल गरमा गया है अध्यक्ष पद के लिए इस बार दो मजबूत प्रत्याशी मैदान में हैं? अमित पाण्डेय एडवोकेट और पूर्णेन्द्र शर्मा एडवोकेट के बीच सीधी टक्कर देखने को मिलेगी दोनों ही प्रत्याशी अपने-अपने अनुभव, कार्यशैली और अधिवक्ताओं के बीच पकड़ के आधार पर जीत का दावा कर रहे हैं समर्थकों के बीच लगातार जनसंपर्क और बैठकों का दौर जारी है, जिससे चुनावी माहौल और अधिक सक्रिय हो गया है वहीं कोषाध्यक्ष पद के लिए भी स्थिति कम दिलचस्प नहीं है इस पद पर सुनील कुमार राठौर एडवोकेट और जयपाल सिंह यादव एडवोकेट आमने-सामने हैं दोनों प्रत्याशी अपनी पारदर्शिता, ईमानदारी और संगठन के प्रति समर्पण को मुख्य मुद्दा बनाकर अधिवक्ताओं से समर्थन मांग रहे हैं इसे लेकर अधिवक्ता संघ के सदस्यों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है दूसरी ओर, संघ के अन्य महत्वपूर्ण पदों पर पहले ही सहमति बनती नजर आ रही वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर जगदेव पासवान, कनिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर सत्यपाल राजपूत एडवोकेट तथा महामंत्री पद पर महेन्द्र पाल वर्मा एडवोकेट का निर्विरोध चुना जाना लगभग तय माना जा रहा है इससे यह साफ है कि संगठन के भीतर कई पदों पर आपसी सहमति और एकजुटता बनी हुई है चुनाव कार्यक्रम के अनुसार, मतदान 5 मई 2028 को प्रातः 10:00 बजे से अपराह्न 3:00 बजे तक संपन्न कराया जाएगा मतदान समाप्त होते ही उसी दिन 3:30 बजे से मतगणना शुरू होगी और परिणाम घोषित कर दिए जाएंगे चुनाव प्रक्रिया को शांतिपूर्ण और निष्पक्ष ढंग से सम्पन्न कराने के लिए आवश्यक तैयारियां भी की जा रही हैं कुल मिलाकर, कलीनगर अधिवक्ता संघ का यह चुनाव खासतौर पर अध्यक्ष और कोषाध्यक्ष पद को लेकर बेहद दिलचस्प और प्रतिस्पर्धात्मक बन गया है अब सभी की नजरें मतदान दिवस पर टिकी हैं, जब यह तय होगा कि अधिवक्ताओं का विश्वास किस प्रत्याशी के साथ जाता है।

# होमगार्ड भर्ती परीक्षा पर प्रशासन सख्त, डीएम-एसपी का औचक निरीक्षण, नकल पर जीरो टॉलरेंस

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुलतानपुर। जनपद में आयोजित होमगार्ड भर्ती परीक्षा को शुचितापूर्ण, नकल विहीन और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आया। जिलाधिकारी इन्द्रजीत सिंह और पुलिस अधीक्षक चारू निगम ने विभिन्न परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने सुरक्षा व्यवस्था की गहन जांच करते हुए केंद्रों पर तैनात पुलिस बल की ड्यूटी चेक की और उन्हें पूरी मुस्तैदी के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। प्रथम पाली की परीक्षा के दौरान डीएम-एसपी लगातार भ्रमणशील रहे। उन्होंने परीक्षा केंद्रों के अंदर और बाहर की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया, साथ ही सीसीटीवी कैमरों की सक्रियता और प्रवेश द्वार पर सघन तलाशी (फ्रिस्किंग) प्रक्रिया का भी बारीकी से अवलोकन किया। अधिकारियों ने केंद्र व्यवस्थापकों और पर्यवेक्षकों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि शासन की गाइडलाइंस का पूरी तरह पालन सुनिश्चित किया जाए। किसी भी प्रकार की लापरवाही या संदिग्ध गतिविधि पाए जाने पर तत्काल कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि परीक्षा की पारदर्शिता बनाए रखना सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसके लिए सेक्टर और जोनल मजिस्ट्रेटों को भी लगातार क्षेत्र में भ्रमणशील रहकर स्थिति पर नजर बनाए रखने के निर्देश दिए गए हैं।

## सम्पादकीय

# जीवनशैली के रोग

निस्संदेह, राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय यानी एनएसओ की वह रिपोर्ट राष्ट्रीय चिंता बढ़ाने वाली है कि देश की पचास फीसदी आबादी जीवनशैली से जुड़े रोगों से ग्रस्त-त्रस्त है। यह भी फिक्र बढ़ाने वाला है कि एक दशक पहले देश में खान-पान, जीवन व्यवहार व तनाव से उपजे रोगों का प्रतिशत जहां 31 था, वो अब पचास फीसदी तक जा पहुंचा है। वहीं एक अच्छी बात यह है कि चिकित्सा सुविधाओं के विस्तार व नये शोध अनुसंधान के चलते संक्रामक रोगों का प्रतिशत घटा है। लेकिन हमारे खानपान व जीवन व्यवहार में तेजी से आ रहे बदलावों के चलते लोग मोटापे, मधुमेह, तनाव व उच्च रक्तचाप जैसे रोगों के शिकार हो रहे हैं, जिसके चलते जानलेवा संकट भी बढ़ रहा है। हमें स्वीकार करना होगा कि आजादी के बाद देश में आम आदमी के जीवन स्तर में किसी न किसी तरह सकारात्मक बदलाव आया है, जिसके चलते जीवनशैली भी बदली है। लेकिन पौष्टिक व शरीर की जरूरतों के अनुकूल भोजन न करने, शारीरिक निष्क्रियता, स्क्रीन टाइम बढ़ने से नींद की कमी आदि अनेक ऐसे कारण हैं जो इन रोगों के वाहक बनते हैं। इसमें आनुवंशिक रोगों की भी भूमिका है। धीरे-धीरे शरीर को खोखला करने वाले ये रोग कालांतर जानलेवा बन जाते हैं। अंतर्राष्ट्रीय अध्ययन भी चिंता जता रहे हैं कि भारत में विभिन्न रोगों से मरने वाले ज्यादातर लोगों की मौत की वजह संक्रामक रोग के बजाय जीवनशैली से जुड़े रोग हैं। जो हमारी गभीर चिंता का विषय होना चाहिए। इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता है कि चिकित्सा विज्ञान की आशातीत प्रगति के चलते आम भारतीय की जीवन प्रत्याशा में इजाफा हुआ है, लेकिन जीवनशैली से जुड़े रोगों का बढ़ना इस कामयाबी पर पानी फ़ेरने जैसा है। यही वजह है कि देश में स्वास्थ्य बीमा कारोबार में तेजी आई है, यह तेजी ग्रामीण क्षेत्रों में अधिक है। लेकिन ये बीमा कंपनियां रोग से बचाव में मदद करने के बजाय व्यक्ति के रोगों के इलाज को प्राथमिकता देती हैं। हालांकि, देश में जीवनशैली से जुड़े रोगों से बचाव के लिये जागरूकता जरूर आई है। जिसके लिये राजग सरकार को श्रेय देना होगा। प्रधानमंत्री के प्रयासों से योग का दुनिया में व्यापक प्रचार-प्रसार हुआ है। यह जागरूकता भारत में भी है। लेकिन बड़ी आबादी अब भी इससे दूर है। प्रधानमंत्री 'मन की बात' रेडियो कार्यक्रम व अन्य मंचों से मोटापे से बचाव और खानपान में मिलेट अपनाने पर अक्सर बल देते नजर आते हैं। लेकिन इस पर सकारात्मक प्रतिसाद अपेक्षित अनुपात में नहीं मिल पाया है। यही वजह है कि लोगों को महंगा इलाज कराने को बाध्य होना पड़ता है। विडंबना है कि उच्च रक्तचाप, मधुमेह जैसे रोगों से राहत के लिये डॉक्टर जीवनभर दवा खाने को कहते हैं। तमाम लोग निजी अस्पतालों में हृदयरोग आदि के महंगे इलाज से गरीबी की दलदल में फंस जाते हैं। कोरोना संकट के सबक हमें याद रखने चाहिए, जब लोगों ने जेवर, जमीन व मकान तक गिरवी रखकर अपना उपचार कराया। लेकिन यदि लोग शारीरिक सक्रियता बढ़ाएं, योग, ध्यान और व्यायाम को जीवन का हिस्सा बनाएं तो इन रोगों से बच सकते हैं। विडंबना यह है कि हमने परंपरागत भारतीय खाद्य पदार्थों की अनदेखी करके पश्चिमी व चीनी खाद्य विकल्पों को चुनना शुरू कर दिया है। जो हमारी जलवायु व शारीरिक प्रकृति के अनुरूप नहीं हैं। जंक फूड में रासायनिक पदार्थ नुकसानदायक हैं वहीं तले-भुने खाने ने मोटापे को बढ़ाया है। फिर हम शारीरिक श्रम करने से बचते हैं और आरामतलबी का जीवन जीते हैं। जिसके फलस्वरूप बढ़ा मोटापा कई रोगों का वाहक बन जाता है। देर रात तक मोबाइल व इंटरनेट पर सोशल मीडिया में सक्रिय रहने से हमारी नींद में खलल पड़ा है। नींद पूरी न होने से तनाव व अवसाद बढ़ा है। हमारा देर से भोजन करना, देर से सोना और सुबह देर से उठना भी रोगों का कारक बना है। हमने जबसे खाने में पारंपरिक पौष्टिकता के बजाय स्वाद को प्राथमिकता देनी शुरू की है, तभी से शरीर में जरूरी विटामिनों की कमी बढ़ी है। प्रदूषित खान-पान की भी इस संकट में भूमिका है। वहीं सहज-सरल व्यवहार हमारे स्वस्थ होने की गारंटी है।

# भारतीय ज्ञान-संपदा और वैश्विक नवाचार के बीच संवाद

विश्व की आधुनिक बौद्धिक संपदा मुख्यतः व्यक्तिगत स्वामित्व पर आधारित है, जबकि भारतीय ज्ञान परंपरा सामूहिक कल्याण पर आधारित रही है। भारत में ज्ञान को व्यापार नहीं, साधना माना गया। यहां ऋषियों ने अपने अनुभवों को मानवता के लिए मुक्त रखा। ल्लसर्वे भवन्तु सुखिनःङ्क की भावना में ज्ञान का उद्देश्य निजी लाभ नहीं, लोकमंगल था। यही कारण है कि भारतीय बौद्धिक संपदा का स्वरूप नैतिकता और आध्यात्मिकता से जुड़ा रहा। पश्चिम ने ज्ञान को संरक्षित कर समृद्धि अर्जित की, जबकि भारत ने ज्ञान को साझा कर संस्कृति अर्जित की। आज आवश्यकता इस बात की है कि भारत अपनी इस प्राचीन परंपरा को आधुनिक संरक्षण व्यवस्था से जोड़े ताकि उसका पारंपरिक ज्ञान वैश्विक बाजार में शोषण का शिकार न हो। हल्दी, नीम और बासमती जैसे उदाहरण इस संदर्भ में अत्यंत महत्तवपूर्ण हैं। कभी विदेशी संस्थानों ने भारतीय पारंपरिक ज्ञान पर अधिकार स्थापित करने का प्रयास किया, किंतु भारत ने प्रमाण देकर सिद्ध किया कि यह ज्ञान उसकी सांस्कृतिक धरोहर है। इसके बाद भारत ने पारंपरिक ज्ञान डिजिटल पुस्तकालय जैसी पहल कर यह दिखाया कि अपनी बौद्धिक विरासत को सुरक्षित रखने के लिए आधुनिक साधनों का उपयोग कितना आवश्यक है। यह केवल अधिकार की रक्षा नहीं थी, बल्कि अपनी सभ्यता के सम्मान की रक्षा भी थी। आज कृत्रिम बुद्धिमत्ता के युग में बौद्धिक संपदा का प्रश्न और जटिल हो गया है। मशीनें चित्र बना रही हैं, लेख लिख रही हैं, संगीत रच रही हैं और निर्णय प्रक्रिया में भाग ले रही हैं। ऐसे समय में यह प्रश्न उठ रहा है कि सर्जक कौन है–मनुष्य या मशीन? यदि किसी कृत्रिम प्रणाली ने कोई नई खोज की तो उसका अधिकार किसे मिलेगा? यह चुनौती केवल कानून की नहीं, बल्कि दर्शन की भी है। भारत जैसे देश के लिए यह अवसर भी है क्योंकि यहां मानव–केंद्रित ज्ञान परंपरा है। भारत आधुनिक तकनीक को मानवीय मूल्यों से जोड़कर बौद्धिक संपदा की नई दिशा दे सकता है। भारत आज नवाचार की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। युवा उद्यमिता, अंतरिक्ष विज्ञान, औषधि निर्माण, डिजिटल भुगतान प्रणाली और ग्रामीण तकनीक के क्षेत्रों में भारत ने विश्व को चकित किया है।

प्रतिवर्ष 26 अप्रैल को मनाया जाने वाला विश्व बौद्धिक संपदा दिवस केवल किसी कानूनी अधिकार की औपचारिक स्मृति नहीं है, बल्कि यह मानव मस्तिष्क की उस सृजनशील शक्ति का उत्सव है जिसने सभ्यता को अंधकार से प्रकाश की ओर अग्रसर किया। इस वर्ष का विषय खेल और बौद्धिक संपदा को जोड़ते हुए यह संदेश देता है कि सृजन, परिश्रम और संरक्षण-ये तीनों मिलकर विकास की नई दिशा निर्मित करते हैं। आज जब संसार कृत्रिम बुद्धिमत्ता, जैव-प्रौद्योगिकी, डिजिटल माध्यम और अंतरिक्ष अनुसंधान के युग में प्रवेश कर चुका है, तब बौद्धिक संपदा का महत्व और अधिक बढ़ गया है। किसी राष्ट्र की शक्ति अब केवल उसकी भौतिक संपदा से नहीं, बल्कि उसकी वैचारिक क्षमता, अनुसंधान परंपरा और ज्ञान के संरक्षण से भी मापी जाने लगी है। बौद्धिक संपदा का अर्थ है मनुष्य के मस्तिष्क से उत्पन्न वह मौलिक रचना जो समाज को नया विचार, नया उपकरण, नई कला, नई तकनीक या नई दिशा प्रदान करे। साहित्य, संगीत, वैज्ञानिक खोज, औषधि, तकनीकी आविष्कार, औद्योगिक रचना और विशिष्ट परंपरागत ज्ञान-ये सब बौद्धिक संपदा के अंतर्गत आते हैं। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि किसी सर्जक की रचना का अनुचित उपयोग न हो और उसके श्रम को उचित सम्मान तथा संरक्षण मिले। यह संरक्षण केवल व्यक्ति के लिए नहीं, बल्कि राष्ट्र के आत्मविश्वास और आर्थिक प्रगति के लिए भी आवश्यक है। यदि विश्व के परिप्रेक्ष्य में देखा जाए तो पश्चिमी देशों ने आधुनिक बौद्धिक संपदा व्यवस्था को संगठित रूप प्रदान किया। यूरोप और अमेरिका ने पेटेंट, प्रतिलिप्यधिकार और व्यापार चिह्नों के माध्यम से नवाचार को उद्योग से जोड़ा। वहां विश्वविद्यालय, उद्योग और सरकार के बीच समन्वय ने ज्ञान को आर्थिक शक्ति में परिवर्तित किया। औद्योगिक क्रांति से लेकर डिजिटल क्रांति तक अनेक आविष्कारों ने विश्व की दिशा बदली। कंप्यूटर, इंटरनेट, जैव चिकित्सा और संचार क्रांति का आधार भी इसी संरक्षित बौद्धिक संपदा प्रणाली में निहित रहा। इन देशों ने यह समझ लिया कि भविष्य की समृद्धि केवल भूमि और खनिजों में नहीं, बल्कि विचारों की मौलिकता में छिपी है। किन्तु भारत की बौद्धिक परंपरा इससे कहीं अधिक प्राचीन और गहरी रही है। भारत ने संसार को केवल वस्तुएँ नहीं दीं, बल्कि जीवन-दृष्टि दी है। जब अनेक सभ्यताएँ अस्तित्व की खोज में थीं, तब भारत वेद, उपनिषद, आयुर्वेद, योग, गणित, ज्योतिष, दर्शन और व्याकरण के माध्यम से ज्ञान के उच्च शिखर पर खड़ा था। शून्य का सिद्धांत, दशमलव पद्धति, धातु विज्ञान, शल्य चिकित्सा, योग-साधना और प्रकृति के साथ संतुलित जीवन की अवधारणा भारतीय मनीषा की देन हैं। आर्यभट्ट, चरक, सुश्रुत, पाणिनि और पतंजलि जैसे महापुरुषों ने ऐसे ज्ञान-स्रोत दिए जिनसे विश्व आज भी प्रेरणा लेता है। यह भारतीय बौद्धिक संपदा का वह स्वरूप है जो किसी दस्तावेज में पंजीकृत नहीं था, फिर भी मानवता की चेतना में अंकित रहा। विश्व की आधुनिक बौद्धिक संपदा मुख्यतः व्यक्तिगत स्वामित्व पर आधारित है, जबकि भारतीय ज्ञान परंपरा सामूहिक कल्याण पर आधारित रही है। भारत में ज्ञान को व्यापार नहीं, साधना माना गया। यहां ऋषियों ने अपने अनुभवों को मानवता के लिए मुक्त रखा। ल्लसर्वे भवन्तु सुखिनःङ्क की भावना में ज्ञान का उद्देश्य निजी लाभ नहीं, लोकमंगल था। यही कारण है कि भारतीय बौद्धिक संपदा का स्वरूप नैतिकता और आध्यात्मिकता से जुड़ा रहा। पश्चिम ने ज्ञान को संरक्षित कर समृद्धि अर्जित की, जबकि भारत ने ज्ञान को साझा कर संस्कृति अर्जित की। आज आवश्यकता इस बात की है कि भारत अपनी इस प्राचीन परंपरा को आधुनिक संरक्षण व्यवस्था से जोड़े ताकि उसका पारंपरिक ज्ञान वैश्विक बाजार में शोषण का शिकार न हो। हल्दी, नीम और बासमती जैसे उदाहरण इस संदर्भ में अत्यंत महत्तवपूर्ण हैं। कभी विदेशी संस्थानों ने भारतीय पारंपरिक ज्ञान पर अधिकार स्थापित करने का प्रयास किया, किंतु भारत ने प्रमाण देकर सिद्ध किया कि यह ज्ञान उसकी सांस्कृतिक धरोहर है। इसके बाद भारत ने पारंपरिक ज्ञान डिजिटल पुस्तकालय जैसी पहल कर यह दिखाया कि अपनी बौद्धिक विरासत को सुरक्षित रखने के लिए आधुनिक साधनों का उपयोग कितना आवश्यक है। यह केवल अधिकार की रक्षा नहीं थी, बल्कि अपनी सभ्यता के सम्मान की रक्षा भी थी। आज कृत्रिम बुद्धिमत्ता के युग में बौद्धिक संपदा का प्रश्न और जटिल हो गया है। मशीनें चित्र बना रही हैं, लेख लिख रही हैं, संगीत रच रही हैं और निर्णय प्रक्रिया में भाग ले रही हैं। ऐसे समय में यह प्रश्न उठ रहा है कि सर्जक कौन है-मनुष्य या मशीन? यदि किसी कृत्रिम प्रणाली ने कोई नई खोज की तो उसका अधिकार किसे मिलेगा? यह चुनौती केवल कानून की नहीं, बल्कि दर्शन की भी है। भारत जैसे देश के लिए यह अवसर भी है क्योंकि यहां मानव-केंद्रित ज्ञान परंपरा है। भारत आधुनिक तकनीक को मानवीय मूल्यों से जोड़कर बौद्धिक संपदा की नई दिशा दे सकता है। भारत आज नवाचार की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। युवा उद्यमिता, अंतरिक्ष विज्ञान, औषधि निर्माण, डिजिटल भुगतान प्रणाली और ग्रामीण तकनीक के क्षेत्रों में भारत ने विश्व को चकित किया है। चंद्रयान और गगनयान जैसे अभियानों ने यह सिद्ध किया है कि सीमित संसाधनों में भी मौलिक बुद्धि चमत्कार कर सकती है। भारतीय औषधि उद्योग ने वैश्विक स्वास्थ्य संकट के समय सस्ती दवाओं और टीकों के माध्यम से विश्व का विश्वास जीता। यह केवल आर्थिक उपलब्धि नहीं, बल्कि भारतीय बौद्धिक क्षमता का वैश्विक प्रमाण है। फिर भी भारत को अभी लंबा मार्ग तय करना है। विश्व के विकसित देशों की तुलना में अनुसंधान निवेश, पेटेंट आवेदन, विश्वविद्यालय-उद्योग सहयोग और कानूनी जागरूकता के क्षेत्र में भारत को और सशक्त होना होगा। हमारे यहां प्रतिभा की कमी नहीं, किंतु संरक्षण और प्रोत्साहन की व्यवस्था अभी पूर्ण नहीं है। अनेक युवा अपने विचारों को सुरक्षित कराने की प्रक्रिया से परिचित नहीं हैं। यदि शिक्षा व्यवस्था में आरंभ से ही सृजन और बौद्धिक अधिकारों की समझ विकसित की जाए तो भारत विश्व का अग्रणी ज्ञान-राष्ट्र बन सकता है। विश्व बौद्धिक संपदा दिवस हमें यह स्मरण कराता है कि भविष्य उन्हीं का होगा जो विचारों का सम्मान करेंगे। जिस राष्ट्र ने अपनी बौद्धिक संपदा की रक्षा की, वही दीर्घकालीन विकास की दिशा में अग्रसर हुआ। भारत के पास प्राचीन ज्ञान की गहराई है और आधुनिक नवाचार की संभावना भी। आवश्यकता केवल इस बात की है कि हम अपनी परंपरा को आधुनिक संरचना से जोड़ें। भारत की बौद्धिक संपदा केवल पेटेंट या अधिकार का विषय नहीं है, वह हमारी सभ्यता की आत्मा है। यदि उसे सही रूप में पहचाना और संरक्षित किया जाए तो भारत केवल विश्व बाजार में नहीं, बल्कि विश्व चेतना में भी अपना विशिष्ट स्थान पुनः प्राप्त कर सकता है। आज का यह दिवस हमें यही संदेश देता है कि भौतिक युग में भी सबसे बड़ी शक्ति मनुष्य की बुद्धि है, और उस बुद्धि की सबसे बड़ी सुरक्षा बौद्धिक संपदा है। भारत जब अपनी ज्ञान-परंपरा और आधुनिक नवाचार को एक साथ लेकर चलेगा, तब वह केवल विश्व से प्रतिस्पर्धा नहीं करेगा, बल्कि विश्व को दिशा भी देगा। –ललित गर्ग

# नकली दूध घी से कार्बाइड वाले फल तक हर जगह मिलावट

**पंकज शर्मा "तरुण"**

नकली दूध-घी की फैक्ट्री का पकड़ा जाना,फलों और सब्जियों में इंजेक्शन लगाना क्या हमारे विकसित होने की निशानी है? आप कहेंगे क्या पागल जैसे सवाल पूछ रहा है !सही कहा मैं तब वाकई पागल ही हो जाता हूं जब ऐसी खबरों को सुनता पढ़ता या देखता हूं। खाद्य पदार्थों में मिलावट करना कानूनन अपराध है मगर इन मिलावट खोरों की जानबूझ कर अनदेखी करना,उनसे इन संगीन जानलेवा अपराधों को पकड़े जाने पर रिश्वत लेकर छोड़ देना इस मिलावट के अपराध से भी बड़ा अपराध है।जो शासन प्रशासन में बैठे हमारे कथित भाग्य विधाता हैं ,वे अपनी जेबें, तिजोरियां भरने में लिप्त हैं। यदि हम इस पर यह तर्क सुनें कि जनसंख्या बढ़ने के कारण यह स्थिति निर्मित हुई है तो प्रथम तो यह कुतर्क ही माना जाएगा।यह नेताओं ,अधिकारियों का नैतिक दायित्व है कि वे समाज को खाद्य पदार्थों के नाम पर विष देने वालों के विरुद्ध उचित कानूनी कार्यवाही क्यों नहीं करते? देश की भोली भाली जनता की आज यह स्थिति है कि वह खामोशी से इस अत्याचार को सह रही है। लगता है, उसने इस स्थिति को अपनी नियति ही मान लिया है। देश के नेताओं के एक सूत्रीय कार्यक्रम कि देश में केवल उन्हीं का राज कायम रहे और इस लक्ष्य की प्राप्ति में वे किसी को भी बाधक नहीं बनने देना चाहते !चाहे वे मिलावट खोर ही क्यों न हों। केवल औपचारिकता के नाम पर खाद्य अधिकारियों द्वारा खानापूर्ति करने के नाम पर सैंपल लेने की प्रक्रिया की जाती है, उसके पश्चात जनता भी खुश और अधिकारी भी सुखी। उन्हें उनकी जेबों की गर्मी खामोश कर देती हैं। परिणाम जनता लाइलाज रोगों से ग्रसित पीड़ा भोग रही होती है। देश में खाद्य विभाग तो बना है लेकिन इस विभाग में कर्मचारियों ,अधिकारियों की संख्या देखेंगे तो हैरान रह जाएंगे।एक अधिकारी के पास तीन तीन जिलों का प्रभार है ! अब आप सोचिए कि एक चना भाड़ फोड़ सकता है?इतने अहम विषय पर सरकार का इस तरह उदासीन होना क्या दर्शाता है? बाजार में नई अबोध पीढ़ी के लिए निर्माण किए जा रहे रंगीन वेफर्स में कितनी घटिया खाद्य सामग्री पैक की जा रही है, इस पर कोई जिम्मेदार ध्यान नहीं देता। स्थानीय लालची वेफर्स निर्माता विख्यात कंपनियों के नाम के रंगीन पाउच धड़ल्ले से बेचने में सफल हैं ,और अकूत मुनाफा अर्जित कर रहे हैं मगर कोई देखने वाला नहीं ! ऐसा प्रतीत होता है जैसे इस गोरख धंधे को सरकार का मूक समर्थन है।यदि ऐसा नहीं है तो इन लालची निर्माताओं को विषैली खाद्य सामग्री के निर्माण से रोका क्यों नहीं जाता? बच्चों का मानो विज्ञान यह है कि वे रंग बिरंगे पाउच की ओर आकर्षित होते हैं और वे इन्हें पाने के लिए हठ करते हैं। बाल हठ के समक्ष अच्छे अच्छों को झुकना पड़ता है नतीजा गंभीर रोग, लिवर फ़ेल और असामयिक मृत्यु ! मौसमी फलों के नाम पर भी आज जो फल बेचे जा रहे हैं उनकी कहानी भी आपको पता ही होगी,नहीं है तो जान लीजिए। वर्तमान में फलों के सीजन में आम, पपीते का नंबर आता है। जिसे समय से पूर्व पीले करने अथवा जल्द पकाने हेतु कार्बाइड नाम के विषैले रसायन का उपयोग धड़ल्ले से किया जा रहा है जो पूर्णतः प्रतिबंधित है,मगर इस में किसान से पूरे बगीचे खरीद कर व्यापारी खेतों में ही सिंचाई के दौरान कार्बाइड को सिंचाई में दिए जा रहे पानी में मिला कर उन्हें समय से पूर्व पीले पके हुए बताने लगता है। इसी प्रकार केला भी कार्बाइड में पका कर बेचा जा रहा है जो स्वास्थ्य खराब करने में सहायक है। आजकल बाजार में जो टमाटर आ रहा है बड़ा ही विचित्र टमाटर आ रहा है आपने भी महसूस किया होगा टमाटर का ऊपर का खोल इतना कठोर आ रहा है जिसे चबाने पर प्रतीत होता है वह प्लास्टिक कोटेड किया हुआ है ! यह भी एक खोज का विषय है जो वैज्ञानिक ही कर सकते हैं। इसी प्रकार जब से रामदेव बाबा ने कहा है कि लौकी का ज्यूस ब्लड प्रेशर को नियंत्रित करता है,उसकी मांग रातों रात बढ़ गई है। इसकी जल्द आपूर्ति और जल्द बड़ा करने के लिए प्रतिबंधित इंजेक्शन का उपयोग किया जा रहा है। गाय भैंसों से दूध बढ़ाने में भी इसका उपयोग किया जाता है। मैं उसका नाम यहां बताना उचित नहीं समझता मगर सुधि पाठक इसका नाम भलीभांति जानते ही होंगे। यह फलों, सब्जियों को विषैला ही बनाता है जो स्वास्थ्य वर्धक नहीं है। ऐसा लगता है, यह भारी मुनाफा कमाने के साथ- साथ आधुनिक अस्पतालों को भी फलीभूत कर रहे हैं?सवाल यह खड़ा होता है कि आम आदमी इन जहरीले खाद्य पदार्थों, वस्तुओं से कैसे बचें, कौन बचाएगा?अराजकता की चरम सीमा पर आम ओ खास किंकर्तव्य विमूढ़ता की भयावह स्थिति में फंसा महसूस कर रहा है।

## सेहत मंत्र

# गर्मी में दही खाने से मिलेंगे कई बड़े फायदे

जब मौसम बदलता है तो व्यक्ति के खानपान में भी बदलाव आता है। गर्मी के मौसम में ऐसी चीजों के सेवन की सलाह दी जाती है जो शरीर को ठंडक प्रदान करें। वैसे तो इस मौसम में आप कई तरह की ठंडी चीजों का सेवन करते होंगे, लेकिन दही की बात ही अलग है। दही एक ऐसा फूड है, जिसे गर्मी में हर किसी को अवश्य खाना ही चाहिए। गर्मी के मौसम में दही खाने से ना सिर्फ शरीर का तापमान नियंत्रित होता है, बल्कि इससे पानी की कमी भी दूर होती है। इसके अलावा भी आपको कई तरह के लाभ प्राप्त होते हैं। दही शरीर के लिए एक बेहतरीन व प्रभावी ईंधन के रूप में भी काम करती है। खासतौर से, गर्मी के मौसम में जब जल्दी ही थकान का अहसास होता है तो ऐसे में दही का सेवन आपको ऊर्जावान बनाएगा। यह आपको हाइड्रेटेड भी रखता है। बस आप इसमें थोड़ा नमक या चीनी जोड़ें, और आपका शरीर अधिक संतुलित और ऊर्जावान महसूस करेगा। इतना ही नहीं, दही भी एक बेहतरीन स्टेस बस्टर भी है, जिसके कारण यह आपके भीतर चिंता के स्तर को कम करता है। दही एक प्रोबायोटिक है। इसमें बेहद हेल्दी बैक्टीरिया पाए जाते हैं, जो आंतों के लिए बेहद लाभदायक होते हैं। साथ ही इसमें मौजूद प्रोबायोटिक इम्युनिटी सिस्टम को बूस्टअप करते हैं और शरीर को वायरल बुखार से लेकर आम सर्दी और संक्रमण से लड़ने में मदद करते हैं। आपको शायद पता ना हो, लेकिन दही हृदय के लिए भी बेहद लाभकारी होती है। यह धमनियों में कोलेस्ट्रॉल के निर्माण को रोकती है और कोरोनरी हृदय रोगों के खतरे को कम करता है। इसके अलावा, यह शरीर में रक्तचाप को नियंत्रित करने में भी मदद करता है। यह आपके कार्डियो?वैस्कुलर स्वास्थ्य के लिए सबसे अच्छी चीजों में से एक है। इसलिए नियमित रूप से इसका सेवन जरूर करना चाहिए। दही में कैल्शियम प्रचुर मात्रा में पाया जाता है, जो आपकी हड्डियों और दांतों को स्वस्थ रखने में मदद करता है। इसके अलावा इसमें फास्फोरस जैसे खनिज भी शामिल हैं, जो कैल्शियम के साथ मिलकर आपकी हड्डियों के विकास को तेज करता है। इतना ही नहीं, दही गठिया और ऑस्टियोपोरोसिस जैसी बीमारियों में भी राहत दिलाने में मदद कर सकता है।

## धर्म मंत्र

# संसार के व्यसनों और इन्द्रियों पर संयम ही सच्ची विजय है

अहंकार से मुक्त संयमी हृदय को मनुष्य का सहज स्वभाव माना गया है। संयमी व्यक्ति आध्यात्मिक, विवेकशील, ईमानदार और समाज का भला करने वाला होता है। ऐसे लोग ही विजयी कहलाते हैं। संयम के अभाव में व्यक्ति में क्रोध, हिंसा और मानसिक अशांति बनी रहती है। इसका प्रभाव उनके जीवन पर भी देखने को मिलता है, जिसके फलस्वरूप असंयमी व्यक्ति उद्दंड और सभी को कष्ट देने लगता है। उनके विचार सात्विक नहीं रह जाते। जिस मनुष्य में इन सब गुणों का अभाव होता है वह इन्द्रियों का दास बन जाता है। यदि मनुष्य जीवन में किसी पूजा आचमन या योग ध्यान का अभ्यास नहीं करता है लेकिन जीवन संयमित है तो वह सदा दुर्गुणों से दूर रहेगा और सभी सांसारिक सुखों से पूर्ण जीवन व्यतीत करेगा। रावण को सभी वेदों का ज्ञान था, उसने शिव तांडव और युद्धीशा तंत्र और प्रकुठा कामधेनु जैसी कृतियों की रचना की थी, देवताओं को भी परास्त करने वाला महाज्ञानी था। लेकिन उसे अपनी शक्ति का अहंकार हो गया था, अहंकार जैसे दुर्गुणों के कारण रावण का वध हुआ। रावण वध के उपरांत विभीषण ने श्री राम से कहा रावण महाअहंकारी था उसे अपनी शक्ति का अहंकार था 'आपने रावण का वध करके महान विजय प्राप्त की है'। तब श्री राम ने कहा 'यह तो साधारण विजय है, असाधारण विजय तो अपने दुर्गुणों पर संयम पा लेना होता है। संयमित व्यक्ति संसार को जीत सकता है'। संसार के व्यसनों और इन्द्रियों पर विजय ही सच्ची विजय है।

## पर्यटन



# अमरकंटक के झरने सैलानियों को कर देते हैं मंत्रमुग्ध

अमरकंटक नर्मदा नदी, सोन नदी और जोहिला नदी का उदगम स्थान है। यह मध्य प्रदेश के अनूपपुर जिले में स्थित है। यह हिंदुओं का पवित्र स्थल है। मैकाल की पहाड़ियों में स्थित अमरकंटक मध्य प्रदेश के अनूपपुर जिले का लोकप्रिय हिन्दू तीर्थस्थल है। समुद्र तल से 1065 मीटर ऊंचे इस स्थान पर ही मध्य भारत के विंध्य और सतपुड़ा की पहाड़ियों का मेल होता है। चारों ओर से टीक और महुआ के पेड़ो से घिरे अमरकंटक से ही नर्मदा और सोन नदी की उत्पत्ति होती है। नर्मदा नदी यहां से पश्चिम की तरफ और सोन नदी पूर्व दिशा में बहती है। यहां के खूबसूरत झरने, पवित्र तालाब, ऊंची पहाड़ियों और शांत वातावरण सैलानियों को मंत्रमुग्ध कर देते हैं। प्रकृति प्रेमी और धार्मिक प्रवृत्ति के लोगों को यह स्थान काफी पसंद आता है। अमरकंटक का बहुत सी परंपराओं और किवदंतियों से संबंध रहा है। कहा जाता है कि भगवान शिव की पुत्री नर्मदा जीवनदायिनी नदी रूप में यहां से बहती है। माता नर्मदा को समर्पित यहां अनेक मंदिर बने हुए हैं, जिन्हें दुर्गा की प्रतिमूर्ति माना जाता है। अमरकंटक बहुत से आयुर्वेदिक पौधों में लिए भी प्रसिद्ध है, जिन्हें किंवदंतियों के अनुसार जीवनदायी गुणों से भरपूर माना जाता है। अमरकंटक का यह गर्म पानी का झरना है। कहा जाता है कि यह झरना औषधीय गुणों से संपन्न है और इसमें स्नान करने शरीर के असाध्य रोग ठीक हो जाते हैं। दूर-दूर से लोग इस झरने के पवित्र पानी में स्नान करने के उद्देश्य से आते हैं, ताकि उनके तमाम दुखों का निवारण हो। नर्मदाकुंड नर्मदा नदी का उद्गम स्थल है। इसके चारों ओर अनेक मंदिर बने हुए हैं। इन मंदिरों में नर्मदा और शिव मंदिर, कार्तिकेय मंदिर, श्रीराम जानकी मंदिर, अन्नपूर्णा मंदिर, गुरु गोरखनाथ मंदिर, श्री सूर्यनारायण मंदिर, वंगेश्वर महादेव मंदिर, दुर्गा मंदिर, शिव परिवार, सिद्धेश्वर महादेव मंदिर, श्रीराधा कृष्ण मंदिर और ग्यारह रूद्र मंदिर आदि प्रमुख हैं। कहा जाता है कि भगवान शिव और उनकी पुत्री नर्मदा यहां निवास करते थे। माना जाता है कि नर्मदा उदगम की उत्पत्ति शिव की जटाओं से हुई है, इसीलिए शिव को जटाशंकर कहा जाता है।

# जनगणना 2027 को त्रुटिरहित, पारदर्शी और प्रभावी बनाना प्रशासन की प्राथमिकता : निरंकार सिंह

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी । जनगणना 2027 के प्रथम चरण की तैयारियों के तहत आज अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व)/जिला जनगणना अधिकारी श्री निरंकार सिंह ने सागर इंस्टीट्यूट में संचालित प्रगणक एवं सुपरवाइजर प्रशिक्षण कार्यक्रम का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं एवं प्रशिक्षण की गुणवत्ता का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान एडीएम (वि./रा.) ने प्रशिक्षण मॉड्यूल, प्रतिभागियों की उपस्थिति, डिजिटल प्रक्रियाओं के उपयोग तथा फील्ड आधारित अभ्यास की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों एवं प्रशिक्षकों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि ल्लजनगणना जैसा राष्ट्रीय महत्व का कार्य पूर्ण शुद्धता, पारदर्शिता और जिम्मेदारी के साथ सम्पन्न कराया जाना शासन-प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में है। प्रशिक्षण की गुणवत्ता ही सफल जनगणना की आधारशिला है।ङ्क



इसी क्रम में जनपद की तहसील नवाबगंज, फतेहपुर, रामनगर, सिरौलीगौसपुर, रामसनेहीघाट एवं हैदरगढ़ में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें आज 614 प्रगणक एवं सुपरवाइजरों को 30 फील्ड ट्रेनर तथा 03 मास्टर ट्रेनरों के माध्यम से प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण सत्र के दौरान प्रतिभागियों को मकान सूचीकरण, डिजिटल डेटा संकलन, मोबाइल एप्लिकेशन के उपयोग, सत्यापन प्रक्रिया तथा फील्ड में आने वाली व्यावहारिक चुनौतियों के समाधान संबंधी विषयों पर विस्तारपूर्वक प्रशिक्षित किया गया, जिससे कार्य निष्पादन में दक्षता और शुद्धता सुनिश्चित की जा सके।

**एडीएम (वि./रा.) ने प्रशिक्षण कार्यक्रम का किया औचक निरीक्षण, गुणवत्ता पर दिया विशेष जोर**

**जनपद में अब तक 4383 प्रगणक एवं सुपरवाइजरों को दिया जा चुका है प्रशिक्षण**

उल्लेखनीय है कि जनपद बाराबंकी में अब तक कुल 4383 प्रगणक एवं सुपरवाइजरों का प्रशिक्षण सफलतापूर्वक सम्पन्न कराया जा चुका है। इस अवसर पर एडीएम (वि./रा.) ने निर्देशित किया कि प्रशिक्षण में गुणवत्ता, शुद्धता एवं व्यवहारिक उपयोगिता पर विशेष ध्यान दिया जाए, ताकि जनगणना कार्य त्रुटिरहित, प्रभावी एवं समयबद्ध ढंग से सम्पन्न हो सके।

# युवक पर चाकू से जानलेवा हमला, गंभीर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी । कोठी थाना क्षेत्र में देर रात एक सनसनीखेज वारदात सामने आई है। सराय हिजड़ा चौराहे के पास सो रहे एक युवक पर उसके ही साथी ने चाकू से हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। मिली जानकारी के मुताबिक, औरैया जिले के साहब गांव (थाना फफूंद) निवासी बब्लू अपने साथियों के साथ भानमऊ चौराहे के पास किराए के मकान में रहकर गांव-गांव घूमकर सामान बेचने का काम करता था। बीती रात वह अपने कमरे के बाहर सो रहा था, तभी उसका साथी सनी उर्फ गौरव (निवासी प्रतापपुर, थाना बीबियापुर, औरैया) अचानक वहां पहुंचा और रात करीब 11 बजे बब्लू की गर्दन पर चाकू से हमला कर दिया। बब्लू की चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग जाग गए, लेकिन तब तक आरोपी मौके से फरार




हो चुका था। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां हालत गंभीर होने पर उसे लखनऊ रेफर कर दिया गया। बताया जा रहा है कि दोनों के बीच कुछ दिन पहले पैसों को लेकर विवाद हुआ था, जिसके चलते यह हमला किया गया। घटना के बाद पुलिस ने पूरी रात आरोपी की तलाश की। रेलवे स्टेशन और बस स्टैंड समेत कई जगहों पर दबिश दी गई। आखिरकार सुबह पुलिस ने आरोपी सनी उर्फ गौरव को भानमऊ के पास से गिरफ्तार कर लिया। थाना प्रभारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि घायल को इलाज के लिए भेज दिया गया है और आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजने की कार्रवाई की जा रही है।

## संजय सेतु मरम्मत मध्य डीएम ईशान सख्त, पीपा पुल पर सुरक्षा बढ़ी

रामनगर, बाराबंकी। सरयू नदी पर स्थित संजय सेतु के मरम्मत कार्य के चलते वैकल्पिक व्यवस्था के रूप में बनाए गए पीपा पुल का जिलाधिकारी ईशान प्रताप सिंह और पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय ने स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान यातायात, बैरिकेडिंग, सुरक्षा, प्रकाश व्यवस्था और पुलिस तैनाती का जायजा लिया गया। एक ओर प्रकाश पर्याप्त मिलने पर संतोष जताया गया, वहीं दूसरी ओर अतिरिक्त लाइट लगाने के निर्देश दिए गए। डीएम-एसपी ने स्पष्ट कहा किः पुल पर वाहनों की गति नियंत्रित रखी जाए जाम की स्थिति न बनने पाए धूल से राहत के लिए नियमित पानी का छिड़काव हो 24 घंटे निगरानी और पर्याप्त पुलिस बल तैनात रहे प्रशासन ने दो टूक कहा—मरम्मत कार्य के दौरान आमजन को किसी प्रकार की असुविधा नहीं होने दी जाएगी।

# मंदिर की प्राणप्रतिष्ठा मे पहुंचें किसान क्रन्ति युनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष, लोगों ने किया सदस्य ग्रहण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबांकी कंधूपुर त्रिवेदीगंज नवीन मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा में भारतीय किसान क्रांति यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अधिवक्ता ऋषि मिश्रा का आगमन हुआ प्राण प्रतिष्ठा के उपरांत सैकड़ो लोगों ने भारतीय किसान क्रांति यूनियन के सदस्यता ग्रहण की राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा वहां के ग्राम प्रधान रिंकू पाल सिंह जो पहले किसान यूनियन तोमर के पदाधिकारी थे जिनको संगठन में जिला प्रभारी बाराबंकी सीरत को किन्नर मोर्चा का जिला अध्यक्ष अनुज दीक्षित को मीडिया प्रभारी तहसील हैदरगढ़ विजय गिरजा दत्त अवस्थी को तहसील अध्यक्ष हैदरगढ़ एवं तमाम जिले तहसील ब्लाक पदाधिकारी की नियुक्ति की गई इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष ऋषि मिश्रा प्रदेश उपाध्यक्ष भवानी शंकर दीक्षित राष्ट्रीय पदाधिकारी अनिल वर्मा जीप्रदेश उपाध्यक्ष सुशील यादव उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष तेजवीर सिंह युवा मंडल अध्यक्ष मोहम्मद रईस बाराबंकी जिले के जिला अध्यक्ष राधे रमण वर्मा शिक्षक



संघ के जिला अध्यक्ष अरुण कुमार वर्मा आदि तमाम पदाधिकारी मौजूद थे इस उपलक्ष्य में राष्ट्रीय अध्यक्ष ने गेहूं खरीद में हो रही धांधली को अधिकारियों को आगाह किया उन्होंने कहा की बाराबंकी में कुछ विभागों में बहुत ही ज्यादा भ्रष्टाचार बढ़ गया है आगामी महीने में बाराबंकी की धरती पर हमारे संगठन द्वारा बहुत बड़ा आंदोलन किया जाएगा इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष भवानी शंकर दीक्षित ने बिजली विभाग में स्मार्ट मीटर एवं अन्य के माध्यम से हो रहे विभाग में भ्रष्टाचार के खिलाफ बहुत जल्द आंदोलन की चेतावनी दी उपस्थित सभी लोगों ने भ्रष्टाचार्यों के विरोध में आंदोलन हुआ किसान हित के लिए हमेशा तैयार रहने का संकल्प लिया।

## शिक्षा विभाग में बड़ा एक्शनः हाईकोर्ट सख्त, डीआईओएस हटे, एसटीएफ करेगी जालसाजी की जांच

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। उच्च न्यायालय की लखनऊ खंडपीठ ने बड़ा और सख्त फैसला सुनाया है। अदालत ने बाराबंकी के जिला विद्यालय निरीक्षक ओ.पी. त्रिपाठी को तत्काल पद से हटाने का आदेश देते हुए पूरे मामले की जाँच एसटीएफ को सौंप दी है। इस निर्णय के बाद विभागीय गलियारों में हड़कंप मच गया है।

''क्या है पूरा मामला''

यह मामला बाराबंकी के सिटी इंटरमीडिएट कॉलेज से जुड़ा है, जहां के एक सहायक अध्यापक अभय कुमार पर गंभीर आरोप लगे हैं। आरोप है किः

उन्होंने बिना सूचना छत्तीसगढ़ के बीजापुर स्थित एकलव्य विद्यालय में प्रवक्ता पद जॉइन किया वहां से विधिवत कार्यमुक्त हुए बिना ही बाराबंकी लौट आए

और स्थानीय स्तर पर मिलीभगत से दोबारा जॉइनिंग भी कर ली

इतना ही नहीं, हैरानी की बात यह है कि अक्टूबर 2025 का वेतन भी बाराबंकी से जारी कर दिया गया, जबकि वे उस समय दूसरे राज्य में कार्यरत थे।

कोर्ट की कड़ी टिप्पणी- सुनवाई के दौरान जब यह तथ्य सामने आया, तो न्यायालय ने इसे ल्लगंभीर प्रशासनिक अपराधङ्क बताते हुए कहा कि यह केवल लापरवाही नहीं बल्कि रिकॉर्ड में हेरफ़ेर और जालसाजी का मामला है।

ल्लप्रशासनिक पारदर्शिता से कोई समझौता नहीं किया जा सकता। यह रवैया शिक्षा व्यवस्था को खोखला कर रहा है।

न्यायमूर्ति राजीव सिंह

अदालत के बड़े निर्देश

डीआईओएस का तत्काल तबादला

एसटीएफ को जाँच की जिम्मेदारी (डीएसपी रैंक अधिकारी करेगा जांच)

शिक्षक की नियुक्ति अवैध घोषित

वेतन की वसूली संबंधित अधिकारियों से

संयुक्त शिक्षा निदेशक पर भी कार्रवाई के आदेश

जालसाजी साबित होने पर प्राथमिकी दर्ज करने की छूट

''एसटीएफ करेगी गहराई से जांच''

अब एसटीएफ इस पूरे प्रकरण में जिला विद्यालय निरीक्षक, कॉलेज के प्रधानाचार्य और संबंधित शिक्षक की भूमिका की तह तक जाएगी। यदि जांच में भ्रष्टाचार या फर्जीवाड़ा साबित होता है, तो आपराधिक मुकदमा दर्ज होना तय है।

'' बड़ा संदेश ''- इस फैसले से साफ संकेत गया है कि अब शिक्षा विभाग में गड़बड़ी या फर्जीवाड़ा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अदालत ने यह भी कहा कि आदेशों के पालन में देरी रोकने के लिए अब तकनीकी माध्यम जैसे ईमेल और व्हाट्सएप का इस्तेमाल किया जाएगा। डी आई एस श्री त्रिपाठी अपनी तैनाती काल में कदाचार क लेकर ही सुर्खियों में रहे। कभी बोर्ड परीक्षा केदो के निर्धारण में उंगलियां उठी , तो कभी ''मिशन पहचान'' एनजीओ की क्रियाकलाप के लिए सुर्खियां बटोरी।

जानकार सूत्रों की माने तो उक्नेत आज भी कुछ पत्र जारी किए। तात्पर्य कार्यालय में बैठकर काम कर रहे हैं। डीआईओएस से फोन पर वार्ता का प्रयास किया गया, फोन रिसीव नहीं हुआ।

# बाराबंकी की अंशिका वर्मा ने कक्षा 10 की यूपी बोर्ड परीक्षा में सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी । फिजिक्स वाला के यूपी बोर्ड वाला से ऑन लाइन पढ़ने वाली अंशिका वर्मा ने राज्य में प्रथम स्थान प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। बाराबंकी के उधौली की रहने वाली अंशिका वर्मा ने कक्षा 10वीं की उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद परीक्षा में 600 में से 587 अंक (97.83%) प्राप्त कर राज्य में प्रथम स्थान हासिल किया। उन्होंने गणित में शत-प्रतिशत अंक प्राप्त किए। अंशिका ने अपनी सफलता का श्रेय निरंतर परिश्रम और मिले सहयोग को दिया।

उन्होंने कहा, ल्लमेरे माता-पिता और विद्यालय के शिक्षकों ने पूरे समय मेरा साथ दिया, जिसके लिए मैं उनकी बहुत आभारी हूँ। इसके साथ ही मैंने यूपी बोर्ड वाला से ऑनलाइन पढ़ाई की, जहाँ शिक्षकों ने मेरी कॉन्सेप्चुअल क्लैरिटी को मज़बूत बनाने में मदद की। मैंने प्रतिदिन अनुशासित ढंग से अभ्यास और रीविज़न पर ध्यान दिया, और मेरे अंक उसी प्रयास का परिणाम हैं।ङ्क




छात्राओं को बधाई देते हुए फिज़िक्सवाला (पीडब्ल्यू) के शिक्षक एवं संस्थापक अलख पांडेय ने कहा, ल्लहमें अपने विद्यार्थियों और उनकी उपलब्धियों पर अत्यंत गर्व है। इन छात्राओं की सफलता इन छात्राओं की सफलता सराहनीय है। यह परिणाम उनके परिश्रम और समर्पण का प्रतिबिंब है। पीडब्ल्यू में हम सदैव विद्यार्थियों को अवधारणात्मक स्पष्टता, अनुशासित पुनरावृत्ति और नियमित अभ्यास पर ध्यान केंद्रित करने के लिए प्रेरित करते हैं। मैं उन्हें इस उपलब्धि के लिए हार्दिक बधाई देता हूँ और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करता हूँ।ङ्क

अंशिका का प्रदर्शन यह दर्शाता है कि अनुशासित तैयारी और संरचित शैक्षणिक सहयोग के माध्यम से ग्रामीण परिवेश के विद्यार्थी भी उत्कृष्टता की ओर निरंतर अग्रसर हो रहे हैं।

# दो गांवों में आग का कहर, हजारों का नुकसान, ग्रामीणों में दहशत



कैनविज टाइम्स संवाददाता

सिरौलीगौसपुर/मसौली। तहसील क्षेत्र के दो अलग-अलग गांवों में आग लगने से भारी नुकसान हुआ। दरवेशपुर गांव में गैस सिलेंडर लीकेज से एक घर जलकर राख हो गया, जिसमें गृहस्थी का सारा सामान नष्ट हो गया। वहीं रायगंज डेरा में छप्पर के मकान और घूर गड्ढे में लगी आग को फायर ब्रिगेड ने कड़ी मशक्कत के बाद काबू किया। लगातार हो रही घटनाओं से ग्रामीणों में भय का माहौल है। प्रशासन ने नुकसान के आकलन के निर्देश दिए हैं।

## मलेरिया दिवस पर जागरूकता अभियान, स्वच्छता और बचाव पर जोर

सिरौलीगौसपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मलेरिया दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। मेडिकल ऑफिसर डॉ. देव प्रताप सिंह ने मलेरिया से बचाव के उपाय बताते हुए लोगों से साफ-सफाई बनाए रखने, पानी जमा न होने देने और मच्छरदानी के उपयोग की अपील की। कार्यक्रम में स्वास्थ्य टीम ने शपथ दिलाकर मलेरिया मुक्त समाज बनाने का संकल्प लिया।

## सीएचसी रामसनेहीघाट का औचक निरीक्षण

रामसनेहीघाट बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामसनेहीघाट का शनिवार को औचक निरीक्षण किया गया। कैंसर सोसायटी लखनऊ के डायरेक्टर राजेश यादव व कायाकल्प टीम ने करीब दो घंटे तक ओपीडी, वार्ड, पैथोलॉजी, लेबर रूम और औषधि भंडारण कक्ष का गहन निरीक्षण किया। निरीक्षण में पाई गई कमियों को शीघ्र दूर करने के निर्देश दिए गए। इस दौरान अधीक्षक डॉ. रमेश चंद्र, नोडल अधिकारी डॉ. रईस खान व अन्य स्टाफ मौजूद रहा।

## ड्रोन से किया फ़सल पर दवा छिड़काव

मसौली बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। कृषि क्षेत्र में आधुनिक तकनीक को बढ़ावा देते हुए सीमेप द्वारा टिकाऊ खेती के अंतर्गत ड्रोन से दवा छिड़काव किया गया। हालीआन प्रोजेक्ट के तहत ग्राम चंदनपुरवा व बड़ागांव में किसानों के खेतों पर ड्रोन तकनीक का प्रयोग किया गया। इस पहल में आई-ड्रोन पायलट अनीस अली, हिमांशु सिंह और दिवंशी ने भाग लिया। कार्यक्रम में लीड किसान ऋषि यादव, अजय यादव, कमलापति यादव सहित अन्य किसान व शोधार्थी भी उपस्थित रहे।

## यूपी बोर्ड परीक्षा, यूनियन इंटर कॉलेज का शानदार प्रदर्शन

रामनगर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। यूनियन इंटर कॉलेज रामनगर के छात्रों ने यूपी बोर्ड परीक्षा में शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया। हाईस्कूल में सार्थक दीक्षित ने 92.33% अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। मेधावी छात्रों को विद्यालय में सम्मानित किया गया। प्राचार्य डॉ. कमलेश सिंह ने विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य के लिए प्रेरित किया।

## होमगार्ड भर्ती परीक्षाः केंद्रों पर कड़ी निगरानी, पारदर्शिता पर जोर

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। होमगार्ड स्वयंसेवक भर्ती परीक्षा के पहले दिन डीएम-एसपी ने विभिन्न परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की हकीकत जानी। निरीक्षण में पाया गया किः सीसीटीवी निगरानी, सुरक्षा जांच और प्रश्नपत्र सुरक्षा पर विशेष फोकस है अभ्यर्थियों के लिए पेयजल, छाया और शौचालय की व्यवस्था सुनिश्चित की गई अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि परीक्षा निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण हो और पूरी पारदर्शिता के साथ सम्पन्न हो।

## डीएम ने नगर पंचायत कटरा के उपचुनाव को लेकर की बैठक

शाहजहांपुर। जिला निर्वाचन अधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में नगर पंचायत कटरा में नगर पंचायत अध्यक्ष पद के उपचुनाव की तैयारियों को लेकर राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों के साथ बैठक कलेक्ट्रेट स्थित बिस्मिल सभागार में आयोजित की गई। बैठक में उपनिर्वाचन को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं सुरक्षित ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से विस्तृत चर्चा की गई। डीएम ने बताया कि 05 मई को प्रातः 07 बजे से सायं 05 बजे तक मतदान संपन्न कराया जाएगा। मतगणना 07 मई को प्रातः 08 बजे से विकास खण्ड तिलहर में की जाएगी।

## परीक्षा पूरी तरह निष्पक्ष, पारदर्शी और नकलविहीन होनी चाहिए, लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी : डीएम

शाहजहांपुर। उत्तर प्रदेश होमगार्ड के पदों पर एनरोलमेंट-2025 की परीक्षा के सफल, निष्पक्ष एवं नकल-विहीन संपन्न कराने के लिए जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह और पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित ने जीएफ कॉलेज एवं राजकीय इंटर कालेज के परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान डीएम ने परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरों की निगरानी व्यवस्था, कंट्रोल रूम, स्ट्रांग रूम और परीक्षा कक्षों की स्थिति का जायजा लिया। साथ ही स्टेटिक मजिस्ट्रेट, सेक्टर मजिस्ट्रेट और केंद्र व्यवस्थापकों को निर्देश दिए कि परीक्षा पूरी तरह निष्पक्ष, पारदर्शी और नकलविहीन होनी चाहिए। किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कहा कि सभी व्यवस्थाएं समय से सुनिश्चित की जाएं। परीक्षा के दौरान सुरक्षा, निगरानी और अनुशासन का विशेष ध्यान रखा जाए, ताकि अभ्यार्थियों को कोई असुविधा न हो और परीक्षा सुचारु रूप से संपन्न हो सके। प्रथम दिवस जनपद के कुल 13 परीक्षा केन्द्रों पर सकुशल संपन्न हुई। 26 एवं 27 अप्रैल 2026 को भी परीक्षा प्रतिदिन दो पालियों में आयोजित होगी।

# डीएम ईशान ने मनोयोग से सुनी जन शिकायतें, फरियादी मुदित

कैनविज टाइम्स संवाददाता

रामनगर / सिरौलीगसपुर बाराबंकी। थाना रामनगर में आयोजित समाधान दिवस में नवागत जिलाधिकारी ईशान प्रताप सिंह और पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय ने फरियादियों की समस्याएं सुनीं। कुल 11 शिकायतों में से एक का मौके पर निस्तारण किया गया, जबकि शेष मामलों को संबंधित विभागों को सौंप दिया गया। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिकायतों का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करें, अन्यथा लापरवाही पर कड़ी कार्रवाई होगी। इस दौरान एसडीएम आनंद कुमार तिवारी, सीओ गरिमा पंत और प्रभारी निरीक्षक अरुण प्रताप सिंह सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। सिरौलीगौसपुर से सचिन गुप्ता ने बताया कि बदोसराय कोतवाली में आयोजित थाना समाधान दिवस में चार शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से एक का मौके पर निस्तारण किया गया। उपजिलाधिकारी अनिल कुमार सरोज की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में तहसीलदार बालेन्दु भूषण वर्मा व प्रभारी निरीक्षक राम अवतार सरोज मौजूद रहे। अधिकारियों ने




शेष मामलों के त्वरित समाधान के निर्देश देते हुए जमीन व पारिवारिक विवाद आपसी सहमति से निपटाने पर जोर दिया।





# केकेआर और एलएसजी के बीच मैच में रहाणे और पंत की कप्तानी की होगी परीक्षा

एजेंसी





लखनऊ। कहा जाता है कि कप्तान उतना ही अच्छा होता है जितनी अच्छी उसकी टीम होती है तथा ऋषभ पंत और अजिंक्य रहाणे के लिए यह कड़वी सच्चाई साबित हो रही हैं जिनकी टीम लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) और कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) रविवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मैच में आमने-सामने होंगी। आईपीएल 2025 के निराशाजनक प्रदर्शन के बाद भी केकेआर ने रहाणे को कप्तान बनाए रखकर साहसिक फैसला किया लेकिन उनकी अगुवाई में टीम इस सत्र में भी अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाई है। केकेआर को अपनी पहली जीत दर्ज करने में सात मैच लगे। यह जीत भी उसे सामूहिक प्रयास से नहीं बल्कि रिंकू सिंह के व्यक्तिगत प्रदर्शन की बदौलत मिली। रहाणे ने अब तक कुछ मैच में अच्छा प्रदर्शन किया है लेकिन वह अपेक्षित तेजी से रन नहीं बना पाए हैं जो कि इस प्रारूप में जरूरी है। उनकी उम्र लगभग 38 वर्ष है और ऐसे में उन्हें लंबी अवधि तक टी20 टीम का कप्तान बनाए रखना इस प्रारूप की मांगों के अनुरूप नहीं लगता है। कमजोर तेज गेंदबाजी आक्रमण और स्पिन गेंदबाज वरुण चक्रवर्ती के नहीं चल पाने से भी रहाणे की मुश्किलें बढ़ी। यही नहीं टीम अभी तक सही संयोजन भी तैयार नहीं कर पाई है। रचिन रविंद्र को अभी तक एक भी मैच में खेलने का मौका नहीं मिला है जबकि उनके देश न्यूजीलैंड के फिन एलन और टिम सीफर्ट के बीच बिना किसी स्पष्टता के अदला-बदली का खेल चल रहा है। रहाणे के कप्तान के रूप में कुछ फैसले भी टीम के लिए सही नहीं रहे। पिछले कुछ मैच में वह स्वयं भी अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए जिससे उन पर दबाव बढ़ गया है। केकेआर भले ही इकाना स्टेडियम में कुछ हद तक लय में उतरें, लेकिन उसके अभी केवल तीन अंक हैं और उसे अपने शेष सात मैचों में से कम से कम छह में जीत हासिल करनी होगी जो उसके प्रदर्शन को देखकर असंभव लगता है। एलएसजी का अभियान भी अब तक अच्छा नहीं रहा है। ऋषभ पंत की अगुवाई वाली इस टीम ने केवल दो मैच जीते हैं और उस पर जल्दी बाहर होने का खतरा मंडरा रहा है। लगातार चार हार और कप्तान के कई फैसलों ने स्थिति को और भी बदतर बना दिया है। पंत स्वयं अच्छा प्रदर्शन नहीं कर का रहे हैं। सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ नाबाद 67 रन की पारी के बाद से उन्होंने पांच पारियों में केवल 72 रन बनाए हैं, जिसमें राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ तीन गेंदों पर शून्य पर आउट होना भी शामिल है। लखनऊ की मुश्किल पिच पर 160 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए पहला विकेट जल्दी गंवाने के बाद पंत क्रीज पर उतरे लेकिन उन्होंने गैर जिम्मेदाराना अंदाज में अपना विकेट इनाम में दिया। एलएसजी का अपने घरेलू मैदान पर खराब प्रदर्शन इस साल भी जारी रहा। पिछले सत्र में उसे यहां खेले गए आठ मैचों में से छह में हार मिली, जिसमें लगातार पांच हार शामिल हैं।

# म्हात्रे, सूर्यवंशी को टेस्ट के लिए सही सोच की जरूरत एकमात्र जायसवाल सभी प्रारूप के बल्लेबाज: हरभजन

एजेंसी



मुंबई। दिग्गज क्रिकेटर हरभजन सिंह के अनुसार वैभव सूर्यवंशी और आयुष म्हात्रे जैसे युवा बल्लेबाजों को टेस्ट क्रिकेट के लिए सही सोच रखने की जरूरत होगी और वे यशस्वी जायसवाल को अपना आदर्श मान सकते हैं जो भारत के सभी प्रारूपों के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी हैं। हरभजन ने जायसवाल को अगली पीढ़ी का सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज कहने में जरा भी हिचकिचाहट महसूस नहीं की क्योंकि उनके पास सभी प्रारूप के लिए सही तकनीक मौजूद है। सचिन तेंदुलकर के 53वें जन्मदिन के मौके पर आयोजित 'लीजेंड्स क्लब' के एक कार्यक्रम में हरभजन ने कहा, ''उन्हें (आने वाले बल्लेबाजों को) अपनी जगह खुद बनानी होगी और इतना अचछा प्रदर्शन करना होगा कि टेस्ट क्रिकेट की टीम में शामिल होने के लिए उनकी दावेदारी मजबूत हो जाए। हरभजन ने कहा, ''अगर इन सभी में से कोई सबसे बेहतरीन बल्लेबाजी कर रहा है, तो वह यशस्वी जायसवाल हैं और हम उनके बारे में तो बात भी नहीं कर रहे हैं। उनके पास टी20 और टेस्ट क्रिकेट, दोनों के लिए जरूरी चीजों का एकदम सही मेल है। उनके पास ऐसी सोच है कि वे एक सत्र तक गेंद छोड़ सकते हैं और अगले सत्र में रन बनाना शुरू कर सकते हैं। उन्होंने कहा, ''इस तरह की सोच रखने वाले बहुत कम खिलाड़ी होते हैं और जायसवाल ने अपनी जगह खुद बनाई है। मुझे लगता है कि जायसवाल, सूर्यवंशी और यहां तक कि ईशान किशन की भी सोच गेंद को जोर से मारने वाली है। लेकिन साथ ही आपको यह भी समझना होगा कि जब गेंद में मूवमेंट हो और हालात अलग हों तो आपके पास ऐसी तकनीक भी होनी चाहिए जिससे आप गेंद को डिफेंड कर सकें। हरभजन ने कहा कि भारत को सूर्यवंशी जैसे खिलाड़ियों को टेस्ट क्रिकेट के लिए तैयार करने हेतु उन्हें सही तरीके से तराशना होगा। उन्होंने कहा, ''आखिरकार वे सीख ही जाएंगे, चाहे उन्हें उतार-चढ़ाव का सामना ही क्यों नहीं करना पड़े। अगर कोई 15 साल का लड़का गेंद को जोर से मार सकता है तो वह उसे डिफेंड भी सकता है। यह सब सोच की बात है। अगर आप उसे मौका देंगे तो वह उस माहौल में खुद को ढाल लेगा। उन्होंने कहा, ''लेकिन अगर आप उसे पहले दौर के लिए इंग्लैंड भेजते हैं, जहां गेंद स्विंग करेगी तो यह समझदारी की बात नहीं होगी। अगर हम चाहते हैं कि वह टेस्ट क्रिकेट खेले, तो हमें उसे तराशना होगा। पूर्व भारतीय स्पिनर ने कहा कि भारत में टेस्ट क्रिकेट के लिए बेहतर पिचें होना बहुत जरूरी है, जिससे सिर्फ बल्लेबाजों का ही आत्मविश्वास नहीं बढ़ेगा बल्कि इसका मतलब यह भी होगा कि स्पिनरों को आसानी से विकेट नहीं मिलेंगे।

# दीप्ति की फॉर्म चिंता का विषय है, लेकिन वह वापसी करेंगी: मजूमदार

एजेंसी



जोहानिसबर्ग। भारतीय महिला टीम के मुख्य कोच अमोल मजूमदार ने अनुभवी हरफनमौला दीप्ति शर्मा के राष्ट्रीय टीम के साथ लंबे समय से चल रहे खराब दौर को चिंताजनक करार देते हुए उम्मीद जताई कि वह जल्द ही फॉर्म में वापसी करेंगी। हरमनप्रीत कौर की अगुआई वाली भारतीय टीम दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पांच मैचों की महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला में लगातार तीन मैच हारकर श्रृंखला गंवा चुकी है। इस दौरान दीप्ति का गेंदबाजी प्रदर्शन निराशाजनक रहा है और वह अब तक एक भी विकेट हासिल नहीं कर सकी हैं। इस श्रृंखला के तसरे मैच में लॉरा वोल्वार्ट और सुने लुस ने दीप्ति की गेंदबाजी की जमकर धुनाई करते हुए उनके 3.3 ओवर में 46 रन बनाए। दक्षिण अफ्रीका ने इस मैच में 192 रन का लक्ष्य एक विकेट गंवा कर हासिल कर लिया। पिछले 10 अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों (तीनों प्रारूपों में) में दीप्ति का योगदान भी सीमित रहा है, जहां उन्होंने केवल 51 रन बनाए और सात विकेट ही लिए हैं। चौथे मैच से पहले मजूमदार ने कहा, मैं बात घुमाना नहीं चाहता, दीप्ति के मामले में यह निश्चित रूप से थोड़ी चिंता की बात है। उन्होंने कहा, '' लय अस्थायी होती है और कौशल स्थायी। यह एक आम कहावत है, लेकिन सभी खिलाड़ियों पर लागू होती है। इसमें कोई संदेह नहीं कि वह कमाल की खिलाड़ी है। हमने विश्व कप और बड़े टूर्नामेंटों में दबाव की परिस्थितियों में उनके प्रदर्शन को देखा है। उन्होंने कहा, ''यह केवल समय की बात है कि वह लय में लौटें और मुझे तथा पूरे देश को उम्मीद है कि यह कल से ही शुरू हो जाए। वह लंबे समय से टीम की अहम खिलाड़ी रही हैं और मध्यक्रम में बड़ी जिम्मेदारी निभाती आई हैं। इस समय वह भारतीय महिला क्रिकेट की प्रमुख स्तंभों में से एक हैं। जून में इंग्लैंड में होने वाले टी20 विश्व कप से पहले कम समय बचा है, ऐसे में मजूमदार चाहते हैं कि गेंदबाजी इकाई खासकर पावरप्ले ओवरों में बेहतर प्रदर्शन करे।

# सीएसके लय हासिल करने की कोशिश में, गुजरात की नजर वापसी पर

एजेंसी




चेन्नई। पिछले कुछ मैचों शानदार प्रदर्शन करने वाली चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) की टीम रविवार को गुजरात टाइटंस के खिलाफ यहां होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मैच में अपनी लय बरकरार रखने की कोशिश करेगी। दूसरी तरफ लगातार दो हार का सामना करने वाली गुजरात टाइटंस की टीम अच्छा प्रदर्शन करके अपने अभियान को पटरी पर लाने के लिए बेताब होगी। सीएसके ने इस सत्र की शुरुआत अच्छी नहीं की थी लेकिन इसके बाद उसने शानदार वापसी करके अपने पिछले चार मैचों में से तीन में जीत हासिल की है। इसमें मुंबई इंडियंस पर 103 रन की जीत भी शामिल है, जिसमें संजू सैमसन ने सत्र का अपना दूसरा शतक लगाया था। रुतुराज गायकवाड़ की अगुवाई वाली सीएसके के अभी छह अंक हैं और वह प्लेऑफ में जगह बनाने की दौड़ में बने रहने के लिए आगे किसी भी तरह की गलतियों से बचने के लिए प्रतिबद्ध होगी। सीएसके की टीम अभी अच्छी स्थिति में नजर आ रही है। मुंबई के खिलाफ उसे सैमसन की शानदार पारी और अकील हुसैन की अगुवाई में गेंदबाजों के बेहतर प्रदर्शन के कारण बड़ी जीत मिली। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि उसने यह जीत अपने स्टार खिलाड़ी महेंद्र सिंह धोनी (पिंडली की चोट) और युवा बल्लेबाज आयुष म्हात्रे (हैमस्ट्रिंग की चोट) के बिना हासिल की। सीएसके के लिए हालांकि कुछ क्षेत्र चिंता का विषय बने हुए हैं। उसके शीर्ष क्रम ने अच्छा प्रदर्शन किया है, लेकिन मध्य क्रम आक्रामक बल्लेबाजी करने और साझेदारी निभाने में नाकाम रहा है। गायकवाड़ खुद भी खराब फॉर्म से गुजर रहे हैं जबकि सरफराज खान, शिवम दुबे और डेवाल्ड ब्रेविस जैसे खिलाड़ी अच्छी शुरुआत को बड़े स्कोर में बदलने में नाकाम रहे हैं। सीएसके के लिए गेंदबाजी विभाग सकारात्मक पहलू रहा है। अंशुल कंबोज ने अपनी निरंतरता बनाए रखी है और टूर्नामेंट में अब तक सर्वाधिक 14 विकेट हासिल किए हैं। जेमी ओवरटन ने उनका अच्छा साथ दिया है। उन्होंने अभी तक नौ विकेट लिए हैं। नूर अहमद ने नियंत्रण बनाए रखा है और हुसैन ने पिछले मैच में चार विकेट लेकर अपनी क्षमता का प्रदर्शन किया। गुजरात टाइटंस की टीम अभी तक अवसरों का फायदा उठाने में नाकाम रही है। उसे पिछले दो मैच में हार का सामना करना पड़ा है। उसे मुंबई इंडियंस ने 99 रन और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने पांच विकेट से हराया। उसके छह अंक है लेकिन खराब रन रेट के कारण वह सातवें स्थान पर है। आक्रामक बल्लेबाजी को बढ़ावा देने वाले प्रारूप में उनका रूढ़िवादी दृष्टिकोण हमेशा कारगर साबित नहीं हुआ है। विशेष रूप से मध्य क्रम का प्रदर्शन निराशाजनक रहा है और वे अक्सर अच्छी शुरुआत का लाभ उठाने में विफल रहे हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### कोहली की मानसिकता उन्हें दूसरों से अलग करती है: दहिया

बेंगलुरु। गुजरात टाइटन्स के सहायक कोच विजय दहिया ने विराट कोहली की जमकर तारीफ करते हुए कहा कि पूर्व भारतीय कप्तान की लगन और हमेशा अपने खेल में सुधार करने की ललक उन्हें दूसरों से अलग बनाती है। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के बल्लेबाज कोहली ने 44 गेंद पर 81 रन बनाए जिससे उनकी टीम ने गुजरात को पांच विकेट से हराया। उन्हें मैच का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। दहिया ने मैच के बाद संवाददाताओं से कहा, '''मैच के बाद वह कह रहे थे कि वह इसे शतक में बदल सकते थे। इससे उनकी मानसिकता का पता चलता है। उन्होंने कहा, ''जब आप स्थिति को अपने नियंत्रण में कर लेते हैं तो फिर आप गेंदबाजों को अपनी इच्छानुसार गेंदबाजी करने के लिए मजबूर कर सकते हैं। इस विकेट पर खेलना आसान नहीं था लेकिन उन्होंने इसे आसान बना दिया। मुझे लगता है कि यह अद्भुत है। दहिया ने कहा कि यह नहीं भूलना चाहिए कि उन्होंने अपनी यह पारी विश्व स्तरीय गेंदबाजों के खिलाफ खेली। उन्होंने कहा, ''अच्छा करने की उनकी इच्छाशक्ति, उनकी मानसिकता उन्हें अन्य लोगों से अलग करती है। वह अब भी तेजी से रन चुराने में माहिर हैं। वह युवा खिलाड़ियों को अतिरिक्त रन बनाने के लिए प्रेरित करते रहते हैं। अच्छा प्रदर्शन करने की उनकी यही लगन और ललक उन्हें सबसे अलग बनाती हैं। दहिया ने कहा, ''वह किसी को कुछ साबित करने के लिए नहीं खेल रहे हैं। यह खुद के प्रदर्शन पर गौर करने से जुड़ा है। यह एक ऐसे खिलाड़ी से जुड़ा है जो कल से बेहतर बनने की कोशिश कर रहा है।''

### ओलंपिक पदक विजेता हॉकी खिलाड़ी गुरबख्श सिंह ग्रेवाल का निधन

चंडीगढ़। ओलंपिक हॉकी पदक विजेता गुरबख्श सिंह ग्रेवाल का यहां जीरकपुर में शुक्रवार को दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। वह 84 वर्ष के थे। गुरबख्श 1968 के मैक्सिको सिटी ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय टीम के सदस्य थे। उन्होंने अपने भाई बलबीर सिंह ग्रेवाल के साथ एक ही ओलंपिक में भारत का प्रतिनिधित्व किया था। इस तरह से वे उन कुछ भाईयों की जोड़ी में शामिल हैं जो एक साथ ओलंपिक में खेले। गुरबख्श ने अपने खेल करियर के अलावा पश्चिमी रेलवे में खेल अधिकारी के रूप में काम किया, जहां उन्होंने राजस्थान की कई प्रतिभाओं की पहचान करने और उन्हें रेलवे हॉकी टीम में शामिल करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### पीपीबीएल पर कार्रवाई का कोई असर नहीं, पेटीएम के कारोबार में मजबूत गति बरकरार

नयी दिल्ली। भारत की अग्रणी भुगतान ऐप पेटीएम (वन 97 कम्युनिकेशंस लिमिटेड) ने कहा कि पेटीएम पेमेंट्स बैंक लिमिटेड (पीपीबीएल) पर भारतीय रिजर्व बैंक की कार्रवाई का कंपनी पर कोई वित्तीय या व्यावसायिक प्रभाव नहीं पड़ेगा। कंपनी ने दोहराया कि बैंकिंग इकाई के साथ उसका कोई महत्वपूर्ण व्यावसायिक समझौता या जोखिम नहीं है। नोएडा स्थित इस दिग्गज फिनटेक कंपनी ने शेयर बाजार को बताया कि पीपीबीएल स्वतंत्र रूप से काम करता है और इसमें पेटीएम का कोई बोर्ड या प्रबंधन हस्तक्षेप नहीं है। कंपनी ने स्पष्ट किया, जैसा कि एक मार्च, 2024 को पहले ही बताया जा चुका है, कंपनी का पीपीबीएल के साथ कोई जोखिम या महत्वपूर्ण व्यावसायिक समझौता नहीं है। कंपनी द्वारा दी जाने वाली कोई भी सेवा पीपीबीएल के साथ साझेदारी में नहीं है। इसके अलावा, पीपीबीएल स्वतंत्र रूप से संचालित होता है। पेटीएम ने यह भी कहा कि कंपनी पर इसका कोई वित्तीय प्रभाव नहीं है, क्योंकि वह 31 मार्च, 2024 को ही पीपीबीएल में अपने निवेश को बट्टे खाते में डाल चुकी है। कंपनी ने आगे स्पष्ट किया कि उसकी कोई भी सेवा पीपीबीएल से जुड़ी नहीं है और उसकी सहायक कंपनियों सहित सभी पेशकश सामान्य रूप से काम कर रही हैं। पेटीएम ने कहा, ङ्कपेटीएम (वन 97 कम्युनिकेशंस लिमिटेड) और उसकी सेवाएं, बिना किसी रुकावट के चल रही हैं, और आगे भी निर्बाध रूप से जारी रहेंगी। इनमें पेटीएम ऐप, पेटीएम यूपीआई, पेटीएम गोल्ड और सहायक व सहयोगी कंपनियों की अन्य सेवाएं जैसे पेटीएम क्यूआर, पेटीएम साउंडबॉक्स, पेटीएम कार्ड मशीन, पेटीएम पेमेंट गेटवे और पेटीएम मनी आदि शामिल हैं।

# कर्नाटक की कप्तानी करने से टी20 का बेहतर बल्लेबाज बनने में मदद मिली: पडिक्कल

एजेंसी



बेंगलुरु। शानदार फॉर्म में चल रहे देवदत्त पडिक्कल ने कहा कि कर्नाटक क्रिकेट टीम की कप्तानी करने और कुछ रणनीतिक बदलाव के कारण उन्हें एक संपूर्ण टी20 बल्लेबाज बनने में मदद मिली। पडिक्कल ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की तरफ से अर्धशतक जमाकर उसकी गुजरात टाइटंस के खिलाफ जीत में अहम भूमिका निभाई थी। उन्होंने मैच के बाद पत्रकारों से कहा, ''निश्चित तौर पर मुझे लगता है कि कप्तान बनने से मुझे खेल के प्रति एक अलग दृष्टिकोण मिला है। इससे मुझे इस बारे में बहुत अधिक सोचने का मौका मिला कि एक गेंदबाज कैसे सोचता है, मैदान पर कप्तान कैसे सोचते हैं, और वे क्या करने की कोशिश कर सकते हैं। पडिक्कल ने कहा, ''इससे मुझे अपने खेल के कुछ पहलुओं को बेहतर करने और परिस्थितियों के अनुसार खेलने में मदद मिली। इससे मुझे अपनी स्थिति समझने और उसके अनुसार खेलने में मदद मिली। इसलिए निश्चित रूप से मुझे लगता है कि कर्नाटक का कप्तान बनने से मुझे फायदा मिला। पडिक्कल ने आरसीबी के सीनियर बल्लेबाज विराट कोहली की जमकर तारीफ की और क्रिकेट में लगभग सब कुछ हासिल करने के बावजूद उनके जोश और लगन की सराहना की। उन्होंने कहा, ''मुझे उनकी जो सबसे बात लगती है वह उनकी ऊर्जा और प्रत्येक अभ्यास क्षेत्र में उनका जोश है। उन्होंने इस खेल में काफी कुछ हासिल कर लिया है लेकिन इसके बावजूद वह प्रत्येक अभ्यास सत्र और प्रत्येक मैच में अपना शत प्रतिशत योगदान देते हैं। इस तरह की प्रतिबद्धता बहुत कम खिलाड़ियों में देखने को मिलती है। पडिक्कल ने कहा,''जब आप किसी को खेल के प्रति इतना समर्पित और जुनूनी देखते हैं तो उसका प्रभाव टीम के हर सदस्य पर पड़ता है। इसलिए मुझे लगता है कि उनकी ऊर्जा टीम से टीम के प्रत्येक सदस्य को मदद मिलती है। उन्होंने बताया कि लाल गेंद से टी20 क्रिकेट में बदलाव के दौरान किए गए तकनीकी समायोजन ने उनके प्रदर्शन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। पडिक्कल ने बताया, ''अगर आप मेरी रणजी ट्रॉफी की बल्लेबाजी की तुलना आईपीएल की बल्लेबाजी से करें, तो आपको बदलाव साफ नजर आएंगे। लेकिन मेरा आत्मविश्वास और भरोसा अब भी पहले जैसा ही है।

# वैश्विक मानकों की बराबरी के लिए भारतीयों को शारीरिक रूप से बेहतर होने की जरूरत: वाइट

एजेंसी



नयी दिल्ली। भारतीय जूनियर महिला हॉकी कोच टिम वाइट का कहना है कि देश की अगली पीढ़ी के खिलाड़ियों को शीर्ष अंतरराष्ट्रीय मानकों की बराबरी करने के लिए शारीरिक रूप से बेहतर होने की जरूरत है जबकि सीनियर टीम के कोच सोर्ड मारिने का मानना है कि भारत सही दिशा में आगे बढ़ रहा है। वाइट ने हाल में बेल्जियम और ऑस्ट्रेलिया में काम करने के बाद भारतीय जूनियर महिला टीम की जिम्मेदारी संभाली है। उन्होंने कहा कि भारत में प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है, लेकिन उच्चतम स्तर पर लगातार सफलता हासिल करने के लिए शारीरिक कमियों को दूर करना बहुत जरूरी होगा। वाइट ने शुक्रवार को एक वर्चुअल बातचीत में कहा, ''मुझे लगता है कि किसी ग्रुप को विश्व-स्तरीय बनाने के लिए, किसी देश को विश्व-स्तरीय बनाने के लिए, उन्हें शारीरिक रूप से भी विश्व-स्तरीय होना होगा। जब बेल्जियम ने बहुत सुधार किया, उन्होंने दूसरी चीजों के साथ-साथ शारीरिक रूप से भी बहुत सुधार किया। उन्होंने कहा, ''मैंने एक बात पहले ही नोटिस की है कि यह ग्रुप शारीरिक रूप से उस स्तर से नीचे है, जो बेल्जियम में खिलाड़ियों का था या ऑस्ट्रेलिया में था। और हमें शारीरिक रूप से बेहतर होने के लिए कड़ी मेहनत करनी होगी, ताकि हम बेहतरीन जूनियर टीम से मुकाबला कर सकें और खिलाड़ियों का सीनियर टीम में प्रवाह जारी रहे। ''

# भारत वेंचर्स शिखर सम्मेलन में स्टार्टअप ने पेश किए नए समाधान

एजेंसी

जयपुर। जयपुर में आयोजित भारत वेंचर्स शिखर सम्मेलन में शनिवार को स्टार्टअप ने सूचना एवं प्रौद्योगिकी, कृत्रिम मेधा, बैंकिंग, वित्त और परिवहन क्षेत्रों में नए समाधान पेश किए। कार्यक्रम में 20 से अधिक स्टार्टअप ने निवेशकों के सामने अपने नवाचार के बारे में बताया। कार्यक्रम में बैंकिंग और वित्त से जुड़े स्टार्टअप ने फिनटेक मंच, डिजिटल भुगतान समाधान, ब्लॉकचेन-आधारित सुरक्षा प्रणालियों और सूक्ष्म वित्त मॉडल पर ध्यान आकर्षित किया। इनका मकसद दक्षता को और अधिक बढ़ाना है। परिवहन क्षेत्र पर केंद्रित स्टार्टअप ने विद्युत गतिशीलता, कृत्रिम मेधा आधारित यातायात प्रबंधन और हरित परिवहन में नवाचार के बारे में बताया, जिन्हें भविष्य-उन्मुख शहरी ढांचे के लिए अहम माना जा रहा है। भारत वेंचर शिखर सम्मेलन के दौरान फ़ेडरेशन ऑफ यूनिकॉर्न इनोवेटिव स्टार्टअप्स एंड इंडस्ट्रीज (एफयूआईएसआई) के पदाधिकारियों का स्थापना समारोह भी हुआ, जिसमें शोधकर्ताओं, नवप्रवर्तकों और उद्योग प्रतिनिधियों ने भाग लिया। पोद्दार समूह और एफयूआईएसआई के चेयरमैन आनंद पोद्दार ने कहा कि संस्था का लक्ष्य 10,000 स्टार्टअप को सलाह, अनुदान और ज्ञान-साझाकरण पहलों के माध्यम से सहयोग देना है। संगठन का ध्यान नवीकरणीय ऊर्जा, मीडिया तकनीक, हरित अर्थव्यवस्था और कृत्रिम बुद्धिमत्ता जैसे क्षेत्रों पर है। भारत वेंचर के चेयरमैन डॉ. संजय खंडेलवाल ने कहा, ङ्कस्टार्टअप भारत की आर्थिक वृद्धि के प्रमुख इंजन है। एफयूआईएसआई के माध्यम से निवेश, मार्गदर्शन और तकनीकी समर्थन देकर युवाओं के विचारों को वास्तविकता में बदलने का प्रयास किया जा रहा है।

# डॉलर के मजबूत होने से तीसरे दिन भी सोना, चांदी में गिरावट

एजेंसी



नयी दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में शुक्रवार को बहुमूल्य धातुओं की कीमतों में लगातार तीसरे सत्र में गिरावट जारी रही। डॉलर के मज़बूत होने और वैश्विक अनिश्चितता बढ़ने के बीच सोने की कीमत में 200 रुपये और चांदी की कीमत में 3,000 रुपये की भारी गिरावट दर्ज की गई। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 200 रुपये गिरकर 1,55,900 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) रह गई, जो बृहस्पतिवार को 1,56,100 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। चांदी की कीमत भी 3,000 रुपये की गिरावट के साथ 2,47,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) रह गई। पिछले कारोबारी सत्र में यह 2,50,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। एचडीएफसी सिक्योरिटीज में वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस), सौमिल गांधी ने कहा, ''सोने पर दबाव बना रहा और यह दो सप्ताह के निचले स्तर के करीब कारोबार कर रहा था। इसमें नकारात्मक रुझान देखने को मिला, क्योंकि पश्चिम एशिया में जारी भू-राजनीतिक तनाव के कारण बाज़ार का माहौल सतर्क बना हुआ है। उन्होंने कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य में चल रहे गतिरोध के कारण ऊर्जा की कीमतें ऊंचे स्तर पर बनी हुई हैं, जिससे महंगाई की चिंताएं बढ़ गई हैं और सोने की कीमतों में तेजी की गुंजाइश सीमित हो गई है। गांधी ने कहा, ''मज़बूत डॉलर और अमेरिकी बॉन्ड प्रतिफल में स्थिरता ने कीमतों पर नीचे की ओर दबाव और बढ़ा दिया है। डॉलर इंडेक्स लगातार तीन हफ़्तों की गिरावट के बाद इस हफ़्ते बढ़त दर्ज करने की राह पर है, जिससे सोने जैसी बिना किसी लाभ देने वाली संपत्तियों का आकर्षण कम हो गया है। अंतरराष्ट्रीय बाज़ारों में, हाजिर सोने की कीमत में मामूली बढ़त दर्ज की गई और यह 4,708.17 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गया, जबकि चांदी की कीमत में लगभग एक प्रतिशत की तेजी आई और यह 75.96 डॉलर प्रति औंस हो गई। एनकेपी सिक्योरिटीज में कमोडिटी और करेंसी के शोध विश्लेषण विभाग के उपाध्यक्ष, जतीन त्रिवेदी ने कहा कि कीमतों में उतार-चढ़ाव मुख्य रूप से पश्चिम एशिया के घटनाक्रमों से प्रभावित हो रहा है। विशेष रूप से ईरान, इज़राइल और होर्मुज जलडमरूमध्य में अमेरिका की मौजूदगी से जुड़े तनाव के कारण अनिश्चितता का माहौल बना हुआ है।

# कैंसर बचाव के लिए जन जागरूकता अभियान चलाएं: उपराष्ट्रपति

एजेंसी



जयपुर। उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने कहा है कि कैंसर से लड़ने और विजय प्राप्त करने के लिए मस्तिष्क से मजबूत रहना जरूरी है। उन्होंने कैंसर से बचाव के लिए विशेष रूप से युवाओं से नशीले पदार्थों और तंबाकू आदि से दूर रहने का आह्वान किया। उन्होंने कैंसर से बचाव के लिए व्यापक स्तर पर जन जागरूकता अभियान चलाए जाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि कैंसर उपचार के अंतर्गत कीमोथेरेपी जैसी कठिन उपचार विधि के स्थान पर नवीनतम चिकित्सा अनुसंधानों में टैबलेट के जरिए उपचार की पहल उत्साहजनक है।

उपराष्ट्रपति शनिवार को महाराणा प्रताप ऑडिटोरियम में कैंसर सरवाइवर्स डे के अवसर पर कैंसर सोसाइटी द्वारा आयोजित समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि शुद्ध पानी की उपलब्धता सबके लिए आवश्यक है। प्रतिवर्ष कैंसर के रोगी बढ़ रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल पर भारत सरकार द्वारा प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत कैंसर के उपचार के तहत कैंसर रोगियों को प्रति वर्ष पांच लाख तक का निःशुल्क इलाज मिलता है। इसमें सर्जरी, कीमोथेरेपी और रेडियोथेरेपी जैसे प्रमुख कैंसर उपचार शामिल हैं। यह योजना देशभर के सूचीबद्ध सरकारी और निजी अस्पतालों में ब्रेस्ट, फ़ेफड़े और मुंह के कैंसर सहित अन्य प्रकारों के इलाज को कवर करती है। गरीब मरीजों के इलाज के लिए एकमुश्त 15 लाख रुपये की राशि प्रदान की जाती है। यह बहुत महत्वपूर्ण है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत भी ग्रामीण क्षेत्रों में 75 प्रतिशत राशि का व्यय कैंसर बचाव के लिए किया जा रहा है।

उपराष्ट्रपति ने कहा कि सर्वाइकल कैंसर इस समय देश में द्वितीय सबसे अधिक होने वाला कैंसर है। इसके बचाव के लिए वेक्सिनेशन के साथ उपचार के लिए कारगर प्रयासों की पहल केंद्र और राज्य सरकारों द्वारा की गई है। राजस्थान कैंसर से लड़कर उससे मुक्त होने वालों में अग्रणी है। जो लोग कैंसर से लड़कर आज यहां उपस्थित हैं, वे प्रेरणा देने वाले हैं। राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने कहा कि जिस तरह से टीबी मुक्त अभियान चलाकर उससे मुक्ति के प्रभावी प्रयास हुए हैं, उसी तरह कैंसर मुक्त राजस्थान अभियान चलाकर प्रभावी प्रयास किए जाने की जरूरत है। बागड़े ने कहा कि तंबाकू, बीड़ी, सिगरेट वालों को कैंसर अधिक होता है। इसलिए इनसे बचना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक वातावरण जीवन को ऊर्जा देता है। जल में घुलने वाले केमिकल, खेती में रसायनिक उर्वरकों के उत्पादों से कैंसर होता है। इसलिए आमजन को शुद्ध पानी, केमिकल मुक्त उत्पाद कैसे मिले, इस पर अधिकाधिक प्रयास किए जाने की आवश्यकता है। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ने कहा कि कैंसर जागरूकता के लिए प्रभावी प्रयास जरूरी है। उन्होंने राजस्थान में स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण के लिए किए जा रहे प्रयासों के बारे में विस्तार से अवगत कराया। इससे पहले उपराष्ट्रपति राधाकृष्णन, राज्यपाल बागड़े तथा चिकित्सा मंत्री खींवसर ने कैंसर सर्वाइवर से संबंधित फिल्म का भी लोकार्पण किया। इस अवसर पर राज्यसभा सांसद डॉ. राधामोहन अग्रवाल एवं अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे।

## महिलाओं को समान दिये बिना राष्ट्र विकसित नहीं बन सकता

जयपुर। उप राष्ट्रपति सी पी राधाकृष्णन ने कहा है कि महिलाओं को समान अवसर दिये बिना राष्ट्र विकसित हो नहीं सकता। श्री राधाकृष्णन शनिवार को जयपुर में राजस्थान विश्वविद्यालय के 35वें दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में बोल रहे थे। उन्होंने आशा व्यक्त करते हुए कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम विधायी निकायों में महिलाओं के प्रतिनिधित्व को और अधिक बढ़ाएगा। उन्होंने तेजी से बदलती दुनिया की चुनौतियों का सामना करते हुए आलोचनात्मक चिंतन करने, नैतिक आचरण अपनाने और आजीवन सीखने के लिए विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया। उन्होंने विद्यार्थियों को दृढ़ रहने, असफलताओं से सीखने और मूल्यों पर अडिग रहने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि सहानुभूति के बिना उत्कृष्टता और विनम्रता के बिना उपलब्धि अधूरी है। उन्होंने स्नातकों से समाज में सार्थक योगदान देने, करुणा का भाव रखने, विविधता का सम्मान करने और सार्वजनिक हित के लिए काम करने का आह्वान किया। उन्होंने स्नातकों से नशे से दूर रहने और सोशल मीडिया का रचनात्मक उपयोग करने की भी सलाह दी।

## लालू की पाठशाला इतनी ही मजबूत होती, तो उनके करीबी नेता भाजपा में क्यों आते : गिरिराज सिंह

पटना। केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव पर तीखा हमला बोला है। तेजस्वी यादव के लालू की पाठशाला वाले बयान का जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि यदि लालू की पाठशाला इतनी ही मजबूत और प्रभावी होती, तो उनके करीबी नेता वहां से निकलकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का दामन क्यों थामते। शनिवार को बेगूसराय पहुंचे गिरिराज सिंह ने मीडिया से बातचीत करते हुए आरोप लगाया कि राष्ट्रीय जनता दल (राजद) में परिवारवाद अपने चरम पर है। उन्होंने कहा कि पार्टी के भीतर बढ़ते असंतोष के कारण कई नेताओं को अलग रास्ता चुनना पड़ा और उन्होंने भाजपा का रुख किया।

## गुवाहाटी हाईकोर्ट के फैसले के बाद कांग्रेस ने कहा, पूरी पार्टी खेड़ा के साथ, सुप्रीम कोर्ट जाने की तैयारी

नई दिल्ली। कांग्रेस महासचिव (संचार) जयराम रमेश ने गुवाहाटी हाईकोर्ट द्वारा कांग्रेस नेता पवन खेड़ा की अग्रिम जमानत याचिका खारिज किए जाने के बाद पवन खेड़ा का समर्थन किया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पवन खेड़ा के साथ मजबूती से खड़ी है और हाईकोर्ट के फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देने की प्रक्रिया चल रही है। जयराम रमेश ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि कांग्रेस को विश्वास है कि धमकी, डराने-धमकाने और उत्पीड़न की राजनीति पर न्याय की जीत होगी। गुवाहाटी हाईकोर्ट ने शुक्रवार को पवन खेड़ा की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी थी। यह मामला असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा की पत्नी रिनिकी भुइयां सरमा द्वारा दर्ज कराए गए आपराधिक मामले से जुड़ा है। पवन खेड़ा ने 5 अप्रैल को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर रिनिकी भुइयां सरमा पर कई पासपोर्ट रखने और विदेश में संपत्तियां होने का आरोप लगाया था। इसके बाद उन्होंने गुवाहाटी क्राइम ब्रांच पुलिस स्टेशन में पवन खेड़ा और अन्य लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कराया। इसके बाद 7 अप्रैल को असम पुलिस ने दिल्ली स्थित पवन खेड़ा के घर पर छापेमारी की। 10 अप्रैल को तेलंगाना हाईकोर्ट ने उन्हें एक सप्ताह की अग्रिम जमानत दी, लेकिन 15 अप्रैल को सुप्रीम कोर्ट ने उस फैसले पर रोक लगा दी। 21 अप्रैल को गुवाहाटी हाईकोर्ट ने सुनवाई पूरी कर फैसला सुरक्षित रखा और 24 अप्रैल को अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी।

# प्रवेश की ओर से जारी तस्वीरें केजरीवाल के घर की नहीं, करेंगे मानहानि का मुकदमा : आप

एजेंसी

नयी दिल्ली। आम आदमी पार्टी (आप) ने शनिवार को आरोप लगाया कि दिल्ली सरकार के मंत्री एवं भारतीय जनता पार्टी के नेता प्रवेश साहिब सिंह वर्मा ने उनकी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल के घर की फर्जी फ़र्ज़ी तस्वीरें जारी की हैं और कहा कि इसके लिये पार्टी उन पर मानहानि का मुकदमा करेगी।

आप के वरिष्ठ नेता और सांसद संजय सिंह ने आज यहां चेतावनी दी कि जिन अन्य लोगों ने भी श्री केजरीवाल के घर की फर्जी तस्वीरें प्रचारित की है उनके खिलाफ मानहानि का मुकदमा किया जायेगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि श्री वर्मा द्वारा जारी सारी तस्वीरें फर्जी हैं, जो 'पिंट्रेस्ट' से डाउनलोड की गई हैं। उन्होंने भाजपा को चुनौती देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, एलजी और श्री वर्मा अपना घर जनता के लिए खोल दें, अरविंद केजरीवाल भी अपना घर खोल देंगे। जनता को पता चल जाएगा कि किसका घर कितना आलीशान हैं? उन्होंने भाजपा को 'भारतीय झूठा पार्टी' करार दिया और कहा कि झूठ फैलाने के लिए ये लोग हिटलर के प्रचार सचिव गोएबल्स के सिद्धांत का पालन करते हैं और इसी तरह से झूठ फैलाने का काम करते हैं। उन्होंने कहा, ''मैं फिर दिल्ली की मुख्यमंत्री, उपराज्यपाल और प्रवेश वर्मा को चुनौती देता हूं कि वे तीनों अपना घर खुलवाएं। अरविंद केजरीवाल का घर भी खुलेगा, जनता जाएगी, देखेगी और खुद फैसला कर लेगी। आप की वरिष्ठ नेता और दिल्ली विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष आतिशी ने कहा कि श्री वर्मा ने पूरी मीडिया को बुलाकर श्री केजरीवाल के नए घर की तथाकथित तस्वीरें दिखाईं लेकिन मज़े की बात ये है कि ये तस्वीरें उनके घर की नहीं, बल्कि 'पिंट्रेस्ट' से डाउनलोड की गई हैं। श्री वर्मा द्वारा जारी की गई सारी तस्वीरें फ़र्ज़ी हैं। सुश्री आतिशी ने कहा कि भाजपा वालों के ऐसे दिन आ गए हैं कि जब श्री केजरीवाल के खिलाफ कुछ मिलता नहीं, तो इंटरनेट से उठाई गई तस्वीरों के दम पर झूठे दावे किए जा रहे हैं। आप के वरिष्ठ नेता और विधायक संजीव झा ने कहा कि श्री वर्मा द्वारा श्री केजरीवाल के घर की दिखाई जा रही तस्वीरें पूरी तरह फर्जी और निराधार हैं। झूठ फैलाने वाले नेता और टीवी चैनल अब मानहानि के केस के लिए तैयार रहें। हिम्मत है तो एक दिन के लिए मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, उपराज्यपाल और प्रवेश साहिब सिंह भी अपना घर जनता के लिए खोल दें।

# केजरीवाल इतिहास के सबसे शौकीन व्यक्ति : प्रवेश सिंह

## नया आवास भी शीशमहल जैसा बनाया

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने आम आदमी पार्टी (आप) के संयोजक एवं दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को इतिहास का सबसे शौकीन व्यक्ति करार देते हुए शनिवार को कहा कि उन्होंने अपना नया आवास भी 'शीशमहल' जैसा बना लिया है।

दिल्ली सरकार के लोक निर्माण मंत्री एवं भाजपा नेता प्रवेश साहिब सिंह ने यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि आप का मतलब 'आलीशान आदमी पार्टी' है। इस दौरान, उन्होंने श्री केजरीवाल के नये आवास की तस्वीर जारी करते हुए उनकी तुलना फिल्म 'धुरंधर' के 'रहमान डकैत' से की और कहा कि उन्होंने अब यहां दूसरा 'शीशमहल' बना लिया है।

उन्होंने कहा कि दिल्ली चुनाव हारने के बाद श्री केजरीवाल पंजाब चले गये थे। वहां मुख्यमंत्री भगवंत मान के सरकारी आवास के आस-पास चार घरों पर श्री केजरीवाल, तथा आप नेता सत्येंद्र जैन, मनीष सिसोदिया और संजय सिंह ने कब्जा कर लिया था। श्री भगवंत मान भी इसके कारण उनसे परेशान थे। गौरतलब है कि अदालत के आदेश के बाद केन्द्र सरकार ने श्री केजरीवाल को दिल्ली में 95, लोधी एस्टेट स्थित सरकारी आवास आवंटित किया था, जिसमें उन्होंने शुक्रवार को परिवार के साथ प्रवेश कर लिया। श्री सिंह ने श्री केजरीवाल के इस आवास की मरम्मत में हुए खर्च को लेकर उन पर हमला बोला। उन्होंने श्री केजरीवाल के इस आवास की तस्वीरें दिखाकर हैरानी जतायी और कहा, ल्लवहां भी उन्होंने खूब पैसा खर्च किया है। यह सरकारी आवास है, लेकिन इसमें सरकारी पैसा नहीं लगा है। उन्होंने कहा कि पहले 'शीशमहल' (6, फ्लैग स्टाफ रोड, मुख्यमंत्री आवास ) पर भारी खर्च को लेकर जब सवाल उठे तो श्री केजरीवाल ने दावा किया था कि सजावट का फैसला पीडब्ल्यूडी के मुख्य अभियंता ने लिया था और उन्हें खर्च की जानकारी नहीं थी। अब नये आवास को लेकर वह ऐसा दावा नहीं कर सकते। उन्होंने कहा कि जो नेता कभी साधारण बंगला भी नहीं लेने की बात करते थे, आज खुद 'शीशमहल' में रह रहे हैं। दिल्ली में कोरोना महामारी, पानी और बिजली की कमी के समय भी श्री केजरीवाल गायब होकर 'शीशमहल' बनाने में लगे रहे। उन्होंने आरोप लगाया कि 'शीशमहल' श्री केजरीवाल के भ्रष्टाचार का सबूत है। मुख्यमंत्री के वेतन से ऐसा आलीशान आवास नहीं बन सकता। उन्हें बताना चाहिए कि इस पर शराब घोटाले का पैसा लगाया गया या नहीं। श्री सिंह ने कहा कि श्री केजरीवाल के अंदर 'शीशमहल' बस चुका है। इस कारण उन्हें दिल्ली और पंजाब की जनता का दुख दिखाई नहीं देता। आप कार्यकर्ता पूरी जिंदगी मेहनत करें, तब भी आवास को ऐसा नहीं बना सकते। इस दौरान उन्होंने सवाल किया कि श्री केजरीवाल बतायें कि लोधी रोड वाले बंगले में कितना पैसा लगा है। उन्होंने कहा, ल्लयह पैसा कहां से आया और किसका है? क्या आपकी विलासिता के कारण आप के कार्यकर्ता आपको छोड़ रहे हैं? बार-बार आलीशान शीशमहल बनाने की उन्हें क्या जरूरत पड़ रही है? पहले शीशमहल में शराब का पैसा लगा था, इस बार किसका पैसा लगा है? उन्होंने कहा कि स्वतंत्र भारत के इतिहास में श्री केजरीवाल सबसे शौकीन व्यक्ति हैं। नाम आम आदमी पार्टी रखा, लेकिन काम राजा-महाराजाओं वाला है। पार्टी का नाम 'आम आलीशान पार्टी' होना चाहिए। पार्टी से सात राज्यसभा सांसदों के इस्तीफ़े और भाजपा में शामिल होने के मुद्दे पर उन्होंने कहा कि ईमानदार कार्यकर्ता अब श्री केजरीवाल के साथ नहीं रह सकते।

## ठाकरे के साथ कोई 'गुप्त बैठक' नहीं हुई : फडणवीस

मुंबई। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने शिवसेना (यूबीटी) अध्यक्ष उद्धव ठाकरे के साथ किसी भी तरह की 'गुप्त बैठक' से इनकार करते हुए शनिवार को कहा कि इस तरह के दावे बेबुनियाद और राजनीतिक रूप से प्रेरित हैं।

श्री फडणवीस ने अटकलों पर विराम लगाते हुए स्पष्ट किया कि दोनों नेताओं के बीच ऐसा कोई मुद्दा नहीं है जिसके लिए गुप्त रूप से बातचीत करनी पड़े। उन्होंने कहा कि अगर कोई बैठक होती है तो खुलकर होगी और उसे गोपनीय नहीं रखा जाएगा। श्री फडणवीस ने ने कहा, ''अगर मैं उद्धव ठाकरे से मिलूंगा तो इस बात को छिपाने की कोई जरूरत नहीं होगी। इस तरह की बैठक सार्वजनिक रूप से हो सकती है। हमारे बीच ऐसा कुछ नहीं है जिसे छिपाने की ज़रूरत है। उन्होंने इस तरह की अफवाहों के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए कहा कि कुछ सोशल मीडिया अकाउंट और मीडिया घराने जानबूझकर झूठी सूचना फैला रहे हैं ताकि राजनीतिक भ्रम पैदा किया जा सके। उन्होंने अंदेश दिया कि सरकार इस तरह की हरकतों को बर्दाश्त नहीं करेगी।

## पश्चिम बंगाल के पूर्व बर्धमान में अमित शाह ने कहा- चार मई को खिलाएंगे जीत की मिठाई

कोलकाता। पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण के प्रचार के बीच केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को पूर्व बर्धमान जिले के जमालपुर में जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने राज्य की ममता बनर्जी सरकार पर तीखा हमला बोला और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की जीत का दावा किया।

अमित शाह ने कहा कि पहले चरण के मतदान में भाजपा को 110 से अधिक सीटों पर बढ़त मिलेगी और आगामी चार मई को जीत के बाद बर्धमान का प्रसिद्ध सीताभोग प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को खिलाकर जीत का जश्न मनाया जाएगा। उन्होंने जमालपुर सीट पर भाजपा प्रत्याशी को जिताने की अपील भी की।

सभा में केंद्रीय गृह मंत्री ने कानून-व्यवस्था का मुद्दा उठाते हुए आरोप लगाया कि पिछले 15 वर्षों में राज्य में महिलाओं के खिलाफ सबसे अधिक अत्याचार हुए हैं। उन्होंने आरजी कर और संदेशखाली जैसी घटनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि भाजपा सरकार बनने पर महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित की जाएगी।

केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि देश के 20 राज्यों में भाजपा की सरकार है और कहीं भी महिलाओं को शाम सात बजे के बाद घर से बाहर न निकलने जैसी स्थिति नहीं है। उन्होंने दावा किया कि यदि राज्य में भाजपा की सरकार बनी तो महिलाएं आधी रात को भी सुरक्षित बाहर निकल सकेंगी।

अमित शाह ने तृणमूल कांग्रेस पर चुनाव के दौरान हिंसा और डराने-धमकाने की राजनीति करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं और मतदाताओं को डराया नहीं जा सकता तथा कानून के अनुसार कार्रवाई की जाएगी।

उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल में परिवर्तन की लहर चल रही है और जनता इस बार सत्ता बदलने का मन बना चुकी है।

# एक्स मुस्लिम सलीम गिरफ्तार, अपहरण और हत्या के मामले में हुई थी सजा, खुद को कर चुका था मृत घोषित

एजेंसी

गाजियाबाद। दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच की एआरएससी टीम ने थाना लोनी क्षेत्र से एक्स मुस्लिम सलीम वास्तिक को गिरफ्तार किया है। इसी साल 27 फरवरी को लोनी में उस पर जानलेवा हमला भी हुआ था। सलीम वर्ष 1995 में 13 साल के छात्र संदीप बंसल के अपहरण और उसकी हत्या के मामले में वांटेड था। कोर्ट ने सलीम को उम्रकैद की सजा सुनाई थी। इसके बाद वो अंतरिम जमानत पर बाहर आया था। जमानत पर बाहर आने के बाद से वो फरार चल रहा था।

पुलिस के अनुसार 20 जनवरी, 1995 को संदीप बंसल सुबह करीब 11:30 बजे घर से स्कूल के लिए निकला था। उसकी स्कूल की दूसरी पाली दोपहर 12:30 से शाम 6:30 बजे तक थी। शाम 7:30 बजे तक घर नहीं लौटने पर परिजनों को चिंता हुई। अगले दिन 21 जनवरी को करीब 12:10 बजे उसके पिता के पास फोन आया, जिसमें बताया गया कि बच्चा उनके कब्जे में है। उसी दिन 3:00 बजे फिर कॉल आई और 30,000 रुपये की फिरौती मांगी गई। आरोपित ने रकम लोनी फ्लाईओवर के पास बस स्टैंड पर शाम 4:30 बजे बागपत जाने वाली बस में रखने को कहा और पुलिस को सूचना देने पर जान से मारने की धमकी दी।

जांच में रामजस स्कूल दरियागंज में मार्शल आर्ट प्रशिक्षक सलीम खान पर शक हुआ। गवाह ने बच्चे को मास्टरजी के साथ जाते देखा था। इसके बाद आरोपित सलीम को गिरफ्तार किया गया और उससे पूछताछ के बाद मुस्तफाबाद स्थित गंदे नाले के पास शव बरामद किया, जिसकी पहचान छात्र के पिता ने की। जांच में सह आरोपित अनिल का नाम सामने आया, जिसने 4 फरवरी को कोर्ट में सरेंडर कर दिया। उसके पास से घड़ी, टिफिन और स्कूल बैग बरामद हुआ। अनिल ने फिरौती कॉल की थी और अपराध की योजना बनाने में सलीम के साथ शामिल था। इस मामले में दिल्ली के कड़कड़डूमा कोर्ट ने दोनों को उम्रकैद और 10,000 रुपये जुर्माने की सजा सुनाई। इसके बाद वर्ष 2000 को सलीम खान को दिल्ली उच्च न्यायालय से अंतरिम जमानत मिली। बाहर आने के बाद वह फरार हो गया। पुलिस के मुताबिक आरोपित ने खुद को मृत घोषित कर पहचान बदल ली और सलीम वास्तिक नाम से रहने लगा। वह हरियाणा के करनाल और अंबाला में छिपकर रहा और बाद में वर्ष 2010 में लोनी में आकर बस गया। यहां उसने महिलाओं के कपड़ों की दुकान खोल ली और फिर खुद को एक्स मुस्लिम बताकर यूट्यूब पर वीडियो डालने लगा। पुलिस के अनुसार जांच में सलीम के अपराध के बारे में क्राइम ब्रांच की टीम को हेड कांस्टेबल मिंटू यादव से सूचना मिलने के बाद इंस्पेक्टर रॉबिन त्यागी के नेतृत्व में टीम बनाई गई।

# पेज एक का शेष

## टीएमसी के गुंडों ...

संकट खड़ा हुआ है। यह संकट खड़ा किया टेरर, माफियाराज व करप्शन की प्रतीक बनी टीएमसी सरकार ने। भाजपा कार्यकर्ता संजय भौमिक की निर्ममतापूर्वक हत्या कर दी गई और तृणमूल के गुंडे खुलेआम घूम रहे हैं। बंगाल में लैंड, सैंड, कैटल माफिया हावी हैं। टीएमसी के गुंडे दिल्ली से भेजे गए पैसे हड़प जाते हैं, लेकिन अब बंगाल जाग गया है। यहां कटमनी, अराजकता का खेल समाप्त होगा। सीएम ने मतदाताओं से कहा कि आपके हक पर घुसपैठियों से डकैती डलवाने वाली टीएमसी सरकार से मुक्ति का समय आ गया है, क्योंकि जो काम भारत और बंगाल के हित में है, टीएमसी उसका विरोध करती है। संसद में प्रधानमंत्री जी सीएए (सिटिजनशिप अमेंडमेंट एक्ट) का प्रस्ताव लेकर आए तो टीएमसी ने विरोध किया। यह एक्ट गारंटी देता है कि पाकिस्तान, बांग्लादेश, अफगानिस्तान से किसी हिंदू, बौद्ध, जैन व सिख को प्रताड़ित कर भारत भेजा गया है और वह पांच साल से अधिक समय से यहां रह रहा है तो उसे भारत की नागरिकता मिलेगी। इसी एक्ट के कारण बंगाल के अंदर काफी संख्या में नागरिकता दी गई, लेकिन ममता दीदी को यह बुरा लगता है। उन्हें चिंता है कि हिंदू ज्यादा होगा तो सड़कों पर इफ्तारी कैसे होगी। लेकिन, यूपी में कोई सड़क पर नमाज या इफ्तार पार्टी नहीं कर सकता। वहां मस्जिद से आवाज भी नहीं आती। सीएम योगी ने कहा कि बंगाल में ममता दीदी दुर्गा पूजा, मूर्ति विसर्जन और हिंदुओं का विरोध करती हैं। जयश्रीराम बोलने पर प्रतिबंध लगाती हैं। कोलकाता हाईकोर्ट को आदेश देना पड़ा था कि दुर्गापूजा की शोभायात्रा पर जो लोग सरेआम हमला कर रहे हैं, बंगाल में अव्यवस्था फैला रहे हैं, उन पर सख्ती की जानी चाहिए, परंतु तृणमूल सरकार ने कोई कार्रवाई नहीं की। लेकिन, मैं स्पष्ट करना चाहता हूं कि बंगाल की धरा पर मां काली-मां दुर्गा की पूजा कोई नहीं रोक सकता, ऐसा करने वालों के खिलाफ सड़कों पर आंदोलन होगा। बंगाल की धरती पर गोमाता को कटने और हिंदुओं को बंटने नहीं देंगे। 2017 से पहले उत्तर प्रदेश की इससे भी बदतर स्थिति थी, लेकिन 2017 के बाद डबल इंजन सरकार ने कानून-व्यवस्था का राज स्थापित किया, विरासत का सम्मान करते हुए पूरे देश के सामने विकास की मिसाल पेश की। सीएम ने कहा कि कल्चरल व नॉलेज कैपिटल के रूप में विख्यात बंगाल को त्याग व बलिदान, साहस व स्वाभिमान, अध्यात्म व देशभक्ति, कला व साहित्य की धरा के रूप में स्मरण किया जाता है, लेकिन भारत का ग्रोथ इंजन रहा बंगाल अब पहचान के लिए मोहताज है। यहां नौजवान के लिए रोजगार नहीं है, किसान बदहाल और उद्योग धंधे बंद हैं। यहां टीएमसी का टेरर, माफियाराज व करप्शन है। सरेआम गोहत्या, नौजवानों में निराशा बंगाल के लिए शुभ लक्षण नहीं है। सैंड, लैंड, कैटल माफिया बंगाल की पहचान पर संकट खड़ा कर रहे हैं। वहीं यूपी में डबल इंजन सरकार ने इन सबसे मुक्ति पा ली है। अब समय आ गया है, जब बंगाल को टीएमसी, कांग्रेस व कम्युनिस्टों के सिंडिकेट से भी मुक्ति मिलेगी। सीएम ने कहा कि यहां मतुआ समुदाय के लोग भारी संख्या में रहते हैं। 1947 व 1971 में ये भारत आए थे। कांग्रेस, कम्युनिस्ट व टीएमसी नहीं चाहती थी कि इन्हें भारत की नागरिकता मिले। संसद में प्रधानमंत्री मोदी ने सीएए (सिटिजनशिप अमेंडमेंट एक्ट) लाकर पाकिस्तान, बांग्लादेश, अफगानिस्तान से विस्थापित हिंदू, बौद्ध, जैन व सिख को भारत की नागरिकता देने की राह बनाई, तब इन दलों ने विरोध किया था। लेकिन, पीएम मोदी के कारण मतुआ समुदाय गर्व के साथ आगे बढ़कर भारत के नागरिक के रूप में सुरक्षित महसूस कर रहा है। सीएम योगी ने बताया कि मैंने बांग्लादेश से विस्थापित हिंदुओं को 12 अप्रैल को लखीमपुर खीरी में नागरिकता व जमीन अधिकार प्रमाण पत्र दिया। हमारे यहां चार जनपद ऐसे हैं, जहां मतुआ समुदाय के लोग और बांग्लादेश से विस्थापित बंगाली परिवार रहते हैं। उन सभी को सीएए के कारण नागरिकता व जमीन का मालिकाना अधिकार दिया जा रहा है। यह कार्य इसलिए हो रहा है, क्योंकि पीएम मोदी ने उनके बारे में सोचा। कांग्रेस, कम्युनिस्ट व टीएमसी के पास यह सोच नहीं थी।

## यूपी में पारा...

जौनपुर, मथुरा, आगरा, फिरोजाबाद, इटावा, जालौन, हमीरपुर, झांसी, बरेली, पीलीभीत, रामपुर, फर्रुखाबाद, कन्नौज, उन्नाव, बाराबंकी, रायबरेली, अयोध्या, प्रतापगढ़, फतेहपुर, बांदा, चित्रकूट, कौशांबी, मिर्ज़ापुर, सोनभद्र, आजमगढ़, मऊ, बलिया, बहराइच, सीतापुर, हरदोई, मेरठ, गाजियाबाद, नोएडा, बुलंदशहर, हाथरस और एटा समेत अनेक जिलों में लू चलने की संभावना जताई गई है। राजधानी लखनऊ, कानपुर नगर, प्रयागराज, वाराणसी और बुंदेलखंड क्षेत्र के जिलों में अधिकतम तापमान 42 से 45 डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज होने की संभावना है, जबकि आगरा, मथुरा, इटावा, फिरोजाबाद और अलीगढ़ मंडल में तापमान 44 डिग्री सेल्सियस के आसपास पहुंच सकता है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश के मेरठ, गाजियाबाद, हापुड़ और गौतमबुद्ध नगर में भी तेज गर्म हवाएं लोगों को परेशान कर सकती हैं। मौसम विभाग के अनुसार आगामी तीन से चार दिनों के दौरान अधिकतम तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस की क्रमिक वृद्धि होने के बाद हल्की गिरावट संभव है। वहीं न्यूनतम तापमान में भी दो से तीन डिग्री सेल्सियस तक वृद्धि के संकेत हैं। 27 अप्रैल से पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कुछ हिस्सों में मौसम बदलने के आसार हैं। कहीं-कहीं गरज-चमक के साथ हल्की वर्षा और बौछारें पड़ सकती हैं, जबकि 29 और 30 अप्रैल को पश्चिमी और पूर्वी उत्तर प्रदेश के कई स्थानों पर मेघगर्जन, वज्रपात और 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से झोंकेदार हवाएं चलने की संभावना है। मौसम विभाग ने लोगों को दोपहर 11 बजे से 3 बजे के बीच अनावश्यक बाहर निकलने से बचने, पर्याप्त पानी पीने, हल्के सूती वस्त्र पहनने तथा बच्चों, बुजुर्गों और पशुओं का विशेष ध्यान रखने की सलाह दी है। किसानों को गन्ना, ग्रीष्मकालीन मक्का, दलहन और सब्जियों की सिंचाई नियमित रूप से जारी रखने के निर्देश भी दिए गए हैं।

## संघर्ष खत्म करने पर...

के रूप में पाकिस्तान की बढ़ती भूमिका की ओर इशारा करते हैं। ईरान के रुख में कोई खास बदलाव नहीं आया है। उसका कहना है कि वह दबाव में बातचीत नहीं करेगा और चाहता है कि किसी भी गंभीर चर्चा से पहले अमेरिकी प्रतिबंध हटाये जायें। साथ ही व्यापक क्षेत्रीय स्थिति तनावपूर्ण बनी हुई है, जहां हालिया सैन्य गतिविधियों ने कूटनीतिक संतुलन बनाये रखना और भी मुश्किल कर दिया है। पाकिस्तान इस मामले में काफी मशक्कत कर रहा है और एक तरह से 'शटल डिप्लोमेसी' (दौड़-धूप वाली कूटनीति) चला रहा है, ताकि दोनों पक्षों के बीच बातचीत जारी रहे, भले ही वे एक-दूसरे से सीधे बात न कर रहे हों। यह कूटनीतिक प्रयास ऐसे समय में हो रहा है जब वैश्विक ऊर्जा गलियारे के लिहाज से बेहद महत्वपूर्ण 'हॉर्मुज जलडमरूमध्य' को लेकर तनाव चरम पर है। हालिया शत्रुता के बाद ईरान ने इस जलडमरूमध्य से गुजरने वाले जहाजों पर पारगमन टोल लगा दिया है। इस कदम ने खाड़ी देशों और उन अन्य राष्ट्रों की चिंता बढ़ा दी है, जो निर्बाध ऊर्जा आपूर्ति पर निर्भर हैं। एक बड़ा पेच हॉर्मुज जलडमरूमध्य को लेकर फंसा है। जब से संघर्ष शुरू हुआ है, ईरान ने प्रभावी रूप से इस जलमार्ग को बंद कर दिया है, जहाजों पर हमले किये हैं और यातायात में 95 फीसदी की कमी आयी है। वहीं अमेरिका ने ईरानी बंदरगाहों की जवाबी नाकाबंदी कर दी है, जिससे बातचीत और जटिल हो गयी है। ईरान का परमाणु कार्यक्रम एक अन्य मुख्य मुद्दा बना हुआ है। अमेरिका-इजरायल हथियारों की चिंता का हवाला देते हुए शून्य संवर्धन चाहते हैं, जबकि ईरान का कहना है कि उसका कार्यक्रम नागरिक उद्देश्यों के लिए है और 'परमाणु अप्रसार संधि' के तहत सुरक्षित है। ईरान ने पहले 2015 के परमाणु समझौते के तहत संवर्धन को सीमित कर दिया था, लेकिन 2018 में अमेरिका के हटने के बाद तनाव बढ़ गया। हालांकि ईरान के पास अब उच्च स्तर का संवर्धित यूरेनियम है, लेकिन अमेरिकी खुफिया एजेंसियों का मानना है कि वह परमाणु हथियार नहीं बना रहा है। क्षेत्रीय तनाव लेबनान तक फैला हुआ है, जहां इजरायल और ईरान समर्थित हिजबुल्लाह के बीच लड़ाई एक नाजुक युद्धविराम के लिए खतरा बनी हुई है। ईरान का आग्रह है कि किसी भी शांति समझौते में लेबनान को शामिल किया जाना चाहिए और वह मांग करता है कि इजरायल अपना हमला रोके, लेकिन झड़पें जारी हैं, जिससे समझौता जोखिम में पड़ गया है। ईरान के मिसाइल कार्यक्रम पर सीमाएं लगाना कभी अमेरिका की प्रमुख मांग हुआ करती थी, लेकिन हालिया बातचीत में यह मुद्दा पीछे छूट गया है, जो अमेरिका के बातचीत के रुख में संभावित बदलाव का संकेत देता है। इस बीच तुर्की के विदेश मंत्री हाकान फिदान ने कहा कि उनका मानना है कि मुख्य पेचीदा मुद्दे, विशेष रूप से परमाणु मुद्दों से संबंधित, अमेरिका-ईरान वार्ता के अगले दौर में सुलझाये जा सकते हैं। लंदन में बोलते हुए श्री फिदान ने उल्लेख किया कि तुर्की संबंधित पक्षों के साथ लगभग रोजाना संपर्क में है और उन्होंने युद्धविराम के लिए तुर्की के समर्थन की पुष्टि की, जिसे शुरू में दो सप्ताह के लिए तय किया गया था और अब बढ़ा दिया गया है। श्री फिदान ने कहा, ''मुझे लगता है कि जो कुछ मुद्दे अटके हुए हैं, खासकर परमाणु मामलों में, उन्हें दूर किया जा सकता है।'' उन्होंने आगे कहा कि तुर्की सभी पक्षों को सकारात्मक योगदान देने के लिए प्रोत्साहित कर रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि बातचीत में प्रगति से हॉर्मुज जलडमरूमध्य के आसपास के तनाव को कम करने में मदद मिल सकती है।

## पहले दिन 25 प्रतिशत...

थाना कर्नलगंज में मुकदमा दर्ज कराकर तीन आरोपी सहायक अध्यापक अखिलेश यादव, संदीप चंद्र विश्वकर्मा तथा निर्मल कुमार को गिरफ्तार किया गया है। भर्ती बोर्ड के अधिकारियों ने अभ्यर्थियों से ऐसे किसी भी कृत्य/व्यक्ति तथा भ्रामक संदेशों से सावधान रहने और परीक्षा की तैयारी पूरे मनोयोग से करने की अपील की है। रविवार व सोमवार को भी 74 जिलों में दो-दो पालियों में होमगार्ड एनरोलमेंट की लिखित परीक्षा होगी।

# फर्जी राशन कार्ड और आयुष्मान योजना की होगी गहन जांच, दोषियों पर होगी सख्त कार्रवाई : धामी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



देहरादून। उत्तराखंड में फर्जी राशन कार्ड,आधार और आयुष्मान कार्ड के दुरूपयोगी की शिकायत को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गंभीरता से लिया है। उन्होंने पूरे मामले की गहन जांच के निर्देश दिए हैं। वे संबंधित अधिकारियों को राज्य के सभी जिलों में राशन कार्डों के पुनः सत्यापन की प्रक्रिया शुरू करने के आदेश भी जारी किए हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि सरकार पारदर्शिता और जवाबदेही के प्रति प्रतिबद्ध है। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी प्रकार की अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। मुख्य सचिव के निर्देश पर प्रमुख सचिव एल.फैनई ने सभी जिलाधिकारियों को पत्र जारी कर राशन कार्डों के गहन सत्यापन के आदेश दिए हैं। शिकायतों में यह आशंका जताई गई है कि कुछ लोगों की ओर से फर्जी दस्तावेजों के आधार पर राशन कार्ड बनवाकर आयुष्मान भारत योजना का लाभ लिया जा रहा है। इसके अलावा गैस कनेक्शन सब्सिडी और अन्य सरकारी लाभ योजनाओं के दुरुपयोग के मामले भी सामने आए हैं। राज्य में पहले भी इस तरह का सत्यापन अभियान चलाया गया था,जिसमें करीब 70 हजार यूनिट्स को संदिग्ध पाया गया था। हालांकि,बाद में यह प्रक्रिया धीमी पड़ गई थी। अब एक बार फिर से इस अभियान को सक्रिय करने के निर्देश दिए गए हैं। गौरतलब है कि राज्य में वर्तमान में करीब 9,050 सरकारी सस्ते गल्ले की दुकानें संचालित हैं, जिनके माध्यम से 23,40,864 राशन कार्डों पर लगभग 94.95 लाख लोगों को खाद्यान्न उपलब्ध कराया जा रहा है। 'वन नेशन वन राशन कार्ड' योजना के तहत बाहरी राज्यों के हजारों परिवार भी राज्य में राशन का लाभ ले रहे हैं। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार,विभिन्न राज्यों विशेषकर उत्तर प्रदेश, बिहार और असम से जुड़े लगभग 20,315 परिवार उत्तराखंड में राशन कार्ड के माध्यम से लाभ प्राप्त कर रहे हैं।

### हेमवती नंदन बहुगुणा की जयंती पर मुख्यमंत्री ने किया नमन

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री स्व. हेमवती नंदन बहुगुणा की जयंती पर उन्हें नमन किया। धामी ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री बहुगुणा ने स्वतंत्रता संग्राम में सक्रिय भूमिका निभाई और अपने दूरदर्शी नेतृत्व से देश एवं समाज को नई दिशा प्रदान की। मुख्यमंत्री धामी ने शनिवार को घंटाघर के निकट एमडीडीए कॉम्प्लेक्स में स्व. बहुगुणा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि बहुगुणा केवल कुशल राजनेता ही नहीं, बल्कि जनसेवा के प्रति पूर्णतः समर्पित व्यक्तित्व थे। उन्होंने पहाड़ी अंचलों की समस्याओं के समाधान के लिए प्रभावी पहल की, जिससे क्षेत्रीय विकास को नई गति मिली। उनका संपूर्ण जीवन जनकल्याण, सामाजिक समरसता और समावेशी विकास के लिए समर्पित रहा। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि उनके आदर्श और विचार आज भी समाज को प्रेरित करते हैं और जनहित में कार्य करने की दिशा में मार्गदर्शन प्रदान करते हैं।

## दिल्ली-एनसीआर में सोमवार से गर्मी से राहत की उम्मीद

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नई दिल्ली। दिल्ली-एनसीआर के लोगों को भीषण गर्मी और लू के प्रकोप से रविवार को भी राहत मिलने की उम्मीद नहीं है। पश्चिम की दिशा से आने वाली गर्म हवाओं के कारण दिल्ली का तापमान सामान्य से 4 डिग्री सेल्सियस तक ऊपर चला गया है। दिल्ली-एनसीआर में सोमवार को गर्मी से राहत मिलने की उम्मीद है क्योंकि इस दिन आंशिक रूप से बादल छाए रहने के साथ ही हल्की बारिश का भी पूर्वानुमान है।

भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने अगले 24 घंटों के दौरान दिल्ली-एनसीआर में आंशिक रूप से बादल छाए रहने और कुछ स्थानों पर लू चलने का येलो अलर्ट जारी किया है। राष्ट्रीय राजधानी में शनिवार का अधिकतम तापमान 42-44 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। रात में उत्तर-पश्चिम दिशा की ओर 15 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से हवा चलने का अनुमान है। अगले दिन दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र में 26 अप्रैल को आंशिक रूप से बादल छाए रहने का अनुमान है। इस दिन यहां का अधिकतम तापमान 41-43 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 25-27 डिग्री सेल्सियस रहने का अनुमान है जबकि न्यूनतम तापमान कई जगहों पर सामान्य से अधिक रह सकता है। हवाओं की गति दोपहर में 25 किमी और शाम में 15 किमी रहने की संभावना है। दिल्ली में 27 अप्रैल को गर्मी से राहत मिलने की उम्मीद है क्योंकि इस दिन आंशिक रूप से बादल छाए रहने के साथ ही हल्की बारिश का पूर्वानुमान है। दिन के समय हवा की गति 30-40 किमी और न्यूनतम तापमान कई जगहों पर सामान्य से अधिक रहने के आसार हैं। दिल्ली के अधिकांश स्थानों पर अधिकतम तापमान सामान्य से अधिक रहने का अनुमान है। मौसम विभाग ने दिल्ली-एनसीआर, उत्तर पश्चिम और मध्य भारत में अगले 3 दिनों के दौरान लू चलने की चेतावनी दी है। इस सप्ताह पश्चिम बंगाल, सिक्किम समेत पूर्वोत्तर भारत में कुछ जगहों पर भारी वर्षा होने का अनुमान है। उत्तर-पश्चिमी भारत में 25-28 अप्रैल के बीच जम्मू-कश्मीर, लद्दाख गिलगित, मुजफ्फराबाद में हल्की से मध्यम वर्षा और बर्फबारी होने के आसार हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### मुख्यमंत्री धामी ने सुनी जनता की समस्याएं, त्वरित कार्रवाई के दिए निर्देश

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय स्थित मुख्य सेवक सदन में प्रदेशभर से आए नागरिकों की समस्याएं सुनी। इस दौरान उन्होंने आमजन से सीधे संवाद कर उनकी समस्याओं को गंभीरता से लिया तथा कई प्रकरणों का मौके पर ही समाधान किया। मुख्यमंत्री ने सड़क, पेयजल, स्वास्थ्य, शिक्षा एवं आर्थिक सहायता से संबंधित विभिन्न मामलों पर त्वरित कार्रवाई के निर्देश देते हुए अधिकारियों से कहा कि जनहित से जुड़े प्रकरणों का प्राथमिकता के आधार पर समयबद्ध एवं प्रभावी निस्तारण किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए कि समस्याओं के समाधान में अनावश्यक विलंब न हो एवं प्रत्येक प्रकरण की नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार का उद्देश्य शासन-प्रशासन को आमजन के प्रति संवेदनशील, जवाबदेह एवं पारदर्शी बनाना है, ताकि जनता को त्वरित राहत मिल सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि जनसुनवाई सरकार और जनता के बीच संवाद का सशक्त माध्यम है, जिससे न केवल समस्याओं का त्वरित समाधान होता है, बल्कि शासन की कार्यप्रणाली में भी निरंतर सुधार होता है। इस अवसर पर उत्तराखंड फिल्म टेलीविजन एंड रेडियो एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने राज्य में प्रभावी एवं दूरदर्शी फिल्म नीति लागू किए जाने पर मुख्यमंत्री को अभिनंदन पत्र सौंपते हुए उनका आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि नई फिल्म नीति से उत्तराखंड फिल्म निर्माण के क्षेत्र में एक प्रमुख गंतव्य के रूप में उभर रहा है, जिससे स्थानीय कलाकारों, तकनीशियनों एवं युवाओं को नए अवसर प्राप्त हो रहे हैं। जन जागरण अभियान समिति के तत्वाधान में विभिन्न विद्यालयों की छात्राओं ने राज्य सरकार द्वारा संचालित 15 उत्कृष्ट योजनाओं पर आधारित आकर्षक पोस्टर तैयार कर मुख्यमंत्री धामी के समक्ष प्रस्तुत किए। छात्राओं ने इन योजनाओं के माध्यम से समाज के विभिन्न वर्गों को मिल रहे लाभ के प्रति आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री ने छात्राओं के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की रचनात्मक गतिविधियां न केवल विद्यार्थियों में जागरूकता बढ़ाती हैं, बल्कि उन्हें समाज और शासन से जुड़े विषयों के प्रति संवेदनशील भी बनाती हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार शिक्षा, महिला सशक्तिकरण एवं युवा विकास के क्षेत्र में निरंतर कार्य कर रही है और भविष्य में भी जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से समाज के सभी वर्गों के उत्थान के लिए प्रतिबद्ध रहेगी।

### पुलिस ने मुख्यमंत्री आवास की ओर कूच कर रहीं पंजाब भाजपा महिला कार्यकर्ता हिरासत में लिया

**चंडीगढ़।** पंजाब में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की महिला कार्यकर्ताओं ने शनिवार को मुख्यमंत्री भगवंत मान के आवास की ओर मार्च करते हुए आम आदमी पार्टी (आप) के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान पुलिस ने कई नेताओं को हिरासत में ले लिया। तेज गर्मी के बावजूद सैकड़ों महिलाएं, पंजाब भाजपा के कार्यकारी अध्यक्ष अश्विनी शर्मा के नेतृत्व में, मुख्यमंत्री आवास की ओर कूच कर रही थीं। प्रदर्शनकारियों ने आप से 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम,'जिसमें संसद और विधानसभा में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने का प्रावधान है, का विरोध करने पर जवाब मांगा।

### पीएसईबीईए बिजली क्षेत्र में बढ़ते राजनीतिक दखल और प्रबंधन की कथित मनमानी कार्रवाइयों की कड़ी निंदा की

**पटियाला।** पंजाब राज बिजली बोर्ड इंजीनियर्स एसोसिएशन (पीएसईबीईए) की आम सभा की बैठक में पंजाब के बिजली क्षेत्र में बढ़ते राजनीतिक दखल और प्रबंधन की कथित मनमानी कार्रवाइयों की कड़ी निंदा की गयी। बैठक में बिजली क्षेत्र की स्थिरता, विश्वसनीयता और पेशेवर स्वायत्तता पर गंभीर चिंता जतायी गयी। एसोसिएशन के महासचिव अजयपाल सिंह अटवाल ने शनिवार को बताया कि बैठक में 800 से अधिक सेवारत इंजीनियरों ने भाग लिया, जिनमें पीएसपीसीएल, पीएसटीसीएल और भाखड़ा ब्यास मैनेजमेंट बोर्ड के मुख्य अभियंताओं से लेकर सहायक अभियंता तक शामिल थे।

### चंडीगढ़ में सेक्टर-36 के 14 पार्कों के चारों ओर पेवर ब्लॉक्स की मरम्मत शुरू

**चंडीगढ़।** केन्द्रशासित प्रदेश चंडीगढ़ के उपेक्षित पड़े वार्ड नंबर 24 में अब विकास कार्यों को गति देते हुए सेक्टर-36 के पार्कों के चारों ओर जर्जर पेवर ब्लॉक्स की मरम्मत का कार्य शुरू हो गया है। लंबे समय से उपेक्षित इस कार्य को प्राथमिकता देते हुए पार्षद जसबीर सिंह बंटी ने इसे शुरू करवाया, जिससे सेक्टर-36 ए, बी, सी और डी के हजारों निवासियों को लाभ मिलेगा। क्षेत्रवासियों ने पार्षद का आभार जताते हुए कहा कि वार्ड में विकास कार्यों की रफ्तार हाल के समय में काफी तेज हुई है।

### पंजाब में लॉरेंस बिश्नोई गैंग से जुड़ा आरोपी पिस्तौल समेत गिरफ्तार

**चंडीगढ़।** पंजाब पुलिस की एंटी-गैंगस्टर टास्क फोर्स (एजीटीएफ) ने एक बड़ी कार्रवाई में गैंगस्टर आरजू बिश्नोई के एक सहयोगी को गिरफ्तार किया है, जो लॉरेंस बिश्नोई गैंग से जुड़ा बताया जा रहा है। पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) गौरव यादव ने शनिवार को बताया कि आरोपी एक अंतरराज्यीय आपराधिक नेटवर्क का हिस्सा है और उसकी गिरफ्तारी से गैंग के नेटवर्क को बड़ा झटका लगा है। तलाशी के दौरान आरोपी के कब्जे से एक .32 बोर पिस्तौल और तीन कारतूस बरामद किए गए हैं।

### राजेंद्र ज्वेलर्स पर आयकर का शिकंजा दूसरे दिन भी कई ठिकानों पर छापेमारी जारी

**किशनगंज।** शहर के प्रमुख सोना व्यवसायी राजेंद्र ज्वेलर्स से जुड़े ठिकानों पर आयकर विभाग की छापेमारी दूसरे दिन भी जारी रही। विभाग की टीम ने बिहार के किशनगंज और पश्चिम बंगाल के कोलकाता के बहुबाजार इलाके में स्थित सोना-चांदी के कारखाने, रविंद्र सरणी स्थित शोरूम व कार्यालय सहित कई स्थानों पर एक साथ कार्रवाई की। छापेमारी के दौरान सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए स्थानीय पुलिस बल की तैनाती की गई है। आयकर विभाग को आशंका है कि संबंधित व्यवसाय के वित्तीय लेन-देन में बड़े पैमाने पर अनियमितता हुई है, जिसके आधार पर यह कार्रवाई की जा रही है। जांच टीम द्वारा वित्तीय वर्ष से जुड़े दस्तावेज, खाताबही, बिल, खरीद-बिक्री रजिस्टर, बैंक रिकॉर्ड और डिजिटल डाटा की गहन जांच की जा रही है। इसके अलावा कंप्यूटर हार्ड डिस्क व अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों को भी खंगाला जा रहा है, ताकि सोना खरीद-बिक्री से जुड़े लेन-देन का मिलान किया जा सके। छापेमारी की सूचना फैलते ही शहर में चर्चा का माहौल बन गया और संबंधित प्रतिष्ठानों के बाहर लोगों की भीड़ जुट गई।

## वैचारिक दिवालियापन का शिकार है आम आदमी पार्टी: बांसुरी स्वराज

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल के 95 लोधी स्टेट स्थित आवास को शीश महल-2 करार देते हुए आरोप लगाया कि इसकी साज-सज्जा का खर्च पंजाब के मंत्री उठा रहे हैं। भाजपा ने कहा कि केजरीवाल का यह आवास आम आदमी पार्टी के वैचारिक दिवालियापन को दर्शाता है। केजरीवाल सिर्फ स्वार्थ की राजनीति कर रहे हैं।

भाजपा सांसद बांसुरी स्वराज ने शनिवार को पार्टी मुख्यालय में पत्रकार वार्ता में कहा कि आम आदमी पार्टी का जब जन्म हुआ तो केजरीवाल राजनीति में एक विकल्प के रूप में उभरने का प्रयास कर रहे थे। उन्होंने दिल्ली की जनता से अलग-अलग तरह के वादे किए थे। अन्ना आंदोलन की उपज थे, लेकिन बाद में इन्होंने अन्ना के साथ ही धोखाधड़ी कर दी। इनके जितने भी संस्थापक थे, उनमें से आज एक भी इनके साथ नहीं हैं। इन्होंने अपने बहुत घनिष्ठ मित्रों के साथ ही विश्वासघात कर दिया। केजरीवाल और आम आदमी पार्टी का नेतृत्व हमेशा एक सामान्य व्यक्ति का व्यक्तित्व धारण करने का प्रयास करता है। लेकिन दिल्ली की जनता इनकी सच्चाई समझ गई। जनता के सामने इनकी नौटंकी चली नहीं। इसलिए दिल्ली के देवतुल्य मतदाताओं ने आम आदमी पार्टी और केजरीवाल को नकार कर भाजपा को बहुमत दिया। उन्होंने केजरीवाल से पूछा कि वे आम आदमी का आवरण धारण करते हैं लेकिन सच्चाई कुछ और है। भाजपा का सवाल ऐशो अराम में रहने से नहीं बल्कि एक झूठ का आवरण पहनने से है। मुद्दा विलासिता वाले आवास में रहने का नहीं बल्कि दोगली राजनीति की है। झूठ बोलने की है। उन्होंने कहा कि जब केजरीवाल चुनाव हार गए, तो वो जाकर पंजाब में रहने लगे और वहां पर उन्होंने सरकारी पैसे का दुरुपयोग किया, अपनी शान और ठाठ-बांट के लिए। अब जब वो न विधायक हैं और न ही मुख्यमंत्री, वो लुटियंस के सरकारी बंगले में रहे हैं। स्वराज ने कहा कि केजरीवाल वो नेता हैं, जिन्होंने दिल्ली की जनता से बड़े-बड़े वादे किए थे और कहा था कि वे न गाड़ी लेंगे और न बंगला लेंगे। ये क्षण तिलमिलाकर और बौखलाकर आम आदमी पार्टी की तरफ से विष वमन का नहीं, बल्कि ये आत्मचिंतन का क्षण होना चाहिए। जब एक संगठन का संगठन महामंत्री ही उसे छोड़कर आ जाए, तो वो संगठन बिखर रहा है, ये परिलक्षित हो जाता है। वैचारिक दिवालियापन दिख जाता है। उन्होंने कहा कि पिछले दिनों केजरीवाल और आम आदमी पार्टी के नेताओं ने पिछले दिनों हाई कोर्ट की एक महिला न्यायमूर्ति को लेकर गलत बयानबाजी की। आम आदमी पार्टी महिला विरोधी है। नारी वंदन अधिनियम संशोधन का विरोध किया। महिलाओं की भूमिका सिर्फ वोट देने तक रखना चाहती है। उनके सरकारी आवास में महिला सांसद के साथ मारपीट की गई। एक संगठन का संगठन महामंत्री भी पार्टी छोड़ कर जा चुके हैं। केजरीवाल के लिए आत्म मंथन का समय है।

## मन की बात कार्यक्रम को लेकर भाजपा की बैठक

कैनविज टाइम्स संवाददाता

भागलपुर। बिहपुर एनडीए कार्यालय में शनिवार को बिहपुर विस के भाजपा विधायक ई.शैलेंद्र की उपस्थिति और जिला उपाध्यक्ष प्रो.गौतम के संचालन में भाजपा की बैठक आयोजित हुई। जिसमें रविवार को प्रसारित होने वाले पीएम नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम के 133 संस्करण को बिहपुर विस में सफल बनाने की रूपरेखा तय की गई। जिसमें विधायक ने कहा कि बीते कई बार की तरह इस बार भी बिहपुर विस पीएम मोदी के मन की बात कार्यक्रम को सुनने में पूरे राज्य में नंबर वन बनेगा। जबकि मैं आज नारायणपुर प्रखंड के रायपुर बूथ नंबर चार पर ग्रामीणों और कार्यकर्ताओं संग पीएम के मन की बात कार्यक्रम को सुनुंगा। विधायक ने कहा कि रविवार को बिहपुर विस के सभी 316 बूथों पर पीएम के मन की बात कार्यक्रम को सुना जाएगा। इस बैठक में विस क्षेत्र के तीनों प्रखंडों के सभी छह मंडल अध्यक्ष और बूथ अध्यक्ष शामिल थे।

## जूट मिल जमीन में बड़ा खेल, अवैध सौदों की जांच शुरू, माफियाओं पर कसेगा शिकंजा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



किशनगंज। शहर से सटे टेउसा पंचायत के शिमलबाड़ी स्थित जूट मिल की जमीन की खरीद-बिक्री में सामने आई अनियमितताओं को लेकर प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। बहुचर्चित मामले में नए सिरे से जांच शुरू करने का आदेश दिया गया है, जिससे इलाके में हड़कंप मच गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार जूट मिल की जमीन पर अवैध तरीके से खरीद-बिक्री की गई है। रिपोर्ट में यह भी आशंका जताई गई है कि पूरे प्रकरण में संगठित रूप से भू-माफियाओं की संलिप्तता हो सकती है। जांच के दौरान यह भी सामने आया है कि जूट मिल परिसर में सरकारी राशि से निर्मित कई भवन गायब हैं। मौके पर केवल कुछ पिलर के अवशेष ही बचे हैं, जो सरकारी संपत्ति के दुरुपयोग और बड़े पैमाने पर गड़बड़ी की ओर इशारा कर रहे हैं। सबसे बड़ा सवाल यह उठ रहा है कि संबंधित विभाग से अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) लिए बिना जमीन की खरीद-बिक्री कैसे की गई। आशंका जताई जा रही है कि नियमों को दरकिनार कर बड़े स्तर पर फर्जीवाड़ा किया गया है। शनिवार को जिलाधिकारी विशाल राज ने कहा कि पूरे मामले की गहन जांच कराई जा रही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि जांच नए एंगल से की जा रही है और किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा। जांच के आधार पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार, जांच में जमीन से जुड़े सभी दस्तावेजों की बारीकी से पड़ताल की जाएगी। इसमें यह भी देखा जाएगा कि किन लोगों ने नियमों का उल्लंघन कर इस अवैध खरीद-बिक्री को अंजाम दिया। साथ ही संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों की भूमिका भी जांच के दायरे में होगी। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि निष्पक्ष जांच होती है तो कई बड़े नामों का खुलासा हो सकता है।

## पीएम मोदी के विचारों को हर बूथ तक पहुंचाना हमारा उद्देश्य: संजय सरावगी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पटना। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम इस महीने 26 अप्रैल को होने जा रहा है। इस कार्यक्रम को खास बनाने और जन-जन तक पहुंचाने के लिए प्रदेश भाजपा पूरी तरह तैयार है। इस कार्यक्रम को लेकर आज प्रदेश भाजपा कार्यालय में एक बैठक हुई जिसमें सभी मंडल के अध्यक्ष और मन की बात कार्यक्रम के संयोजक उपस्थित रहे। 26 अप्रैल को होने वाले 'मन की बात' कार्यक्रम के 133वें संस्करण की तैयारी के लिए वर्चुअल रूप से आयोजित इस बैठक में मंडल अध्यक्ष के अलावा भी कार्यक्रम के प्रदेश टीम के सदस्य भी शामिल हुए। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 'मन की बात' एक मासिक कार्यक्रम है, जिसमें वे देश के नागरिकों को संबोधित करते हैं। इस कार्यक्रम को सुनना और देखना हर कोई चाहता है। ऐसे में प्रदेश भाजपा ने 26 अप्रैल को आयोजित होने वाले मन की बात कार्यक्रम को हर बूथ पर सुने जाने की व्यवस्था की जा रही है, जिससे लोग प्रधानमंत्री के प्रेरक संबोधन को सुन सकें। उन्होंने कहा कि हमारा ध्येय जन-भागीदारी और संगठनात्मक मजबूती के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विचारों को हर बूथ तक पहुँचाना है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी अपने मन की बात में समाज के अंदर किसी भी क्षेत्र में बेहतर काम करने वालो को रेखांकित कर उसकी सराहना करते हैं और उसे देश के सामने लाते हैं। इस कारण यह और भी महत्वपूर्ण हो जाता है।

## हेमकुंड साहिब यात्रा 2026 : पर्यावरण संरक्षण और बेहतर व्यवस्था पर जोर

कैनविज टाइम्स संवाददाता



चमोली। श्री हेमकुंड साहिब-लोकपाल यात्रा को स्वच्छ, सुरक्षित और सुव्यवस्थित बनाने के लिए जिलाधिकारी गौरव कुमार की अध्यक्षता में विभिन्न विभागों और स्टेकहोल्डर्स के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में राष्ट्रीय हरित अधिकरण के मानकों के अनुसार व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया गया। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को हेमकुंड साहिब यात्रा मार्ग पर पेयजल, स्वच्छता और प्लास्टिक कचरे के निस्तारण की पुख्ता व्यवस्था करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने इको डेवलपमेंट कमेटी को खच्चरों के लीद और प्लास्टिक कचरे के उचित निपटान किये जाने की बात कही। कूड़ा या प्लास्टिक जलाने पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए गए। उन्होंने इको डेवलपमेंट कमेटी को सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट के लिए विस्तृत प्लान तैयार किये जाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने जिला पंचायत को यात्रा मार्ग पर क्या करें और क्या न करें से संबंधित पंपलेट और साइन बोर्ड लगाने के निर्देश दिए। वन विभाग को पर्यावरण संरक्षण के लिए जागरूकता अभियान चलाने को कहा गया। पशुपालन विभाग को घोड़े-खच्चरों के लिए स्वास्थ्य कैम्प , दवाइयां और नियमित जांच की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने जल संस्थान के अधिकारियों को श्रद्धालुओं और पशुओं के लिए पर्याप्त गर्म पेयजल उपलब्ध कराने हेतु वाटर एटीएम लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने घांघरिया में घोड़े-खच्चरों के लिए बड़े शेल्टर बनाने के लिए जिला पंचायत और वन विभाग को संयुक्त निरीक्षण कर जल्द कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए।इसके साथ ही यात्रा के दौरान साफ-सफाई, शौचालय व्यवस्था, पार्किंग और पर्यावरण के अनुकूल विकास कार्यों पर विशेष ध्यान देने को कहा गया। उल्लेखनीय है कि 23 मई 2026 को श्री हेमकुंड साहिब के कपाट श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए जाएंगे। जिला प्रशासन द्वारा यात्रा को सुगम, सुरक्षित और पर्यावरण के अनुकूल बनाने के लिए सभी तैयारियां तेजी से की जा रही हैं। इस दौरान अपर जिला अधिकारी विवेक प्रकाश, परियोजना निदेशक आनंद सिंह भकुनी, इको डेवलपमेंट कमेटी के अध्यक्ष प्रवेंद्र सिंह चौहान, जल संस्थान के अधिशासी अभियंता राहुल राय सहित संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## योग और संगीत चिकित्सा से होगा सर्वाइकल दर्द का निवारण

हरिद्वार। देवसंस्कृति विश्वविद्यालय के योग विज्ञान एवं मानव चेतना विभाग ने आधुनिक जीवनशैली में बढ़ते सर्वाइकल दर्द की समस्या के निवारण के लिए एक महत्वपूर्ण शोध पहल की है। योग एवं संगीत चिकित्सा के संयुक्त प्रभाव पर आधारित इस विशेष अध्ययन का शुभारंभ शांतिकुंज हरिद्वार स्थित शताब्दी चिकित्सालय में समारोह के साथ किया गया। यह शोध परियोजना वैश्विक स्तर पर चिकित्सा विज्ञान और प्राचीन भारतीय ज्ञान के संगम पर आधारित है। इसे देव संस्कृति विश्वविद्यालय द्वारा लिमिटलेस ब्रेन लैब, दुबई (युएई) के सयुक्त तत्त्वावधान में किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि इस अध्ययन में हार्वर्ड मेडिकल स्कूल के 'डिवीज़न ऑफ़ स्लिप मेडिसिन' की सहभागिता भी शामिल है, जो इसे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर वैज्ञानिक प्रामाणिकता प्रदान करती है। इसका शुभारम्भ शनिवार को शांतिकुंज महिला मंडल की प्रमुख शेफाली पंड्या के ने किया।

चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय   कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान   स्टेट हेड - संदीप मिश्रा
स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।
समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063